CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 14 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 364 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'प्रगति' पोर्टल से सुशासन को मिली नई गति, 97 फीसद मामलों का हुआ समाधान: योगी पेज 2



भारत की नजरें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने पर खेल टाइम्स



गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं सम्पादकीय



ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाया पेज 12

# भारत ने संभाली 10 देशों के समूह ब्रिक्स 2026 की कमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने 10 देशों के समूह 'ब्रिक्स' की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभालते हुए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट लॉन्च की।

इस वर्ष के अंत में भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कमल के आकार वाले लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता और इस लोगो के माध्यम से 'मानवता प्रथम और जन-केंद्रित दृष्टिकोण' को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत का प्रयास ब्रिक्स देशों की क्षमता को वैश्विक कल्याण के लिए एकजुट करना होगा। डा. जयशंकर ने कहा कि जब भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है, तो यह इस समूह की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर लेगा। इन वर्षों में यह समूह उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते सालों में ब्रिक्स ने बदलती वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपने एजेंडे और सदस्यता का विस्तार किया है। साथ ही आम जनता को केंद्र में रखने वाला विकास इस समूह की प्राथमिकता रहा है, जिससे बातचीत और व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है। डा. जयशंकर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण जटिल और परस्पर जुड़ी चुनौतियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक विषमताओं, जलवायु जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से घिरा है। ऐसे में ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है, जो अलग-अलग समय पर अलग-अलग देशों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संवाद, सहयोग और व्यावहारिक समाधनों को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने लोगो की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। इसकी पंखुड़ियों में सभी ब्रिक्स सदस्य देशों के झंडों के रंग शामिल हैं, जो विविधता में एकता और साझा उद्देश्य की भावना को दर्शाते हैं।




- विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लॉन्च किए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट
- 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष करेगा पूरे

# उत्तराखंड में झरना जमा यूपी में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बढ़ती सर्दी ०बर्फबारी के असर से मध्य प्रदेश, उप्र, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में तेज सर्दी जारी है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में तापमान लगातार दूसरे दिन -16 डिग्री सेल्सियस रहा। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में कोल्ड डे की स्थिति है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सर्दी से 2 लोगों की मौत हुई। मंगलवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बरेली का तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्दी के कारण 8वीं तक के स्कूल नोएडा में 15 जनवरी, झांसी में 14 और गोरखपुर-आगरा-बिजनौर में 13 जनवरी तक बंद रखे गए हैं। गाजियाबाद में 5वीं तक के स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे।

- राजस्थान में तापमान माइनस एक डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### 'जन नायकन' फिल्म पर रोक लगाना मोदी का तमिल संस्कृति पर हमला : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि तमिल फिल्म 'जन नायकन' पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगाया है और ऐसा कर उसने तमिल संस्कृति पर हमला किया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म पर रोक लगाकर पीएम मोदी ने तमिल संस्कृति पर हमला करने का काम किया है और तमिल लोगों की आवाज दबाने का प्रयास किया है, लेकिन वह इस प्रयास में कभी सफल नहीं होंगे।

### गुजरात हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका की खारिज

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात यूनिवर्सिटी डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में 'आप' प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने इस मामले में पार्टी नेता संजय सिंह से अलग ट्रायल चलाने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। जस्टिस एमआर मेंगदे ने मंगलवार को आदेश सुनाते हुए कहा कि यह याचिका खारिज की जाती है। हालांकि, कोर्ट के आदेश की पूरी प्रति आना बाकी है।

### NIA को सौंपा गया 'बांग्लादेशी घुसपैठ साजिश' मामला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को कथित तौर पर सुविधाएं देने का मामला दिल्ली पुलिस से लेकर एनआईए के हवाले कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई कम से कम दो बड़ी साजिशों वाली प्राथमिकियों में से एक प्राथमिकी से संबंद्ध यह कार्रवाई इन कथित नेटवर्क को निशाना बनाने वाले अभियान का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बागेश्वर में लगे भूकंप के झटके

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार मंगलवार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गई है। इसकी गहराई 10 किमी पर रही, जबकि भूकंप का केंद्र बागेश्वर रहा है। भूकंप से जनपद में फिलहाल जान माल के नुक़सान की कोई सूचना नहीं है।

# कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा होगा तय: SC

## अदालत की दो टूक: जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।

कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी, अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रही है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इस पर आंखें मूंद लें। इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी। जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा कि क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं और अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार की सुनवाई खत्म कर दी। अब 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से अगली सुनवाई होगी। एक अन्य महिला वकील ने अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा कि जब रेलवे स्टेशन पर एक छोटी बच्ची के बगल में कोई आवारा कुत्ता सो रहा होता है, तो उसके साथ रेप नहीं होगा। एक महिला होने के नाते, मुझे दिल्ली में उन कुत्तों के साथ चलने में सुरक्षित महसूस होता है। अगर मुझ पर कोई हमला करेगा, तो वे भौंकेंगे। वकील ने आगे कहा कि जब किसी शेल्टर होम में कोई कुत्ता बीमार पड़ जाता है, तो उनमें से जो वायरस पैदा होते हैं, उन पर दवाओं का असर नहीं होगा। मुझे बुरा लगता है जब आरडब्ल्यूए कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने के लिए और अधिक फंड की मांग करते हैं। सबसे पहले बच्चों को सड़कों से हटाना होगा, कुत्तों को नहीं। बच्चों को शेल्टर होम की ज्यादा जरूरत है। वकील ने कहा कि मैं एक 80 -शेष पृष्ठ दो पर



- बेंच ने कहा: उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते, कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज संभव नहीं है

## भ्रष्टाचार कानून पर बंटे सुप्रीम कोर्ट के जज, CJI के पास भेजा गया मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच से पहले परमिशन लेने की अनिवार्यता पर सुनवाई हुई।

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने इस पर स्प्लिट वर्डिक्ट (बंटा हुआ फैसला) सुनाया। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीएक्ट) की धारा 17ए की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। इसमें किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच करने से पहले सरकार की परमिशन लेना जरूरी है। इसी को लेकर विवाद है। सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि धारा 17ए असंवैधानिक है। किसी भी जांच के लिए पहले परमिशन लेना जरूरी नहीं। वहीं, जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है। इस प्रावधान को खत्म करने मतलब 'नहाने के पानी के साथ बच्चे को फेंकने' -शेष पृष्ठ दो पर

- जस्टिस नागरत्ना बोलीं: धारा 17ए असंवैधानिक
- जस्टिस विश्वनाथन बोले: प्रावधान खत्म करना नहाने के पानी के साथ बच्चा फेंकने जैसा

# पाकिस्तान बॉर्डर पर आठ आतंकी कैंप एक्टिव: आर्मी चीफ

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा के पार अभी भी आठ से 10 आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जम्मू-कश्मीर के भीतरी इलाकों में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं, लेकिन आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में अभी भी आतंकवादियों के आठ से 10 शिविर सक्रिय हैं, जिनमें से छह नियंत्रण रेखा के पार और दो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में हुर्रियत पूरी तरह सक्रिय है और इन आतंकवादियों को बढ़ावा तथा समर्थन दे रहा है। इन्हें पाकिस्तान की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। सेना को उनकी गतिविधियों की जानकारी है और अगर किसी तरह की हरकत की जाती है, तो इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के हिटरलैंड में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी पहले से ही अलग-अलग जगह पर छिपे हुए हैं और पिछले काफी समय से कोई नई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है और किसी भी आतंकवादी हरकत का सेना करारा जवाब देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है, लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।



- शिविरों में करीब 150 आतंकी सक्रिय, ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है
- किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जाएगा: सेना प्रमुख

## चौथे दिन तीनों सेनाओं की गतिविधियों की भनक लगते ही पाक ने घुटने टेक दिए

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मध्यस्थता और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों और दावों के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि इस अभियान के दौरान दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाकिस्तान की समझ में आ गया कि अब युद्ध को रोकने का समय आ गया है। सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए भी तैयार थी और पाकिस्तान को इसकी भनक भी लग गई थी।

सेना प्रमुख ने मंगलवार को 78 वें सेना दिवस से पहले यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि इस ऑपरेशन में दो निर्णायक मोड़ थे। पहला निर्णायक मोड़ सात मई की रात का 22 मिनट का हमला था जो सेना ने आतंकवादी ठिकानों पर किया। इस हमले से पाकिस्तान की निर्णय लेने की व्यवस्था हिल गई और अफरा-तफरी मचने से उन्हें यह समझने में समय लगा कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरा निर्णायक मोड़ 10 मई की सुबह उस समय आया जब शीर्ष स्तर से तीनों सेनाओं को कुछ निर्देश दिए गए थे कि यदि यह युद्ध और बढ़ता है, तो क्या होगा। उन्होंने कहा जिन्हें (पाकिस्तान) यह समझना था, उन्होंने इसे समझ लिया। उन्हें (पाकिस्तान को) उपग्रहों के माध्यम से इस बारे में पूरी जानकारी मिल रही थी कि कौन सा युद्धपोत, कौन सा हमला या रणनीतिक मोड़, कौन सी मुख्य इकाई या कौन सा विमान कब और कहां जा रहा है।

# शीर्ष अदालत ने अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर की सुनवाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने मंगलवार को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोटों के दोषी अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसके इस दावे पर स्पष्टीकरण मांगा कि उसने पहले ही 25 साल की जेल की सजा पूरी कर ली है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सलेम से उसकी जेल की सजा के हिसाब को सही ठहराने को कहा और उसे महाराष्ट्र राज्य के संबंधित नियम रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आतंकी और विघटनकारी गतिविधियां अधिनियम (टाडा) के तहत सजा पाए दोषी को छूट दी जा सकती है या नहीं। पीठ ने इस दावे पर सलेम के वकील से पूछा कि आप 2005 से 25 साल की सजा की गणना कैसे करते हैं, जब यह बताया गया कि सलेम ने पुर्तगाल से अपने प्रत्यर्पण के दौरान दिए गए भरोसे के अनुसार जेल की ज्यादा से ज्यादा सजा पूरी कर ली थी। अबू सलेम को 11 नवम्बर, 2005 को पुर्तगाल से एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद प्रत्यर्पित किया गया था। यह तब हुआ जब भारत ने पुर्तगाली अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि पुर्तगाल के घरेलू कानून और अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के मुताबिक उसे न तो मौत की सजा दी जाएगी और न ही 25 साल से ज्यादा जेल में रखा जाएगा। इसके बाद जून 2017 में सलेम को 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में एक स्पेशल टाडा अदालत ने उसे दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। इससे पहले सलेम ने प्रत्यर्पण के भरोसे के तहत समय से पहले रिहाई के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया था कि साथ ही यह भी साफ किया था कि उसने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के मुताबिक उच्चतम न्यायालय द्वारा तय 25 साल की सजा पूरी नहीं की है।



# चीन सीमा पर स्थिति स्थिर, सतर्कता जरूरी: जनरल द्विवेदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा है कि उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों के निर्देश के आधार पर लिया जाएगा।

उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन के निर्माण पर विरोध जताते हुए कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच 1963 के समझौते को भारत ने कभी नहीं माना और यह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की ओर से परस्पर विश्वास बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जाने से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि उत्तरी मोर्चे पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है। शीर्ष स्तर की बातचीत, संपर्क बढ़ने और विश्वास बढ़ाने के उपायों से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। इसके परिणामस्वरूप उत्तरी सीमाओं से लगते क्षेत्रों में पशुओं के चराने, हाइड्रोथेरेपी शिविरों और अन्य गतिविधियों को भी संभव बनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर निरंतर बातचीत से वास्तविक नियंत्रण रेखा सैनिकों की तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। साथ ही संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के तहत क्षमता विकास और अवसंरचना कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि दोनों पक्ष धीरे-धीरे अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में बनी समझ और उससे पहले दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में मुलाकात, इसके बाद तियानजिन बैठक और विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठकें भी होती रहीं। इसके अलावा हमारे रक्षा मंत्री ने उनके रक्षा मंत्री से दो बार मुलाकात की है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की भी बात हुई है। इन सबका परिणाम यह हुआ है कि दोनों पक्षों में सीमाओं को यथासंभव शांत और स्थिर बनाए रखने को लेकर एक तरह की तात्कालिकता और स्वीकार्यता बनी है और यह भी समझ बनी है कि इसे कैसे किया जाए। इस दिशा में सबसे पहले बातचीत के स्तर को बढ़ाया गया है। दोनों सेनाओं के बीच छोटे से लेकर बड़े स्तर पर बातचीत होती है और यह कोशिश की जाती है कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाए। शक्सगाम घाटी में चीन की निर्माण गतिविधियों पर जनरल द्विवेदी ने भारत और पाकिस्तान दोनों को स्पष्ट संदेश दिया कि यह भारत का हिस्सा है और भारत पाकिस्तान तथा चीन के बीच के समझौते को अवैध मानता है। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि यह भारत का अभिन्न क्षेत्र है।

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन का निर्माण कार्य अवैध: सेना प्रमुख

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू ने फसल उत्सवों पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फसलों के उत्सव लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के मौकों पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ए त्योहार भारत की समृद्ध कृषि विरासत और राष्ट्रीय एकता की भावना के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, ष्मैं लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के शुभ अवसर पर भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई देती हूं।

### शुभेंदु हमला मामले में सीबीआई जांच की मांग मंजूर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और पश्चिमी मिदनापुर जिले में उनके काफिले पर हुए कथित हमले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने इस मामले की जांच की स्वीकृति दी है। सप्ताह के अंत में सुनवाई हो सकती है।

### ताजमहल में शाहजहां का 371 वां उर्स 15 जनवरी से

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताज. महल पर मुगल बादशाह शाहज. हां का 371 वां उर्स 15 से 17 जनवरी के बीच मनाया जाएगा। उर्स के लिए 1720 मीटर लंबी चादर तैयार की गई है, जिसे उर्स के आखिरी दिन 17 जनवरी को शाहजहां की कब्र पर चढ़ाया जाएगा। इस चादर को बनाने में करीब एक महीने का वक्त लगा है। इस चादर को बनाने के लिए आम लोग अपनी मर्जी से रेशमी कपड़ा देते हैं। उर्स कमेटी के लोग जिनमें सभी धर्मो के लोग शामिल हैं वो लोग चादर को तैयार करते हैं।

# शक्सगाम घाटी पर चीन के दावे का जवाब दें मोदी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चीन लगातार भारत की सीमाओं को अपना बताकर वहां ढांचागत बुनियादी सुविधा विक. सित करने को सही बता रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका करारा जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा है कि चीन अब जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना हिस्सा बता रहा है। उसके विदेश मंत्रालय ने इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचा के विकास को सही ठहराया है। पार्टी ने श्री मोदी से सवाल किया है इस बारे में वह चुप क्यों हैं। उनको इसका जवाब देना चाहिए। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर मंगलवार को लिखा कि मोदी सरकार की विदेश नीति वेंटिलेटर पर पड़ी है। अब चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया है। चीन के विद. ेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा- शक्सगाम घाटी चीन का इलाका है, यहां बुनियादी ढांचा बनाना गलत नहीं है।

### खड़गे-राहुल ने दी लोहड़ी की बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोहड़ी के अवसर पर देशवासियों को मंगलवार को बधाई दी और सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। श्री गांधी ने कहा कि आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाईयां।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को मिल रहा व्यापक समर्थन

## लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए आज कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि ऐतिहा. सिक मनरेगा के स्थान पर 'वीबी-जी राम जी' कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की। देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है। कर्नाटक कांग्रेस ने भी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत प्रदर्शन किया और सोशल मीडिया एक्स पर बताया ष्आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में और उपमुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने ग्रामीण श्रमिकों की जीवन रेखा-मनरेगा पर मोदी सरकार के हमले के खिलाफ देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक मजबूत विरोध प्रदर्शन किया। हम काम के अधिकार और प्रत्येक श्रमिक के सम्मान की रक्षा के लिए लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मनरेगा बचाओ संग्राम को देशव्यापी अभियान बताते हुए सबसे इसमें शामिल होने का आग्रह करते हुए लिखा कि मनरेगा बचाओ संग्राम' देश के 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। भारत के करोड़ों लोगों की जीवनरेखा बन चुकी मनरेगा योजना पर सरकार ने बुलडोज़र चला दिया है।

इसी के खिलाफ यह देशव्यापी संघर्ष काम के अधिकार, मज़दूरी के अधिकार और जवाबदेही के संवैधानिक अधिकार की बहाली के लिए है। आप भी इस आंदोलन से जुड़िए। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर मनरेगा से जुड़ने का आग्रह करते हुए एक बैनर भी पोस्ट किया, जिसमें लिखा है ष्ग्रामीण भारत में लाखों भारतीयों के 'संवैधानिक काम के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष। मनरेगा की मूल भावना और दृष्टि को बचाने के इस आंदोलन में हमारे साथ जुड़िए। इस मुहिम से जुड़ें और 987301060 पर मिस्ड कॉल करें और दूसरों को भी जागरूक करे।

# उप्र बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन:योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**द इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं: मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि नए भारत की नई कार्यसंस्कृति का सशक्त प्रतीक है।

इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं, जिसके कारण उत्तर प्रदेश आज देश का प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। मंगलवार को आयोजित विशेष प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति उस प्रशासनिक मॉडल को दर्शाता है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी थी और वर्ष 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिली। यह प्लेटफॉर्म आज डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को सुदृढ़ करते हुए अंतर-मंत्रालयीय और अंतर-विभागीय समन्वय का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रगति ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नीयत स्पष्ट हो, तकनीक का प्रभावी उपयोग हो और जवाबदेही तय हो, तो परिणाम स्वत: सामने आते हैं। यह केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि व्यापक गवर्नेंस रिफॉर्म है, जिसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में आगे बढ़ाया है। इससे निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है तथा केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। योगी ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' द्धस्टेट वाइड अटेंशन ऑन ग्रीवांसेज बाई एप्लिकेशन ऑफ टेक्नोलॉजीऋ के रूप में शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। यही मॉडल आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर 'प्रगति' के रूप में विक. सित हुआ और मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, सामाजिक योजनाओं तथा सिस्टम रिफॉर्म के क्षेत्र में टीम इंडिया अप्रोच को मजबूती मिली।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके माध्यम से 86 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा 377 प्रमुख परियोजनाओं की प्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है, जबकि कुल 3162 मुद्दों में से 2958 का समाधान किया जा चुका है, जो शासन की विश्वसनीयता और कार्यकुशलता को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ है। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं, व्यापक एयर कनेक्टिविटी, देश की पहली रैपिड रेल, अंतर्देशीय जलमार्ग और रोपवे जैसी परियोजनाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ी हैं। इन सभी परियोजनाओं के पीछे निरंतर समीक्षा और समस्या-समाधान का सशक्त मंच प्रगति रहा है।

### सीएम ने लोहड़ी पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाताओं के परिश्रम को समर्पित पावन पर्व लोहड़ी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी का पर्व परिश्रम, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग लेकर आए तथा समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूत करे। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्व को हर्षोल्लास, शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। गौरतलब है कि लोहड़ी मूल रूप से सूर्य, अग्नि और प्रकृति की आराधना का पर्व है। अग्नि को साक्षी मानकर लोग पुरानी नकारात्मकताओं को त्यागते हैं और नई शुरुआत का संकल्प लेते हैं। यह पर्व सिखाता है कि जीवन में गर्माहट रिश्तों से आती है।

# कफ सिरप मामले के मास्टर माइंड का भाई सींखचों के पीछे

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 75 हजार रुपये के इनामी मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के मौसेरे भाई आदित्य जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आदित्य जायसवाल की सप्तसागर मंडी में 'स्वस्तिक फार्मा' नाम से फर्म है। शुभम जायसवाल को लाभ पहुंचाने की नियत से आदित्य जायसवाल द्वारा 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म में नगदी जमा करने का काम किया जाता था। पुलिस के अनुसार, स्वस्तिक फार्मा फर्म के प्रोप्राइटर आदित्य जायसवाल द्वारा पालीकोठी स्थित एक बैंक की शाखा में एक करोड़ रुपये नगद जमा किए गए थे। बैंक में पैसा जमा करते समय एक स्लिप पर आदित्य जायसवाल द्वारा अपना नाम और नंबर लिखा गया था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि वह करीब सात-आठ वर्षों से यह फर्म चला रहा है। करीब दो वर्ष पहले शुभम जायसवाल द्वारा षड्यंत्र के तहत फर्जी टैक्स, इनवॉइस और ई-बिल बनाने के लिए कई फर्मों को खोली गई थी। इसी योजना के तहत 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म खोली गई, जिसमें नगदी रुपये आदित्य जायसवाल द्वारा जमा किए जाते रहे। आदित्य जायसवाल धीरे-धीरे शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद के काले कारोबार से जुड़ गया और रिश्तेदार से राजदार बन गया। आदित्य ने पूछताछ में यह भी बताया कि कई लोग इस नेटवर्क से जुड़े हैं, जो नगदी को फर्मों और बैंकों में जमा करने का काम शुभम जायसवाल के लिए करते रहे हैं।



**सेंसेक्स** 83627.69
**निफ्टी** 25732.30



**सोना रु.** 145000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 271000
प्रति किलो



# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता

**मुंबई।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई का संसेक्स 250.48 अंक द्ध0.30 फीसदीऋ टूटकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत गिरकर 25,732.30 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, फार्मा, तेल एवं गैस, ऑटो और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे।

आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट और एलएंडटी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर भी लगभग दो फीसदी टूटे। मारुति सुजुकी, आईटीसी, अडानी पोर्ट्स और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इटरनल का शेयर सवा तीन फीसदी की बढ़त में बंद हुआ। टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टीसीएस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की तेजी रही।



**आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए**

### ईरान के साथ मात्र 168 करोड़ डॉलर है भारत का द्विपक्षीय व्यापार

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार महज 168.30 करोड़ डॉलर है, और इसमें व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ईरान को 124.12 करोड़ डॉलर का निर्यात किया। यह भारत के कुल निर्यात का 0.14 प्रतिशत है। दूसरी तरफ ईरान से भारत का आयात 44.18 करोड़ डॉलर रहा जो देश के कुल आयात का महज 0.06 प्रतिशत है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार के स्तर में पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट आ रही है। पिछले चार वित्त वर्षों में से तीन में व्यापार घटा है। इसमें 2023.24 में 20.75 प्रतिशत और 2024.25 में 8.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले, 2020.21 में भी यह 9.10 फीसदी घटा था जबकि 2022.23 में 21.77 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। पिछले साल जहां ईरान से आयात में 29.32 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़े। चावल के साथ जहां गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। वहीं, दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये बढ़कर 3,863 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,864 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा। आटे की कीमत भी पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल औसतन नौ रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं, मसूर दाल के दाम 42 रुपये और मूंग दाल के 35 रुपये बढ़ गए। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा



मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 27 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,063 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 50.47 डॉलर के भाव बोला गया। सरसों तेल की औसत कीमत 97 रुपये क्विटंल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 59 रुपये और पाम ऑयल में 39 रुपये की तेजी रही। वनस्पति 37 रुपये और मूंगफली तेल 15 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन : दाल चना 7794.80 रुपये, मसूर काली 8153.88 रुपये, मूंग दाल 10113.35 रुपये, उड़द दाल 10417.34 रुपये, तुअर दाल 10616. 70 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज : (भाव प्रति क्विटंल ) गेहूं दड़ा 2863.69 रुपये और चावल 3863.55 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3309.42 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4302.79 रुपये और गुड़ 5009.09 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17685.67 रुपये, मूंगफली तेल 17912.81 रुपये, सूरजमुखी तेल 15946.03 रुपये, सोया तेल 13793. 57 रुपये, पाम ऑयल 12499.89 और वनस्पति 14511.98 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

# यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री दिसम्बर में 26-8 प्रतिशत बढ़कर 3,99,216 इकाई पर पहुंच गई। यात्री वाहनों में कारें, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर द्धजीएसटीऋ में नई पीढ़ी के सुधारों और रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दरों में कटौती से ऋण पर ब्याज कम होने के कारण अक्टूबर-दिसम्बर की पूरी तिमाही में मांग मजबूत बनी रहने से तिमाही और सालाना बिक्री का भी नया रिकॉर्ड बना है।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में दुपहिया वाहनों की बिक्री 39.4 फीसदी बढ़कर 15,41,036 इकाई दर्ज की गई।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कुत्ते के...**साल की महिला का प्रतिनिधित्व कर रही हूं, जो सड़क पर रहती है। वह 200 कुत्तों की देखभाल करती है। दिल्ली में उन्हें डॉग अम्मा के नाम से जाना जाता है। कुत्तों गोद लेने की पॉलिसी पर विचार किया जाना चाहिए। एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जा सकता है। यहां कई वकील हैं, जिनके घर में 8-10 देसी कुत्ते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है। जस्टिस मेहता ने कहा कि आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें।

**भ्रष्टाचार कानून...**जैसा होगा। जस्टिस विश्वनाथन ने यह भी कहा कि इस प्रावधान को खत्म करनाऔर इसका इलाज बीमारी से भी ज्यादा नुकसानदेह साबित होगा। बशर्ते जांच की मंजूरी लोकपाल या राज्य लोकायुक्त के जरिये तय की जाए। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की अलग-अलग राय के चलते अब मामला सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चीफ जस्टिस इस मुद्दे पर सुनवाई के लिए बड़ी बेंच गठित करेंगे, जो अंतिम फैसला देगी। दरअसल एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) एनजीओ ने जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट ने दलील दी कि यह प्रावधान भ्रष्टाचार विरोधी कानून को कमजोर करता है, क्योंकि सरकार से अक्सर जांच की मंजूरी नहीं मिलती। वहीं केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने पक्ष रखा था।

# सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स पर नियंत्रण की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए उनके लिए सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स की अनुचित प्रतिस्पर्धा सुरक्षा की मांग की। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सीट से लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल मंगलवार को बताया कि कैट ने वित्त मंत्री के समक्ष ऐसे सुझाव रखे हैं, जो व्यापार के लिए सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समता से परिपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कारोबार की आसानी, लोकल के लिए वोकल, वैश्विक बाजार के लिए लोकल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों से देश के व्यापारिक वातावरण को नई दिशा दी है। अब आगामी बजट में इन पहलों को और मजबूत करने की जरूरत है। कैट ने छोटे व्यापारियों के लिए सिंगल विंडो अनुपालन तंत्र, अनावश्यक नोटिस और निरीक्षण पर रोक तथा व्यापारिक कानूनों से आपराधिक प्रकृति को हटाने में तीव्रता की मांग की है। उसने कहा है कि प्रत्येक जिले में अधिकारियों और व्यापारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है जिससे व्यापारिक समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो सके। श्री खंडेलवाल ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स में भारी छूट, बाजार पर कब्जा करने के उद्देश्य से बेहद कम मूल्य निर्धारण और विदेशी फंडिंग से होने वाली अनुचित प्रतिस्पर्धा पर तत्काल नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया ताकि छोटे खुदरा व्यापारियों के हित सुरक्षित रह सकें। कैट ने ईमानदार करदाता को प्रोत्साहन देने के लिए करदाता रेटिंग प्रणाली, कम छानबीन, रिफंड में तेजी और सस्ते ऋण की सुविधा देने की भी मांग की है। भाजपा सांसद ने कहा कि व्यापारिक समुदाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में यदि व्यापारियों को सम्मान, सुरक्षा, सरलता और समान अवसर मिलते हैं, तो भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत 2047 बनने से कोई नहीं रोक सकता।




**खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ ने वित्त मंत्री के सामने रखे सुझाव**

### एक किलो चांदी 2.71 लाख के पार, 10 ग्राम सोना 1.45 लाख पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में 6,000 रुपये का जोरदार उछाल देखा गया। चांदी 2,71,000 प्रति किलोग्राम के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई है। इसी तरह, सोने ने भी अपनी चमक बढ़ाते हुए 1,45,000 प्रति 10 ग्राम का नया ऐतिहा. सिक स्तर छू लिया है। चांदी की कीमतों में आई यह तेजी बाजार में स्टसकहोल्डर्स की निरंतर लिवाली का परिणाम है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी में पिछले तीन कारोबारी सत्रें से लगातार बढ़त जारी है। पहले सोमवार को चांदी 15,000 रुपये की छलांग लगाकर 2,65,000 पर पहुंची थी।

# रेस्टोरेंट कर्मचारी की डूबने से मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

■ 12 जनवरी की शाम छह बजे से हुआ था लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के बाईपास स्थित एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी की पीछे बने गहरे गड्ढे में शव मिलने से सनसनी फैल गई है। कर्मचारी गत दिवस शाम छह बजे अचानक लापता हुआ था और तभी से उसकी तलाश चल रही थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले की छानबीन की बात कही है और परिवार में कोहराम मचा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अनुराग पुत्र अनिल कुमारए उम्र लगभग 31 वर्ष के रूप में हुई है। वह मीरापुर बाईपास स्थित एक



रेस्टोरेंट में पार्किंग कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि अनुराग को केवल तीन दिन पूर्व ही नौकरी पर रखा गया था। 12 जनवरी की शाम लगभग छह बजे वह अचानक रेस्टोरेंट परिसर से गायब हो गया। काफी देर तक उसका कोई पता नहीं चलने पर कर्मचारियों ने उसकी तलाश शुरू कीए तभी रेस्टोरेंट के पीछे बने गहरे पानी के गड्ढे में वह पडा हुआ दिखाई दिया। कर्मचारियों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मृतक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में गंगा बैराज पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अनुराग अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था जिस कारण उसके परिजन गहरे सदमे में है तथा उनका रो रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अनुराग की मृत्यु डूबने से हुई है और उसके शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। इस मामले में परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# कांवड़ मार्ग पर बाईक का संतुलन बिगड़ने से दो घायल

■ गंगनहर कांवड़ मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गंगनहर कांवड मार्ग पर तेज गति से दौड रही बाईक का संतुलन बिगडने से बाईक सवार घायल हो गए। दोनो घायल को सरकारी एंबुलेंस से भोपा स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया जहा से जिला चिकित्सालय रैफर कर दिये। इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें कई घटनाओं में तो लोगों की जाने भी चली गई। घटनाओं के पीछे वाहनों की तेज गति या फिर अचानक हादसे हो रहे है। बात कुछ भी हो लेकिन दुर्घटनाए लगातार सामने आ रही है।

मंगलवार शाम के समय भोपा क्षेत्र के रहमतपुर निवासी कबीर पुत्र टिटू अनमोल पुत्र महकसिह अपने गांव से बाईक पर सवार होकर भोपा किसी कार्य से जा रहे थे जैसे ही बाईक सवार गंगनहर कांवड मार्ग पर बेलडा से आगे राजमहल बैक्ट हाल के पास पहुचे तो ग्रामीणो अनुसार बाईक की रफ्तार काफी तेज थी आगे चल रहे ट्रक से आगे निकालने के चक्कर मे बाईक का संतुलन बिगड गया ओर बाईक सड़क पर घिसडती हुई गिर गई जहां दोनो बाईक सवार घायल हो गये ग्रामीणो इसकी सुचना सरकारी एंबुलेंस 108 पर दी कुछ देर बाद मौके पर पहुची एंबुलेंस से दोनो घायल को भोपा स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया।

बता दे कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिसमें कई लोगों की जाने भी जा चुकी है और मंगलवार को भी एक हादसा हो गया।

# लापरवाही: निजी अस्पताल में जिन्दा बच्ची को किया मृत घोषित

■ परिवार में खुशी, लोगों में डॉक्टर के प्रति आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र से एक चौंकाने वाली और भावनाओं को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। एक निजी अस्पताल द्वारा मृत घोषित की गई मासूम बच्ची ने घर पहुंचते ही फिर से सांस लेना शुरू कर दिया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने जहां शोक में डूबे परिवार को खुशी के आंसुओं से भर दिया, वहीं संबंधित अस्पताल की चिकित्सकीय प्रक्रिया और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पमनावली गांव निवासी बच्ची की अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए खतौली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार, अस्पताल में घंटों तक इलाज चलता रहा, लेकिन बाद में चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और घर में मातम छा गया। परिजन बच्ची के शव को घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच अचानक बच्ची के शरीर में हरकत हुई और उसकी सांसें चलने लगीं। यह दृश्य देखकर परिवार के लोग अवाक रह गए। कुछ ही पलों में शोक का माहौल आश्चर्य और खुशी में बदल गया। परिजनों ने इसे ईश्वर की कृपा बताते हुए आसपास के लोगों में मिठाइयां बांटीं। फिलहाल बच्ची का इलाज घर पर ही चल रहा है और परिजनों के अनुसार उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उधर, इस घटना ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और चिकित्सकीय लापरवाही को लेकर नई बहस छेड़ दी है। बिना पूरी चिकित्सकीय पुष्टि के किसी को मृत घोषित करना गंभीर लापरवाही मानी जा रही है।

घटना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और निजी अस्पतालों की जवाबदेही को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बता दे कि जनपद में बिनी डिग्री और फर्जी डिग्री के अस्पतालों की भ्रमार हो गई है और ऐसे अस्पतालों में आए दिन लोगों की मौत की घटनाएं भी हो रही है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग चुप्पी सादे हुए है।

# लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार गोयल के निधन से छाई शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पूर्व में लेखपाल संघ के अध्यक्ष रहे प्रसिद्ध लेखपाल शिवकुमार गोयल का मंगलवार की सुबह निधन हो गया उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। शुक्रताल शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुजफ्फरनगर में अंकित विहार निवासी 74 वर्षीय शिवकुमार गोयल का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। शिवकुमार गोयल पूर्व में लेखपाल संघ के अध्यक्ष रहे हैं। तथा भोकरहेड़ी परगना के गंगा खादर क्षेत्र में 35 वर्ष लेखपाल रहे। भोकरहेड़ी शुक्रताल मजलिसपुर तौफीर आदि क्षेत्र में उन्होंने बहुत लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी उनको सरल स्वभाव मिलनसार सामाज सेवक के रूप में जाना जाता है। वह 2013 में सेवानिवृत हो गए थे उनके पिता ईश्वर दयाल गोयल भी



लेखपाल रहे हैं वह सब मुजफ्फरनगर की सदर तहसील में राजस्व निरीक्षक के पद पर भी तैनात रहे। शुक्रताल श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया उनके इकलौते पुत्र एडवोकेट राहुल गोयल ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। क्षेत्र के व्यक्तियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



**मुजफ्फरनगर: अपने समर्थकों को समझाते नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद।**



**मुजफ्फरनगर: पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर पीड़ित परिवार से मिलते सांसद।**

# नगीना सांसद सोनू कश्यप के परिजनों से मिले

## पुलिस बल ने भोपा पुल पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर रोक दिया था काफिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ के गांव ज्वालागढ़ में हुई सोनू हत्याकांड का मामला चारो ओर गूंज रहा है। सोनू कश्यप की कथित रूप से जिन्दा जलाकर हत्या कर दी गई थी आज पीड़ित परिवार से मिलने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव नगीना से सांसद चन्द्रशेखर आजाद को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया। सिविल लाइन क्षेत्र में अधिकारी और भारी पुलिस बल ने पेट्रोल पंप के निकट ट्रेक्टर-ट्रॉली बीच रास्ते में रोककर पूरे काफिले को रोक दिया। इस दौरान यहां अफरा-तफरी का माहौल रहा।

जनपद मेरठ के ज्वालागढ़ गांव में सोनू कश्यप की जिन्दा जलाकर हत्या कर दिए जाने का कथित रूप से मामला सामने आया था इस घटना के बाद से लगातार धरना प्रदर्शन हो रहे है गत दिवस जनपद मुजफ्फरनगर की कलेक्ट्रेट में पीड़ित परिवार और कश्यप समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन कर इस जगन्य कांड को अंजाम देने वाले लोगों को फांसी देने की मांग करते हुए यह भी माग उठाई थी कि पीडित परिवार को मुआवजा दिया जाए इसी के चलते सांसद चन्द्रशेखर आजाद पीडित परिवार से मिलने मुजफ्फरनगर पहुंचे। जब यह खबर लगी तो अधिकारियों के आदेश के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। यहां पर सीओ सिटी सिद्धार्थ मिश्रा, सीओ मंडी राजू कुमार साव, सीओ जानसठ रूपाली राव और सिविल लाइन थाना इंचार्ज आशुतोष कुमार को भी मौके पर भेजा गया। इसके अलावा भी यहां कई अधिकारी भी तैनात किए गए। बातचीत के बाद यह निष्कर्ष निकला कि पीडित परिवार से बातचीत पीडब्ल्यूडी गैस्ट हाउस में कराई जाएगी। इसके बाद सांसद अपने समर्थकों के साथ मेरठ रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे जहा प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे और उनके साथ चर्चा शुरू हुइ। इधर सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर अभी भी लोगों में आक्रोष कम होने का नाम नहीं ले रहा है मृतक की बहन आरती कश्यप ने बताया कि उसका भाई सोनू उर्फ रोनू घर से करीब 80 हजार रूपये लेकर अपनी मोसी के घर मेरठ जाने की बात कहकर गया था। आरती का कहना है कि सोनू को एक बाइक खरीदनी थी, लेकिन घर से जाने के बाद वह वापस नहीं लौटा। पीड़ित परिवार का यह भी कहना है कि इस मामले में कुछ ओर लोगों की संलिप्ता भी हो सकती है। परिजनों ने यह भी बताया कि सोनू गाजियाबाद के मुरादाबाद में तंदूर भट्टी पर काम करता था और वही पूरे परिवार का खर्च उठाता था। पीड़ित परिवार ने जहां निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई तो वहीं सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी देवेन्द्र कश्यप ने पीडित परिवार को 50 लाख रूपये और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग भी उठाई है। यहां पर मौजूद लोग दोषियों को फांसी देने की मांग भी कर रहे थे।

# छम्मन का जौली आवासीय प्रोजेक्ट रुका

## कृषि भूमि मालिक पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** भाकियू तोमर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छम्मन खान और भूमि मालिक के बीच भूमि को लेकर गहरा विवाद होता दिखाई दे रहा है। सोदे के बाद उक्त भूमि पर प्लाटिंग के लिए सड़क पोल स्थापित किए गए जिसमें मोटी रकम लगाई गई, लेकिन अब छम्मन खान और उनके सहयोगियों का जौली आवासीय प्रोजेक्ट अधर में लटका नजर आ रहा है। दोनो ही पक्ष एक दूसरे पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं है अब इस भूमि में पैसा लगाने वाले निवेशकों की परेशानी भी बढ़ती नजर आ रही है।

बता दे कि भाकियू तोमर के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष छम्मन खान और उसके सहयोगियों ने 2024 मे आवासीय प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। यह भूमि जोली के रहने वाले नैयर जैदी से तीस बीघा का सोदा करते हुए डेढ़ लाख रूपये एडवांस दिए जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि यह रकम कैश में दी गई थी इसके बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुआ और प्लॉटिंग का कार्य शुरू करते हुए यहां पर तीस फुटा रोड के अलावा इस कॉलौनी में पोल भी लगाए गए। यहां तक की बच्चों के लिए झूले भी लगा दिए गए थे। इसी बीच भूमि मालिक और किसान नेता छम्मन के बीच विवाद शुरू हो गया। और दोनो ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्योराप लगाने लगे। छम्मन का कहना है कि भूमि मालिक ने यह तय किया था कि कृषि भूमि को वह आवासीय भूमि में तब्दील कराकर देंगे और इसकी एक रशीद भी दी गई थी, लेकिन कई बार इस मामले को लेकर बात चली, लेकिन भूमि मालिक ने कृषि भूमि आवासीय कॉलौनी में तब्दील नहीं कराई।

यह भी आरोप है कि जब दो करोड रूपये की रकम दी गई तो कृषि भूमि को 143 कराने की बात कही गई इसी के बाद दोनो में विवाद हो गया। छम्मन मियां ने कृषि भूमि के मालिक पर गंभीर आरोप लगाए है। आरोप है कि सौदे की तारिख के बाद पैसे दिए गए और इसके बाद उनका फोन उठाना बंद कर दिया गया।

### पारा दो डिग्री छूने से कंपकंपाए लोग, दो दिन की छुट्टी

**मुज़फ्फरनगर।** शीतलहर के कारण पूरा मुजफ्फरनगर जिला कडाके की ठंड से ठिठुरा हुआ है। जगह-जगह लोग कंपकंपाती ठंड से बचने के लिए अलाव जला रहे है। आज अब तक का सबसे कम तापमान 2.1 डिग्री सेल्यिस रिकॉर्ड किया गया। ठंड ने जन जीवन को बुरी तरह से अस्त-व्यस्त किया हुआ है। जिला प्रशासन ने कक्षा आठ तक के विद्यालयों में दो दिन का अवक. ाश ओर बढ़ा दिया है, जबकि कक्षा नौ से ऊपर की कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चें शीत लहर का प्रकोप झेलते हुए स्कूल जाने को मजबूर है। ठंड के कारण सड़कों पर आवाजाही नाम मात्र की ही दिखाई दे रही है

### सांसद और पूर्व मंत्री सहित पांच सबूत के अभाव में बरी

**मुजफ्फरनगर।** 2004 मे चुनाव अचार संहिता के उलंघन के मामले में विशेष अदालत एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व सांसद कादिर राना,पूर्व मंत्री व कॉंग्रेस नेता सईद जमा, पूर्व सभा सद हाजि सलीम, शमीम, व सादिक को सबूत के अभाव मे बरी करदिया है। कोर्ट के पीठासीन अधिकारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एक, देवेन्द्र कुमार फौजदार ने यह कहते आरोपियों को बरी कर दिया की अभियोजन पक्ष मामला साबित करने में विफल रहा सुनवाई के चलते एक आरोपी व्यापारी नेता अहसान की मृत्यु हो गई थी बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार शर्मा, नकली सिंह, सयद, अमजद अली आदि ने पेर रवि की. जब की अभियोजन पक्ष की ओर से 9 गवाह पेश हुए।



**मुजफ्फरनगर: पालिका ईओ से मिलते कम्बल वाली गली के लोग।**

# मुजफ्फरनगर से खाटू श्याम के लिए चली सीधी बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा द्वारा रोडवेज के आर. एम. से मांग की गई थी जिसमें एक बस खाटू श्याम के लिए एक बस अग्रोहा धाम के लिए एक बस सिद्धबली जी के लिए चलाने की मांग की गई थी जिसमें से एक बस खाटू श्याम के लिए आज से चलाई गई है जिसका समय मुजफ्फरनगर से सायं 4 बजे का मुजफ्फरनगर से रहेगा आज संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा के पदाधिकारी ए.आर. एम. का धन्यवाद देने के लिए पहुंचे जिसमें मुख्य संरक्षक अशोक कंसल अध्यक्ष संजय मित्तल महामंत्री दिनेश बंसल महामंत्री अनिल तायल संरक्षक सुनील सिंघल मोहन तायल मुकेश गुप्ता



अजय सिंगल प्रमोद मित्तल राहुल गोयल अचिन कंसल पवन बंसल सचिन सागर शिशुकांत विपिन गोयल कशिश गोयल मनीष आशुतोष गुप्ता लवी गोयल श्रवण अग्रवाल आदि काफी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

# हनी ट्रेप के मामले में लाखों की लूट में दो शातिर गिरफ्तार

## महिला समेत 4 आरोपी फरार, महिला ने अदाएं दिखाकर लूटे थे तीन लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक महिला ने अपने घर पर चाय पिलाने के बहाने से दिलकश अदाएं दिखाते हुए अपने 5 साथियों के साथ मिलकर दो दोस्तों को बंधक बनाते हुए उनसे तीन लाख रुपये तमंचे के बल पर लूट लिए। लुटे पिटे दोस्त किसी तरह से वहां से अपनी जान बचाकर भागे और पुलिस को पूरा मामला बताया। तब बुढ़ाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

फिरोज पुत्र घसीटा निवासी गांव परासोली के मोबाइल फोन पर बीती 06 जनवरी को किसी अज्ञात नंबर से व्हाट्स ऐप पर एक वीडियो काल आई। जहां एक महिला ने मधुर आवाज में बात की। जिसने फिरोज से मीठी मीठी बातें करते हुए उसको अपने घर पर बुलाया। महिला ने अपना नाम सना निवासी जिला बागपत बताया। तब फिरोज महिला के बहकावे में आकर अगले दिन अपने एक दोस्त अशरफ पुत्र शराफत निवासी कांधला जनपद शामली के साथ उस महिला के दिए पते पर पहुंच गया। जब वह महिला के घर पर पहुंचा तो मौके पर सना व उसकी महिला मित्र परवीन मिली। जिन्होंने फिरोज व उसके दोस्त अशरफ को चाय नाश्ता कराया। यहां पर उनके साथी गुलबहार, उस्मान, समसू व दो अज्ञात व्यक्तियों को बुला लिया। सना और उसके साथियों ने फिरोज को रेप के झूठे मामले में फंसाने और हत्या की धमकी देकर तमंचा लगाते हुए पांच लाख रूपये की मांग रख दी। फिरोज व उसका मित्र डर गए। फिरोज ने अपनी जान बचाने को अपने अकाउंट से 60 हजार रुपये सना के खाते में और 2 लाख 40 हजार रुपए अपने दोस्त अशरफ से सना के साथियों के अकाउंट में फोन पेय पर कर दिए। जिसमें 3 लाख रुपये सना व उसके साथियों के अकाउंट पर ट्रांसफर हुए। सभी ने उस पर दबाव बनाकर पैसे डलवाए। पीड़ित ने इसकी जानकारी बुढ़ाना पुलिस को दी। तब पुलिस ने मामले को गंभीर माकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर गठित टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में एक हफ्ते से पूर्व ही मंगलवार के दिन उक्त गैंग के 2 सदस्यों को अरेस्ट कर 2 लाख रूपये की नगदी बरामद कर ली है। इस धंधे में पकड़े गये आरो. पियों की पत्नियों की मिली भगत है ऐसी भी चर्चाए हैं।

### हनी ट्रैप में शामिल लोगों के खिलाफ बनी आईटी एक्ट

**मुजफ्फरनगर।** हनी ट्रैप के मामलों में फंसकर अधिकतर भोले-भाले लोग अपना धन गवाह रहे तो वहीं उनकी इज्जत भी दांव पर लग जाती है। हनी ट्रैप के कुछ मामले तो ऐसे भी सामने आए है जहां घटना के बाद हनी ट्रैप में फंसे व्यक्ति अपने परिजनों से ही आंख चुराते-छिपाते हुए फिरते है। हनी ट्रैप में लोगों को फंसाने के लिए आमतोर पर एक व्यक्तिगत संबंधों का झूठा जाल बुना जाता है और सोशल मीडिया डेंटिंग ऐप्स का इस्तेमाल कर अक्सर महिलाओं की फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से दोस्ती की जाती है और इसके बाद होता है भावनात्मक और रोमांटिक रिश्तों का खेल। जालसाज बातचीत या वीडियो कॉल के लिए दबाव डालते है और फिर रिकॉर्डिंग या उनकी अश्लील तस्वीरे लेकर ब्लैकमेल का खेल शुरू कर देते है, हालांकि सरकार ने इससे बचने के लिए भी उपाए बनाए थे कि अंजान व्यक्ति से दोस्ती करते समय सतर्क रहे और कानून कार्यवाही के लिए हनि ट्रैप में शामिल लोगों के खिलाफ आईटी अधिनियम और भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू की गई। इसके लिए एक साइबर सेल का भी गठन किया गया जहां हनी ट्रैप में फंसे लोगों की शिकायते दर्ज की गई। इसके लिए सरकार ने एक राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (cybercirme.gov.in) शुरू किया।



## बड़ा हादसा होने से बचा.....

# धुंध में केंटर फिल्मी स्टाइल में डिवाइडर पर चढा

**बुढ़ाना।** गद्दों से भरा हुआ एक केंटर अचानक से सड़क के बीचों बीच बने खूनी डिवाइडर पर चढ़ गया। चालक की सजगता से बड़ा हादसा होने से बच गया। अगर केंटर की रफ्तार तेज होती तो कुछ भी हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार गौतम रविदास पुत्र रामफल सिंह निवासी गांव बडसू सिकन्दरपुर रतनपुरी मंगलवार की अल सुबह अपने केंटर मेंघ लाखों रूपये की कीमत के गद्दे हरियाणा राज्य के जिला सोनीपत से लेकर बुढ़ाना क्षेत्र को निकलकर सहारनपुर जिले के कस्बा देवबन्द में बहुत ही धीमी गति से जा रहा था। जब वह बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित पैट्रोल पंप के पास आया तो अचानक से धुंधघ के कारण कुछ भी दिखाई ना देने पर केंटर सीधे डिवाइडर पर जा चढ़ा। इससे पहले कोई बड़ा हादसा होता तब चालक गौतम ने फुतह्ल से ब्रेक मारकर केंटर बंद कर दिया। जिसमें केंटर वहीं रुक गया और चालक गौतम को चोटें आई। इधर गश्त कर रही बुढ़ाना पुलिस ने जब केंटर को डिवाइडर पर चढ़े देखा तोघ पुलिस को समझते देर नहीं लगी। तब बुढाना पुलिस ने केंटर से घायल चालक गौतम को निकालकर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाया और उसके परिजनों को भी घटना की जानकारी दी। वहीं लोगों का कहना था कि अगर केंटर रफ्तार पर होता तो बड़ा हादसा होता मगर चालक की सजगता से बहुत बड़ी घटना होने से बच गयी।

## बड़ौत रोड का ये डिवाइडर हो चुका है खूनी....

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के बड़ौत रोड पर बने इस डिवाइडर पर वाहन के चढ़ने की यह घटना कोई पहली नहीं है। इससे पहले भी समय समय पर इस डिवाइडर पर कई वाहन चढ़ चुके हैं। इन घटनाओं में वाहन क्षतिग्रस्त भी हुए हैं तो लोगों को गंभीर चोटें भी आई हैं।घ दरअसल दूर से यह डिवाइडर दिखता नही। जब चालक नजदीक आ जाता है और वो कुछ समझ पाता है तक तक बहुत देर हो चुकी होती है। नगर पंचायत बुढ़ाना की चेरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने इस डिवाइडर पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खम्भा लगाकर सिग्नल लगवाया था लेकिन वह भी आते जाते वाहनों ने तोड़ डाला। बीती 06 नवम्बर 2024 को इस डिवाइडर पर एक कार चढ़ गयी थी। चालक मामूली रुप से घायल हो गया था। बीती 24 नवम्बर 2024 को भी इस डिवाइडर पर एक कार चढ़ गयी थी। जिसमें 4 लोग घायलघ हो गये थे। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। बीते 15 नवम्बर 2024 को एक कार चढ़ गयी थी। जिसमें बागपत के एक शिकोहपुर निवासी कपिल, उसकी पत्नी रीतू, पुत्री खुशी व पीहू घायल हो गयी थी। बीते 8 मार्च 2024 को पुरकाजी के गांव शकरपुर निवासी कई लोग घायलघ हुये थे। कुल मिलाकर यहां पर कई घटनाएं इसी तरह की हो चुकी हैं।

# क्रांतिकारी गुरु चन्द्रमोहन ने सोनू के परिजनों को दी एक लाख की सहायता

**मुजफ्फरनगर।** हिन्द मजदूर किसान समिति का एक प्रतिनिधिमंडल सरपंच राजपाल जी के नेतृत्व में मेरठ के सरधना क्षेत्र के ग्राम ज्वालागढ़ में विगत 05 जनवरी 2026 को रानू कश्यप नामक युवक को जिंदा जलाकर की गयी नृशंस हत्या के सिलसिले में उसके परिवार को सात्वंना देने पंहुचा। इस अवसर पर हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिगुरू चन्द्रमोहन जी ने परिवार के लोगों से वीडियो कान्फेंसिंग के जरिये बात कर उक्त घटना की घोर निंदा करते हुये परिवार को ये आशवासन दिया कि हिन्द मजदूर किसान समिति इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ है। उन्होंने अपनी ओर से परिवार को एक लाख रूपये आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि समिति प्रशासन से ये भी मांग करती है कि पूरे प्रकरण की निक्षपक्ष जांच हो। क्योंकि पीड़ित परिवार का मानना है कि उक्त घटना को कोई भी व्यक्ति अकेले नहीं कर सकता इसमें जरूर अन्य लोग भी सम्मिलित हैं। हिन्द मजदूर किसान समिति प्रशासन से ये भी मांग करती है कि मृतक परिवार में अकेला कमाने वाला था। इसीलिये उसके परिवार किसी को नौकरी मिले तथा आर्थिक सहायता मिलनी चाहिये। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में सरपंच राजपाल जी के साथ मीडिया प्रवक्ताअमित सिंह, कुशल प्रधान बोपाड़ा, तपेन्द्र, प्रवीन, बलराज कश्यप, धीर सिंह, दीपक मु0नगर, विनोद सुजडू इत्यादि ग्राम ज्वालागढ़ पंहुचे।

## पड़ोसन के साथ दबंगों ने की गाली गलौज

**बुढ़ाना।** एक महिला के साथ उसके पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश को बरकरार रखते हुए गाली गलौज की। नूरजहां पत्नी उमरदराज निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसका पति बहार मजदूरी करता है। बीती 11 जनवरी की सायं पुरानी रंजिश के चलते उसके पड़ोसी नसीम, गुलफाम, वसीम पुत्रगण शेरु और नवेद उसके घर पर उसकी हत्या की नीयत से लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर आए और उसके साथ गाली गलोच की तो उसने भागकर घर का दरवाजा बंद कर लिया। आरोपियों ने दरवाजा खोलने को कहा लेकिन वह अपने बच्चों को लेकर घर में ही छुपी रही। अगर आरोपी उसके घर का दरवाजा तोड देते तो वे उसकी हत्या कर देते। तब उसने फोन करके अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी तो उसके पति ने डायल नंबर 112 को फोन किया। कुछ ही देर बाद मौके पर आई पुलिस को देखकर आरोपी भाग गये। डायल 112 ने आरोपियों को पकड़ने की कोई भी को. शिश नहीं की। आरोपी दबंग लोग हैं। वे उनके साथ आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली ।

## एसएफडीएवी स्कूल मे मनाया लोहडी पर्व



**मंसूरपुर।** एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर में लोहडी पर्व बडे ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। यह विशेष पर्व पंजाब की संस्कृति से जुडा है और नई फसल के स्वागत का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एके मोहन द्वारा लोहडी पूजन तथा दीप प्रज्वल्लन से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने लोहडी के लोकगीतों पर नृत्य कर विद्यालय के वातावरण को आनंदमय बना दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने लोहडी से जुडी परंपराओं और इसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एके मोहन ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सफल एवं आनंदपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने पर प्रधानाचार्य ने छात्रों व शिक्षकों के अथक प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के अंत मे सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के पास हुई चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के पास स्थित एक कन्फेक्शनरी की दुकान का ताला काटकर उसमें रखी हुई हजारों रुपये की नगदी और अन्य संपत्ति चोरी करते हुए बुढ़ाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

पुलिस चौकी के पास हुई इस चोरी की घटना को लेकर यहां के अन्य दुकानदारों में भी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गयी है। अब पीड़ित दुकानदार ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखाव. तपुर पुलिस चौकी से कुछ ही कदम की दूरी पर गांव गढ़ी सखावतपुर के ही मनोज सिंह पुत्र कालू की कनफेक्शनरी की दुकानघ है। अज्ञात चोरों ने कटर से दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखी 35 हजार रुपये की नगदी, सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक, एनजह्ल ड्रिंक और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना का पता मंगलवार की सुबह तब लगा जब मनोज रोजाना की भांति अपनी दुकानघ खोलने के लिए आया। लगभग एक लाख रुपये की कीमत का नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित ने आवाज देकर पुलिस को चोरी की घटना की सूचना दी तो पुलिस भी सकते में रह गयी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर पीड़ित से तहरीर लेते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी थी। घटना के संबंध में सीओ गजेंद्र पाल सिंह को भी अवगत कराया गया है। कुल मिलाकर चौकी के पास हुई इस घटना को लेकर पुलिस गश्त पर भी सवालिया निशान लग गया है। अगर पीड़ित की बातों पर यकीन किया जाए तो उसकी दुकान से पहले भी दो बार चोरी की घटना हो चुकी है।

# मकर संक्रांति पर्व पर शाहपुर में कई जगह बंटा खिचड़ी का प्रसाद



**शाहपुर।** धर्मनगरी शाहपुर में सक्रांति की पूर्व संध्या पर मकर संक्रांति पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य चौराहे (बसी रोड0 पर खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से युवा समाजस. ेवी राहुल शर्मा, रोहित शर्मा, रजत जैन, काला पहलवान, प्रतीक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। देश में मकर संक्रांति का पर्व कई नामों से जाना जाता है। पंजाब और जम्भ्मू-कश्मीर के लोग में इसे लोहड़ी के नाम से बड़े पैमाने पर मनाते हैं। लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले मनाया जाता है। जब सूरज ढल जाता है तब घरों के बाहर बड़े-बड़े अलाव जलाए जाते हैं और स्त्री-पुरुष, घर के बच्चे सज-धजकर नए-नए कपड़े पहनकर जलते हुए अलाव के चारों ओर भांगड़ा डांस करते हैं और अग्नि को मेवा, तिल, गजक, चिवड़ा आदि की आहुति भी देते हैं। सभी एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए आपस में भेंट बांटते हैं और प्रसाद बाटते हैं। प्रसाद में तिल, गुड़, मूंगफली, मक्का और गजक होती हैं।

मकर संक्रांति को कई अन्य नामों से भी जाना जाता है। जैसे- पंजाब में माघी, हिमाचल प्रदेश में माघी साजी, जम्मू में माघी संग्रांद, हरियाणा में सकरत, मध्य भारत में सुकरत, तमिलनाडु में पोंगल, गुजरात के साथ उत्तर प्रदेश में उत्तरायण, ओडिशा में मकर संक्रांति, असम में माघ बिहू आदि अनेक नामों से संक्रांति को मनाते है। मकर संक्रान्ति का दिन दान दक्षिणा के लिए भी बहुत शुभ दिन माना जाता है। वहीं इस खास दिन पर लोग शुभकामना करते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। साथ ही भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का पूजन कर भोग लगाते है जिसमे चावल, दाल, गुड़, मूँगफली, मटर, रेवड़ी चढ़ाते हैं। क्योंकि यह काफी शुभ माना जाता है। इस दिन लोग पतंग भी उड़ाते हैं। दरअसल मकर संक्रांति एक ऐसा दिन है, जब धरती पर एक अच्छे और शुभ दिन की शुरुआत होती है। ऐसा इसलिए कि सूर्य दक्षिण के बजाय अब उत्तर को गमन करने लग जाता है। जब तक सूर्य पूर्व से दक्षिण की ओर गमन करता है तब तक उसकी किरणों का असर खराब माना गया है, लेकिन जब वह पूर्व से उत्तर की ओर गमन करते लगता है तब उसकी किरणें सेहत, सुख और शांति को बढ़ाती हैं।

## बाइक-साइकिल की टक्कर में दो घायल

**भोपा।** थाना क्षेत्र के रहकड़ा गांव की पुलिया के पास शनिवार को सड़क हादसा हो गया। बाइक ने पीछे से साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम निवासी फिरोजपुर बाइक से मुजफ्फरनगर की ओर से आ रहा था। वहीं रामपाल निवासी रहमतपुर साइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रहकड़ा की पुलिया के पास बाइक सवार ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से भोपा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

श्रीराम कॉलेज में बडी धूमधाम से मनाया गया लोहडी का त्यौहार

श्रीराम कॉलेज में लोहडी का त्यौहार बडी धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिथियों में श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, तथा विशिष्ट अतिथियों में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, बेसिक साइंस की डीन डा पूजा तोमर, गृह विज्ञान की डीन डाश्वेता राठी आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने आपस में एक दूसरे को लोहडी की बधाई दी तथा अग्नि के फेरे लेते हुये मूंगफली, रेवडी को प्रसाद के रूप में वितरित किया। इस अवसर पर सभी ने मंगल गीत भी गाये।

# आबकारी विभाग की चीनी मिलों के साथ बड़ी बैठक



**मुजफ्फरनगर।** आज अपर मुख्य सचिव, आबकारी एवं शीरा नियंत्रक एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में वर्ष 2025-26 हेतु घोषित शीरा नीति के क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 13.01.2026 को जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर राकेश बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त चीनी मिलों के प्रभारी आबकारी निरीक्षक/उप आबकारी निरीक्षक एवं चीनी मिलों के प्रतिनिधियों के साथ शीरा नीति वर्ष 2025-26 के सम्बन्ध में कार्यालय जिला आबकारी अधिक. ारी, मुजफ्फननगर में बैठक आहूत की गयी। आहूत बैठक में शीरा नीति 2025-26 के प्राविधानों से अवगत कराया गया एवं निर्देश दिये गये। शीरा वर्ष 2024-25 के अवशेष आरक्षित शीरे की देयता को अनिवार्य रूप से 31 जनवरी, 2026 तक शून्य किये जाना सुनिश्चित करें। प्रथम त्रैमास में कुल देय आरक्षित शीरे के 25 प्रतिशत सम्भरण कराने एवं आरक्षित/अनारक्षित के मध्य निक. ासी के अनुपात 1:4.55 का पालन किया जाना सुनिश्चित करें। जिन चीनी मिलों की संचय क्षमता अपूर्ण है, वह तत्काल प्रशमन हेतु सहमति पत्र उपलब्ध करायें। चीनी मिलों एम.एफ.-4 गेटपासों को समय से प्राप्त कराते हुए इस कार्यालय को सुचित किया जाना सुनिश्चित करें। शीरा के परेषणों हेतु परिवहन पास (एम.एफ.-4) के साथ प्रिन्ट करते हुए सन्दर्भित क्यू.आर. कोड (ए0-4 साईज पेपर में) सम्बन्धित वाहनों पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## तमंचे संग अपनी फोटो वायरल करने वाला थमा

**बुढ़ाना।** अवैध तमंचे के साथ अपनी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने दबोचकर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस एक युवक ने अवैध तमंचे के साथ अपना फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। यह मामला जब बुढ़ाना पुलिस के सामने आया तो उन्होंने उक्त युवक की छानबीन शुरू की तो पता लगा कि युवक गांवघ बड़ौदा का उस्मान है। तब पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी उस्मान को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर गांवघ सठेडी के पास स्थित एक शिक्षण संस्था के पास से राजवाहे की और आते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे जब पूछताछ की तो उसने अपने जुर्म स्वीकार किया और कहा वह अब आईंदा ऐसी ग़लती नही करेगा। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर तमंचा उसके पास से बरामद कर लिया। जब उससे ये पूछा गया कि उस पर ये तमंचा कहां से आया तो उसने पुलिस को बताया कि उसने एक वर्ष पूर्व किसी राह चलते व्यक्ति से खरीदा था। मैंने इस तमंचे के साथ फोटो खींचा था। जिसे किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उस्मान को बायवाला पुलिस चौकी के इंचार्ज रणबीर सिंह ने अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों की सहायता से गिरफ्तार कर लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

### सख्ती से पहले छपार पुलिस जनमानस को कर रही हेलमेट सुरक्षा के प्रति जागरूक

**छपार।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नो हेलमेट नो हाइवे नो पेट्रोल अभियान के तहत सीओ सदर डा रवि शंकर पाण्डेय ने गणमान्य लोगों के साथ बैठक की।सीओ सदर ने कहा कि अगर हेलमेट नहीं पहना तो हाईवे पर ना जाये कारों की संख्या बढ़ रही है। मंगलवार को सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा ने बसेड़ा पुलिस चौकी पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ एक बैठक की जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस से संबंधित कोई समस्या है तो बताए अगर आपने हेलमेट नहीं पहना तो हाइवे पर बिल्कुल ना जाए।कारो की संख्या बढ रही है बाइक वाले असुरक्षित है। स्पीड कम रखें हेलमेट पहने जीवन अमुलय है। आगामी चुनाव को लेकर कहा जो चुनाव लड रहे हैं आपस मे रंजिश ना रखें ग़लत मामले की पैरवी ना करें अगर आपके यहां कोई गलत व्यक्ति है तो उसकी सूचना पुलिस को दे। प्रधानी के चुनाव को लेकर अगर कोई बात है तो बताएघ किसी भी धर्म के महापुरुष के बारे में कोई टिप्पणी न करें। थाना प्रभारी मोहित सहरावत, बसेड़ा चौकी प्रभारी राहुल वर्मा, कांस्टेबल पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे। अरविंद लम्बरदार, रमन देशवाल, सतपाल, हुसैन अहमद, विकास,मनीष बंसल, दिनेश शर्मा,मंसूर आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय कक्ष के रेनॉवेशन उपरान्त फीता काटकर कराया कार्यालय प्रवेश



**मुजफ्फरनगर।** गाँधी पॉलीटेक्निक में स्टेनोग्राफी ब्रांच के कार्यालय में पुरातन छात्र एसोसिएशन द्वारा जर्जर फर्श के स्थान पर टाइल्स लगवाकर व कार्यालय की साफ-सफाई उपरान्त रंगाई-पुताई करायी गई, प्रधानाचार्य इं. राजीव सिंह ने फीता काटकर नवीनीकृत कार्यालय कक्ष में कार्यालय प्रभारी बबीता देवी को कार्यालय प्रवेश कराया।

रेनॉवेशन कार्य में पॉलीटेक्निक के स्टेनोग्राफी ब्रांच के पुरातन छात्र जगबीर सिंह यादव, रिपोर्टिंग ऑफिसर (पी.आर.), राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ का विशेष योगदान रहा स इस अवसर पर पॉलीटेक्निक में कार्यरत, चरथावल के पूर्व विधायक रणधीर सिंह एडवोकेट के पुत्र इं. अंकित सिंह, प्रवक्ता सिविल इंजीनियरिंग को स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया। पुरातन छात्र एसोसिएशन के संयोजक इं. बसन्त कुमार गोयल ने बताया कि इस अवसर पर इं. चमन लाल, इं. बृजेन्द्र, इं. अंकित सिंह, आर के मोगा, अनुज कुमार, अभिषेक, सचिन, आर के सैनी, अमित गंग. वार, विनोद वत्स, ललित, नूपुर, नितिन आदि उपस्थित रहे।

## नशीले गांजे का कारोबारी अरेस्ट

**बुढ़ाना/फुगाना।** पुलिस ने एक युवक को अवैध नशीले पदार्थ गांजे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। फुगाना सीओ के निर्देश पर फुगाना एसओ विजय कुमार के नेतृत्व में दारा. ेगा तेजवीर सिंह ने होनहार कांस्टेबल अजय तेवतिया और अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से बड़ा गुडवर्क करते हुए नशे के एक कारोबा. री को पकडा है। पुलिस के अनुसार सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआइजी अभिषेक सिंह के द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फुगाना पुलिस ने मंगलवार के दिन मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान बिजेन्द्र उर्फ बॉबी पुत्र शुगन चन्द निवासी ग्राम शिकारपुर को लगभग 18 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी पूर्व में एनडीपीएस एक्ट का वांछित अभियुक्त था जो कि फरार चल रहा था। यह गिरफ्तारी मेरठ वाया करनाल हाइवे से कुरावा मार्ग पर की गयी। टीम में सब इंस्पेक्टर राजदीप सिंह, सब इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार गौड, सब इंस्पेक्टर रजत चौधरी, कांस्टेबल अमित कुमार और महिला कांस्टेबल सोनम भी मौजूद रही।

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स02251/04.03.14 में गलती से पुत्र का नाम अक्षत अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम अक्षत कुमार है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**सचिन कुमार,**
**निवासी - गली न. ०३,**
**अलमासपुर**
**ज़िला मुज़फ्फरनगर**

# हर परिषदीय विद्यालय को मुहैया कराई जाएगी जरूरी सुविधाएं : डीएम

**मुजफ्फरनगर।** मिशन प्रेरणा फेस-2, निपुण भारत, बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों को अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किए जाने तथा मर्ध्या भोजन योजना अंतर्गत आज जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गए कि हमारी प्राथमिकता अधि. कतम बच्चों को विद्यालय में प्रवेशित कराना और 90 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना है। सभी बच्चों के पास जूते, मौजे, स्वेटर और निशुल्क पाठड पुस्तक होना अनिवार्य है, सभी बच्चे विद्यालय में नियमित रूप से यूनिफॉर्म पहनकर ही आएं। महोदय द्वारा बताया गया कि यदि बच्चों की शिक्षा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बरती जाती है तो संबंधित का दायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गए कि जो भी निर्माण कार्य ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत हो रहे हैं उनकी गुणवत्ता उपयुक्त श्रेणी की होनी चाहिए, जितने भी फनह्लचर की आपूर्ति विद्यालयों को हुई है उसकी गुणवत्ता ठीक होनी चाहिए, यदि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों में कुछ कार्य रह गए हैं अथवा छूट गए हैं तो संबंधित निर्माण एजेंसी अथवा कार्यदायी संस्था के द्वारा उसकी मरम्मत करा दी जाए, विद्यालय के सभी शौचालय साफ सुथरे हो, विद्यालय की नियमित रूप से रोजाना साफ सफाई हो, बच्चों के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ पीने योग्य पानी की उचित व्यवस्था हो, पूरे विद्यालय परिसर की अच्छे से रोजाना सफाई हो, अध्यापक समय से उपस्थित हो बच्चों के खेलने बैठने का एक अच्छा माहौल हो, यदि कहीं कोई रास्ता विद्यालय के आस पास है जहां पर जल भराव की स्थिति, सड़क टूटी है अथवा कोई ऐसा मामला है जिससे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में असुविधा हो रही है तो इसकी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान एवं सचिव की होगी इस हेतु ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से पृथक से निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए गए की निरीक्षण के दौरान निरीक्षणकर्ता अधिकारी के द्वारा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण स्वयं भोजन चखकर एवं बच्चों के साथ बैठकर भोजन करके सुनिश्चित कराया जाए, साथ ही फोटोग्राफ्स भी शेयर करें।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि यदि किसी स्थान पर निर्माण कार्य करने में भूमि विवाद अथवा किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न हो रहा है तो उप जिला. धिकारी संबंधित तहसील को उनकी ओर से पत्र निर्गत करा लिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को कहा गया कि विद्यालयों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, विद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार का कचरा अथवा मलवा जमा न हो। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्मार्ट क्लास संचालन हेतु विद्यालयों में इंटरनेट की सुविधा सुनिश्चित कराई जाए। बीएसएनएल इंटरनेट सुविधा वाले विद्यालयों को चिन्हित कर सत्यापित करा लिया जाए। बैठक में जिला अनुश्रवण समिति/ डीटीएफ के समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं जिला समन्वयक मौजूद रहे।

## गंग नहर व भोपा मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल

**भोपा।** गंग नहर पटरी चौधरी चरण सिंह मार्ग व जट मुझेडा माग पर दो अलग अलग दुर्घटनाओं में बाइक व साइकिल सवार समेत चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी से गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

भोपा थाना की तीर्थ नगरी शुकतीर्थ निवासी शुभम मंगलवार को बाइक से अपने घर वापिस लौट रहा था कि जैसे ही जट मुझेडा भोपा मार्ग पर रहकडा पुलिया के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे 80 वर्षीय रामपालसिंह की साइकिल से टक्कर हो गयी। जिससे दोनो सडक पर गिरने से गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलो को सीएचसी पर भर्ती कराया जहां से दोनो की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। उधर, गांव रहमतपुर निवासी 18 वर्षीयअनमोल अपने दोस्त 20 वर्षीय कबीर के साथ बाइक से कपडे लेने भोपा जा रहा था कि जैसे ही वह गंगनहर कांवड पटरी मार्ग पर बेलडा होटल के पास पहुंचे तो अचानक फिसलने से दोनो सडक पर गिरकर घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलो को सीएचसी पहुंचायां जहा गम्भीर हालत के चलते दोनो युवको को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# चेतना सेवा संस्थान ने राहगीरों को बांटी खिचड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मकर संक्रांति पर्व के पूर्व दिवस के अवसर पर नव चेतना सेवा संस्थान, मुज़फ्फरनगर की ओर से खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लगभग सवा कुंटल खिचड़ी का वितरण कर धर्म लाभ अर्जित किया गया तथा आमजन को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

यह कार्यक्रम मोहल्ला प्रेमपुरी स्थित डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक के सामने सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में विशेष रूप से पवन बंसल, हरिओम गोयल, अंकित गोयल, विवेक सिंगल, अशोक कुमार, रजनीश, योगेंद्र कंबोज, अनिल तायल (मावे वाले), गौरव वर्मा, मनोज (दाल वाले), कार्तिकेय मारुत, सोनू वैष्णव, संजय अग्रवाल, विपिन तायल, अर्पित तायल, मोहित कुमार, शिव सैनी, रोहित गोयल, रोहित जैन, राजीव कुमार, आदेश अग्रवाल, नितिन जैन, प्रवीण वर्मा, विपिन जैन, यश जैन, शौर्य जैन, जयवीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

## पशु चोरी करने वाला वांछित दबोचा

**बुढ़ाना।** विगत दिवस गांव रसूलपुर दभेडी से चोरी हुए तीन पशुओं के मामले में जहां एक और पुलिस ने कुछ चोरों को जेल भेज दिया था वहीं फरार चल रहे अन्य आरोपी बंटी निवासी रसूलपुर दभेडी को भी बुढ़ाना पुलिस ने अरेस्ट करके जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने एक दशक से फरार चल रहे कल्लू पुत्र बाबू कश्यप निवासी उमरपुर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सम्बन्ध विच्छेद

में गफ्फार पुत्र जहूर निवासी गांव विज्ञाना थाना व तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र शमशेर गलत संगत में रहता है। जिसे मैंने समझाने का काफी प्रयास किया मगर वह अपनी हरकतों से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहा। वह आये दिन लडाई झगडा करता रहता है। जिससे मैं व मेरा परिवार बहुत दुखी है। मैंने अपने पुत्र शमशेर को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से आज बेदखल कर दिया है। शमशेर अब अपने द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्यों का खुद जिम्मेदार होगा मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**प्रार्थी**
**गफ्फार पुत्र जहूर,**
**निवासी गांव विज्ञाना,**
**थाना व तहसील, बुढ़ाना**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं. 6. मुजफ्फरनगर** विविध वाद संख्या 293 सन् 2024 प्रशान्त कुमार आदि **बनाम** श्रीराम एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबिल ट्रस्ट आदि **सूचना आग** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा विपक्षीगण मैसर्स श्री राम एजुकेशनल एण्ड चेरिटेबिल ट्रस्ट जो कि एक चेरिटेबिल ट्रस्ट है, के विरुद्ध उक्त विविध वाद योजित किया है। विपक्षी ट्रस्ट एक पब्लिक ट्रस्ट है, जिसके प्रकरण के संबंध में आम जनता को भी पक्षकार बनाया जाना विधिक रूप से आवश्यक है । अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई कथन इत्यादि करना हो तो वह नियत दिनांक 28.01.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता या अन्य किसी ऐसे व्यक्ति के माध्यम से जो कि इस प्रकरण से जुड़े सब प्रश्नों का प्रभावी रूप से कथन कर सके, के माध्यम से उपसन्जात हो। यह नोटिस आज दिनांक 12-1-2026 को माननीय न्यायालय के आदेश से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**पीठासीन अधिकारी**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**कोर्ट न-6 मुजफ्फरनगर।**
**दिनाक-12-1-2026**
**स्थान मुजफ्फरनगर**

# ओवरलोड वाहनों की भरमार पर प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रहा खतरा



**मीरापुर।** क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की लगातार आवाजाही से आम नागरिकों की परेशानी दिन.ब.दिन बढ़ती जा रही है। खासकर टिकौला शुगर मिल की ओर जाने वाले मार्ग पर गन्ने से लदे ओवरलोड ट्राले लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इन भारी वाहनों की वजह से आए दिन छोटी. बड़ी घटनाएं हो रही हैंए लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड ट्राले जब मीरापुर कस्बे से गुजरते हैंए तो सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चोंए बुजुर्गों और दफ्तर जाने वाले लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। कई बार तो एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें भी तेजी से खराब हो रही हैं। ट्रालों से गन्ना गिरने के कारण सड़क पर फिसलन बनी रहती है जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ जाता है। रात के समय इन वाहनों का गुजरना और भी खतरनाक साबित होता है क्योंकि कई ट्रालों में न तो उचित लाइट होती है और न ही सुरक्षा के मानक पूरे किए जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन मानो किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। लोगों ने कई बार शिकायतें कींए लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से रोक लगाई जाए और नियमित जांच अभियान चलाकर नियमों का पालन कराया जाएए ताकि किसी बड़े हादसे से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

# खतौली तहसील परिसर में दिखी लोहड़ी की रौनक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील में मंगलवार को लोहड़ी पर्व की खास रौनक देखने को मिली, जब तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह के चौंबर पर अधिवक्ताओं ने पारंपरिक उल्लास के साथ पर्व मनाया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से भाग लेते हुए एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। उत्सव के दौरान चौंबर का माहौल पूरी तरह उल्लासमय नजर आया। अधिवक्ताओं ने हास्य-व्यंग्य, कविताओं और गीतों के माध्यम से आनंद साझा किया। वहीं मूंगफली, रेवड़ी, गजक और मिठाइयों के वितरण ने पर्व की मिठास को और बढ़ा दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता राजवीर सिंह ने कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन अधिवक्ताओं को व्यस्त पेश.वर जीवन से कुछ समय निकालकर आपसी संवाद और मेल-जोल का अवसर प्रदान करते हैं। सरदार जितेंद्र सिंह ने बताया कि लोहड़ी जैसे पर्व आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मान.सिक सुकून और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। यह पर्व लोगों को अपनी व्यस्तताओं से हटकर परंपराओं से जुड़ने का अवसर देता है। कार्यक्रम में बार संघ अध्यक्ष नवीन उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, महासचिव प्रदीप कुमार सहित चतर पाल सिंह, राजेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र, शकुन्तला देवी, सत्य प्रकाश सैनी, राजगृही यादव, सचिन आर्य, अमित त्यागी, रोशनी सैनी, संदीप कुमार, मोनू त्यागी, सुमित कुमार, पवन कुमार, मज़ाहिर काजी, अभिषेक गोयल, अंकुश कुमार, ललित कुमार, विकास कुमार, पंकज गुप्ता, आशीष राणा, दानिश काज़ी, तरुण मोघा, निकुंज गुर्जर, निलोफर मलिक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पिता ने प्रेमिका के परिजनों के खिलाफ कराया मामला दर्ज

**बुढ़ाना।** सोशल मीडिया की एक किशोरी फेंड से एक किशोर को रास्ते में बात करना बहुत महंगा पड़ गया। पता चलने पर किशोरी के परि.जनों ने गुस्से में आकर किशोर को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में शिकायत मिलते ही बुढाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शकील पुत्र अय्यूब निवासी मोहल्ला नई बस्ती बुढाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसका पुत्र अयान बीती 10 जनवरी की सायं समीपवर्ती गांव मंदवाडा मोटर साईकिल से गया था। जहां पर उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से परिचित लडकी मिल गई। जिससे मेरा पुत्र अयान बातचीत करने लगा। तभी लडकी के पिता इस्लाम, मां नईमा, मंदवाडा गांव के ही शाहनवाज पुत्र मोहर्रम, इमरान पुत्र रसीद और लगभग आधा दर्जन अज्ञात व्यक्ति मौके पर आ गये। जिन्होंने एक राय होकर उसके पुत्र पर हमला करते हुए मारपीट कर दी

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्ज़ा मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी ने समाजसेवी शारिक खान को किया सम्मानित

**खतौली।** स्थानीय सिटी पैलेस बैंकट हाल में मिर्ज़ा मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शारिक खान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ कार्यों की सराहना की। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शारिक खान वर्षों से जरूरतमंद, असहाय और वंचित वर्ग के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उनका समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना युवाओं के लिए एक आदर्श उदाहरण है, जो उन्हें सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरित करता है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की मजबूत कड़ी होते हैं। सम्मान मिलने पर शारिक खान ने मिर्ज़ा मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आगे भी समाजहित के कार्यों में सभी को साथ लेकर सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर एनएसएस द्वारा संकल्प दौड़ का भव्य आयोजन

**मीरापुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में संस्थान परिसर में संकल्प दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना, अनुशासन, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में आत्मसात करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. अनुराग विजय अग्रवाल, उप-निदेशक डा. पुष्पनील वर्मा, डीन डा. अजय सिंह एवं डा. डी. विजया उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि स्वामी विवेक.ानंद ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया है और ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। संकल्प दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों,स्वयंसेवकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको, सेवा ही सच्ची साधना है तथा युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति जैसे नारों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन डा. कावेन्द्र यादव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में निखुल चौधरी, गौरव राजपूत, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर अमित गुप्ता, कपिल कुमार, सुमित कुमार, डा. चित्रलेखा शर्मा, शुभम कुमार, महिपाल सिंह, अर्पित कुमार एवं अर्पिता महेश्वरी का सराहनीय योगदान रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रसेवा एवं सामाजिक दायित्व की शपथ दिलाई गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### शिक्षण संस्थानों में मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**मीरापुर।** क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मकर संक्रांति एवं लोहड़ी पर्व श्रद्धा, उल्लास और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप भव्य रूप से मनाए गए। इन आयोजनों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। भगवंत ग्रुप आफ इंस्टीटड्यूशंस में मकर संक्रांति का पावन पर्व अत्यंत भव्य एवं सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। संस्थान के चेयरमैन डा. अनिल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में डायरेक्टर डा. अनुराग विजय अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर डा. पुष्पनील वर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार डा. आदित्य शर्मा सहित शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मकर संक्रांति के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और संदेशपरक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। तिल-गुड़ के प्रसाद का वितरण कर आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। वहीं मीरापुर स्थित शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लोहड़ी पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा, चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, लोकगीत एवं रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में अग्नि में तिल, रेवड़ी, मूंगफली व गुड़ अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसी क्रम में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, मीरांपुर में भी लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने गिद्धा और भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किए तथा पंजाब के लोकनायक दुल्ला भट्टी की गाथा के माध्यम से सामाजिक मूल्यों का संदेश दिया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने लोहड़ी को भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। इन सभी आयोजनों से यह संदेश मिला कि शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्ख्रति, परंपरा और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है।

### दुकानदार संग 3 भाइयों द्वारा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** खराब मोबाइल रिपयेर करने वाले दुकानदार के साथ ग्राहक और उसके भाइयों के खिलाफ मारपीट किए जाने का मामला दर्ज हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार नसीम पुत्र इशाक निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पटी बुढ़ाना ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 10 जनवरी की सायं करीब छह बजे तीन भाई समीर, शोकीन और मोनिश पुत्रगण ऊलाउद्दीन निवास.िगण लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी मेरी दुकान में आये और समीर का जो सेमसंग का मोबाइल मुझे ठीक करने के लिए दिया था उसी मोबाइल को लेकर मेरे साथ गाली गलोच व मारपीट करने लगे। जब आस पास के लोग आये तो तीनों भाई मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गये। पुलिस ने तीनों भाइयों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# मीरापुर के अशमीर ने सांसद खेल स्पर्धा 2026 में कुश्ती का स्वर्ण पदक जीता

**मीरापुर।** कस्बे के उभरते 14 वर्षीय अशमीर पहलवान पुत्र खालिद ने बिजनौर में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा 2026 की कुश्ती प्रतियोगिता में सब-जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन बिजनौर द्वारा किया गया था। 45 किलोग्राम भार वर्ग में मीरापुर निवासी अशमीर पुत्र खालिद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती चौंपियनशिप में भाग लिया। फाइनल मुकाबले में उसका सामना बिजनौर के चांदक निवासी बक्क्बी से हुआ, जिसमें अशमीर ने कड़े संघर्ष के बाद अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता के समापन पर बिजनौर के सांसद चंदन चौहान व अन्य अतिथियों ने विजेता अशमीर को गोल्ड मेडल व ट्रैकसूट प्रदान कर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी बिजनौर जसप्रीत कौर, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार व मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे, जिनके निर्देशन में प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ।

जब अशमीर मीरापुर पहुंचा तो कस्बे में उसका भव्य स्वागत किया गया। दिलशाद, इकरामुद्दीन, मास्टर शमसुद्दीन, मास्टर जान मोहम्मद, नजीर अहमद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उसे बधाई दी। अशमीर की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और युवाओं में खेलों के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

# राष्ट्रीय कार्यालय पर भाकियू ( तोमर ) ने धूमधाम से मनाया संगठन का 7वां स्थापना दिवस

**मुजफ्फरनगर।** (रामपुर तिराहा) भारतीय किसान यूनियन (तोमर) का 7वां स्थापना दिवस आज जनपद मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने केक काटकर संगठन के सात सफल वर्षों का उत्सव साझा किया। मीडिया से बातचीत करते हुए चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि संगठन ने अपने छोटे से कार्यकाल में अभूतपूर्व विस्तार किया है। आज भाकियू (तोमर) उत्तर प्रदेश समेत उत्तराखंड, दिल्ली, बिहार, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे 8 राज्यों में किसानों की मजबूती से आवाज उठा रहा है। उन्होंने कहा, ष्इन 7 वर्षों में कई बार शासन-प्रशासन से टकराव हुआ, लेकिन संगठन न कभी डरा, न पीछे हटा और न ही चुप रहा। किसानों की जमीन पर कब्जे का आरा.ेप, प्रशासन को अल्टीमेटम स्थापना दिवस के मौके पर चौधरी संजीव तोमर ने ब्लॉक पुरकाजी के ग्राम सुहैडी जमालपुर का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बड़े उद्योगपति फर्जी एग्रीमेंट के जरिए किसानों की जमीन कब्जाने का काम कर रहे हैं।

संगठन का कहना है कि इस मामले में जिलाधिकारी से मुलाकात के बादै क्ड सदर को आदेश तो दिए गए, लेकिन किसान तहसील के चक्कर काटकर थक चुके हैं और अधिकारी उद्योगपतियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में असमर्थ दिख रहे हैं। 15 जनवरी से चौधरी संजीव तोमर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसानों की जमीन वापस नहीं दिलाई गई, तो 15 जनवरी से संगठन सदर तहसील में अनिश्चितकालीन पड़ाव शुरू करेगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी मुजफ्फरनगर प्रशासन की होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शरवन त्यागी पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर प्रदेश संगठन महामंत्री जितेन्दर सैनी युवा कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी हसीर मंडल प्रवक्ता चंदन त्यागी मंडल उपाध्यक्ष साजिद अल्वी साजिद राणा शानू भूरा हाथी निशांत राठी जगग्गम सोनू अश्वनी रवि ईशराईल मुस्तफा अली हसन आदि मौजूद रहै



# न्यू वैल्किन स्कूल में धूमधाम से मना लोहड़ी का पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोपा -मुज़फ्फरनगर मार्ग स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और पारंपरिक रंगों के साथ धूमधाम से मनाया गया। पंजाबी संस्कृति और लोक परंपराओं की खुशबू से भरपूर कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक समिति द्वारा पारंपरिक लोहड़ी जलाकर किया गया। लोहड़ी की अग्नि के चारों ओर विद्यार्थियों ने मूंगफली, रेवड़ी, तिल, गुड़ एवं पॉपकॉर्न अर्पित कर समृद्धि, खुशहाली और अच्छे भविष्य की कामना की।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने पारंपरिक पंजाबी लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के उपाध्यक्ष के के आनंद ने लोहड़ी पर्व के महत्व पर अपने विचार भी साझा किए और बताया कि यह पर्व नई फसल, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

इस अवसर पर सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में अपनी परंपराओं के प्रति सम्मान, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को विक.सित करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि संस्कारों और संस्कृति का भी संवाहक होता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसाद स्वरूप रेवड़ी, मूंगफली और मिठाइयाँ वितरित की गयी।

# ऑल इंडिया आवाम ए हिन्द पाटॉ ने सोनू कांड में उठाई आवाज़



**मुज़फ्फरनगर।** ऑल इंडिया आवाम ए हिन्द पाटॉ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मौहम्मद नदीम के निर्देश पर मंगलवार के दिन पाटॉ ने सरधना थाना क्षेत्र के ज्वालागढ़ गांव में हुई मुजाकरनगर निवासी सोनू कश्यप की निर्मम हत्या के मामले को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार से सख़्त कार्रवाई की मांग की है। पाटॉ की ओर से मुख्यमंत्री तथा जिला अधिकारी मुज़फ्फरनगर को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि सोनू कश्यप की हत्या बेहद नृशंस और अमानवीय तरीके से की गई है। जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का जबरदस्त माहौल है। पाटॉ ने इस जघन्य हत्याकांड की निष्पक्ष व विशेष जांच कराकर दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की है। पीड़ित परिवार को करोड़ों की सहायता दी जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। ऑल इंडिया आवाम ए हिन्द पाटॉ मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष हाफिज करीम ने कहा है कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है। पाटॉ ने मांग की है कि पीड़ित परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा के दृष्टिगत शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराया जाए।हाफिज करीम ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला और दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो पाटॉ जनपद स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश शासन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

## प्रेमिका के परिजनों ने भी आरोप लगा कराई रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** प्रेमी प्रेमिका की पिटाई के मामले में दूसरी और से भी मामला दर्ज हो गया है। अब किशोरी के पिता ने कथित प्रेमी के खिलाफ रेप के प्रयास और जबरदस्ती अपहरण करके ले जाने का मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार इस्लाम पुत्र रसीद निवासी ग्राम मंदवाडा ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 10 जनवरी की सायं उसकी पुत्री खेत पर चारा लेने गई थी। तभी खेत पर अयान पुत्र शकील निवासी कस्बा बुढाना मोटर साईकिल से आया। उसके साथ उसका एक दोस्त अन्य मोटर साइकिल से आया। तभी आयान ने मेरी पुत्री को गलत इरादे से छेडते हुए विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और रेप की नीयत से उसको जबरदस्ती मोटर साइकिल पर बैठाकर ले जाने लगा तो उसकी पुत्री ने शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मेरी पत्नी, मौहल्ले के शाहनवाज पुत्र मौहर्रम, इमरान पुत्र रसीद व अन्य मौहल्ले के लोगो ने रास्ते में अयान की मोटर साइकिल को रोका तथा मेरी बेटी को छुडाया अन्यथा वह मेरी बेटी के साथ गलत काम कर देता। मेरी बेटी को उसके द्वारा की गयी मारपीट में काफी चोटें आई है। जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी आयान के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने आयान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एसडी पब्लिक स्कूल में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**मोरना।** ककरौली मे जानसठ मार्ग स्थित एस.डी. पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच जूनियर छात्र छात्र छात्राओं द्वारा सीनियर छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के स्कूल के डायरेक्टर के.पी. सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज जहां आपके जीवन का एक पडाव पूर्ण हो रहा है। वहीं इसी पड़ाव में अब आपके ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। परीक्षाओं में अपना शत प्रतिशत देने की। अपना एक लक्ष्य बनाएं और उसको पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दें। प्रधानाचार्या अंजु शर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कर्त्तव्य पथ पर ईमानदारी से चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसमें छात्र छात्राओं ने डांस, कैटवॉक, सिंगिंग, मिमिक्री, शायरी आदि कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें दर्शकगण कार्यक्रम को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।कार्यक्रम का संचालन - विद्यालय के अध्यापक देवदीप व छात्रा बुशरा ने किया।

# ज़हरीले प्रदूषण के खिलाफ शुरू हुआ महिला आंदोलन

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद में लगातार बढ़ते भयानक और जानलेवा प्रदूषण के खिलाफ आज सैकड़ों महिलाओं की आवाज़ एक साथ उठी है। जनता की सेहत, बच्चों की सांसें और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बचाने के लिए जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोनिया सैनी, रेणु चौधरी, सुनीता मालिक और रूपा अहलाव.तके नेतृत्व में सौंपा गया। यह ज्ञापन केवल कागज़ नहीं है,यह प्रशासन और प्रदूषण विभाग के लिए प्रदूषण विभाग, जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को पूरे 7 दिन का समय दिया गया है कि अवैध कचरा जलाना तुरंत बंद कराया जाए मिलों व फैक्ट्रियों से निकल रहे ज़हरीले धुएं पर रोक लगे प्रदूषण फैलाने वालों पर सख़्त कार्रवाई हो जनता को सिर्फ़ आश्वासन नहीं, नतीजा दिखे कार्रवाई नहीं तो आंदोलन यदि एक हफ्ते में कोई ठोस, ज़मीनी और ईमानदार कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदूषण विभाग का पुतला फूंका जाएगा और आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा। यह आंदोलन किसी पार्टी का नहीं किसी व्यक्ति का नहीं जनता की ज़िंदगी का सवाल है महिलाएं नेतृत्व में, जनता मैदान में यह लड़ाई सोनिया सैनी, रेणु चौधरी, सुनीता मालिक और रूपा अहलावत के नेतृत्व में महिलाओं की अगुवाई में लड़ी जाएगी। क्योंकि जब बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है जब बुज़ुर्ग बीमार पड़ते हैं जब गर्भवती महिलाओं की सेहत पर असर पड़ता है तो सबसे पहले महिलाएं ही आवाज़ उठाती हैं। अब चुप्पी नहीं चलेगी मिल मालिकों की लापरवाही नहीं चलेग.ीप्रदूषण विभाग की आंख-मिचौली नहीं चलेगीप्रशासन की ढिलाई नहीं चलेगी अगर अब भी सरकार और अधिकारी नहीं जागे,तो यह आंदोलन सड़क से लेकर प्रशासन के दरवाज़े तक गूंजेगा।महिलाएं जाग चुकी हैं जनता तैयार है संघर्ष आख़िरी सांस तक जारी रहेगा। अब जवाब चाहिए, सिर्फ़ वादे नहीं! प्रदूषण बंद करो ज़िंदगी बचाओ!



# तीर्थ नगरी फ़िल्मकारों को कर रही आकर्षित,हो रही फिल्मों की शूटिंग

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुक्रताल मे अध्यात्म से पूर्ण शांत वातावरण फ़िल्मकारों को लुभा रहा है।यू टड्यूब पर छोटे बजट की फिल्मो के निर्माता फ़िल्म शूटिंग के लिए तीर्थ नगरी को पसंद कर रहे हैं। जिससे शुकतीर्थ मे पर्यटन को बढ़ावा मिलने मे संभावना को बल मिला है।

तीर्थ स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने के सरकार के प्रयास सफल होते दिखाई पड़ रहे हैं तीर्थ नगरी शुक्रताल अथवा शुकतीर्थ मे मौजूद सुलभ संसाधन व सौंदर्यकरण ने छोटे बजट की फिल्म निर्माताओं का ध्यान अपनी और आकर्षित किया है।

तीर्थ नगरी में अनेक स्थानों पर फिल्मों की शूटिंग चल रही है। तीर्थ नगरी में स्थित जाट धर्मशाला में दो फिल्मों की शूटिंग चल रही है। मांझा फ़िल्म की शूटिंग कर रहे डायरेक्टर आर के रोशन ने बताया की पूर्व में भी व अपनी कई फिल्मों की शूटिंग शुक्रताल में कर चुके हैं यहां शोर शराबे से दूर फिल्मों को शूट करना आसान है सुलभ आवास,यहां बहती पतित पावनी गंगा,विशाल व शांत गंगा घाट, हरियाली,जंगल,सुन्दर पार्क, अनेक मंदिर,धार्मिक वातावरण, आस पास छोटे गांव, मोटरबोट, नाव आदि बहुत कुछ उपलब्ध है। वह यहाँ इंडिया जॉन फिल्म प्रोडक्शन के तहत फिलहाल मांझा नामक फ़िल्म की शूटिंग कर रहे। बसंत पंचमी पर फ़िल्म रिलीज होगी शार्ट मूवी फ़िल्म के अनेक दृश्य शुकतीर्थ मे शूट किये जा रहे हैं। एक बड़े सामा.जिक मुद्दे पर बन रही मूवी निश्चित ही दर्शकों का मनोरंजन करेगी। फ़िल्म मे राजवीर डांगी,बबीता, सुभाष देव भारती, सुमन सेन, मिस्टर शिवम प्रीत, भूपेंद्र पंवार,रमेश चंद्र सिंह के साथ-साथ अन्य कई और भी कलाकार भाग ले रहे हैं। राइटर, इकराम सैफी,आर्टिस्ट में डॉ ब्रजवीर जांघेर, बाल कलाकार आदित्य जांघेरी, दीपा बालियान आर्टिस्ट में एक ओर मुकेश शर्मा, मेकअप खुशबु खान, डी ओ पी, विजय सिंह राठौर, गीता सिंह दिल्ली आदि शामिल हैं।




# गणेशधाम में जरूरत मंदों को किया गया कंबल वितरण

**मोरना।** तेज़ ठंड के प्रकोप को ख्रष्टिगत रखते हुए प्रशासन के साथ साथ समाज सेवी भी सेवा मे जुट गये हैं। पिछले कई दिनों से जहां तेज़ ठंड से नागरिक ठिठुर रहे हैं।वहीं तेज ठंड से बचाव को शुकतीर्थ गणेशधाम मे समाज सेवा करते हुए जरूरतमंदों को गर्म कंबल का वितरण किया गया। तथा प्रसिद्ध चिकित्सको के द्वारा साधु संतो के स्वास्थ्य की जांच की गयी व औषधि का निरूशुल्क वितरण किया गया।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ के प्रसिद्ध गणेशधाम मे समाज सेवा को लेकर रॉयल सिटीज़न क्लब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संतो सहित ज़रूरतमंदो को गर्म कंबल का वितरण किया गया।व आयोजित स्वास्थ्य शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा सहित नागरिकों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई वह औषधि का वितरण भी किया गया। चेयरमैन अनिल तायल ने कहा की ज़रूरतमंदो की सेवा बड़े पुण्य का काम है।तेज़ ठंड से बचाव को ज़रूरतमंदो को कंबल का वितरण किया गया है।व स्वास्थ्य शिविर लगाकर सेंकड़ो व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच कर निरूशुल्क औषधि का वितरण किया गया। व भंडारे मे भोजन प्रसाद का वितरण किया गया है। इस अवसर पर व्यापकपुरी, संजय अग्रवाल, आर एन अग्रवाल,राजेश गर्ग जय प्रकाश सूरज प्रकाश,राकेश जैन अशोक मित्तल, प्रदीप मित्तल, आशु आरोहा, कृष्ण कुमार बंसल, डॉ.अरुण अरोरा, डॉ. राजेश मारवाह,डॉ.गजराज सिंह प्रमोद माहेश्वरी,विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# झिंझाना पुलिस ने 1.02 करोड़ की स्मैक के साथ किए दो तस्कर गिरफ्तार

**नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान में मिली बड़ी कामयाबी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर के तहत थाना झिंझाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में बुधवार को टपराना अगडीपुर चौराहे पर एक चालक सहित मोटरसाइकिल को रोका गया। छानबीन में 510 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 2 लाख रुपये) बरामद हुई।

पुलिस पछताछ मेंअ इसमें तस्करों ने अपने नाम अरशद पुत्र इस्लाम, व शारिक पुत्र शाहदीन निवासीगण पावटी कलां, थाना कैराना, जनपद शामली बताए। तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। इस मामले में थाना झिंझाना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्तों के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक्स की जांच की जा रही है। नशा तस्करों को पकड़ने वाली टीम में विरेंद्र कसाना, प्रभारी निरीक्षक थाना झिंझाना, उप निरीक्षक अंकुर चौधरी, हैड कांस्टेबल अमित सांगवान, कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल अनुज कुमार शामिल रहे।

शामली पुलिस ने जनपद के सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सब मिलकर नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर बढ़ें और जनपद को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।





# कुंभकर्णी नींद से जागा एमडीए, कालोनियां की ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** देर से ही सही एमडीए विभाग कुभंकर्णी नींद से जागा है। कस्बे के तीतरवाड़ा रोड पर मंगलवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्धएमडीएऋ ने अवैध कालोनाइजरों के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए दो अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।इस दौरान भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। सुरक्षा के .ष्टिगत मौके पर पुलिस बल व राजस्व टीम मौजूद रही।

दोपहर करीब एक बजे मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम सहायक अभियंता हितेश कुमार तथा अवर अभियंता विनय कुमार गर्ग के नेतृत्व में एमडीएम की टीम कैराना पहुंची और बिना किसी देरी के बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी। टीम ने उन कॉलोनियों में की गई अवैध प्लॉटिंग, आंतरिक सड़कों और निर्माण कार्य को जमींदोज कर दिया, जो बिना ले-आउट स्वीकृति और नियमानुसार अनुमति के विकसित की जा रही थीं। अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में बताया कि संबंधित निर्माणकर्ताओं को पहले ही नोटिस देकर चेतावनी दी जा चुकी थी, इसके बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। चेतावनी की अवहेलना पर मंगलवार को निर्णायक कार्रवाई अमल में लाई गई। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

किसी भी तरह के विरोध, दबाव या अवरोध की संभावना को देखते हुए तहसीलदार कैराना अर्जुन सिंह, कानूनगो विनोद, लेखपाल लवकेश के साथ भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। अधिकारियों के अनुसार अभियान पूरी सख्ती के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। एमडीए अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यह कार्रवाई सिर्फ शुरुआत है।

अवैध कॉलोनियों, बिना नक्शा स्वीकृति के निर्माण और नियमों के विरुद्ध की जा रही प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ न केवल ध्वस्तीकरण बल्कि कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसी भी स्तर पर अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं मिलेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध कॉलोनियों में निवेश करना अपने पैसों को जोखिम में डालने के बराबर है।

## एक नजर

### पुलिस ने अभियान चलाकर काटे 10 बाइकों के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 दो पहिया वाहनों के चालान किए। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। मंगलवार को पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर 10 बाइकों के चालान काटे। उपनिरीक्षक विनोद राघव ने बताया कि दोपहिया वाहन चाल. कों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। इस दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग व बिना नम्बर प्लेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए उनके चालान किए गए हैं, वहीं कई चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली के प्रांगण में मंगलवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआईपी एबेकस की प्रबंधक मृदुला जैन ने की, जबकि संचालन मीनाक्षी शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता कविता गुप्ता ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत करना है। नारी समाज के विकास की आधारशिला है और मानव संसाधन के संरक्षण से लेकर पोषण तक हर क्षेत्र में उसका विशेष योगदान है। महिला थाना प्रभारी मो. निका चौहान ने कहा कि भारतीय परंपरा में स्त्री शक्ति को अनेक रूपों में देखा गया है। वह केवल पालन-पोषण करने वाली ही नहीं, बल्कि संस्कार, विद्या, विवेक, सत्य और मर्यादा की रक्षा करने वाली तथा प्रकृति, जल, वायु और वन की संरक्षक भी है। उन्होंने कहा कि इन गुणों को अपनाकर ही एक सशक्त और संतुलित समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर कल्पना, रेनू कालरा, राधा वर्मा, सुदेश, मोना मित्तल, ईशु, दीपिका आर्य, बालेश, नि. कता शर्मा, आंचल देवी उपस्थित रहीं।

### मकर संक्रांति का अवकाश 15 को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को घोषित निर्बन्धित अवकाश को निरस्त कर अब 15 जनवरी गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिला. धिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने शासन की विज्ञप्ति के अनुपालन में जनपद शामली में 15 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए वर्ष 2026 की अवकाश सूची को संशोधित किया है।

### कैराना में हत्या के मामले में 25 हजार का इनामी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना कैराना क्षेत्र के ग्राम मामौर के जंगल में हुई हत्या की घटना में पुलिस ने 25 हजार रूपए के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश खत्री निवासी कस्बा व थाना कुण्डली, जिला सोनीपत द्धहरियाणाऋ के रूप में हुई है। विदित रहे कि गत 16 जून को ग्राम कुराड़, थाना सनौली, जनपद पानीपत (हरियाणा) निवासी रोहित कुमार के पिता देवेंद्र व इस्लाम पुत्र अलीमुद्दीन पर कुछ लोगों ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया था। हमले के दौरान देवेंद्र को गोली भी मारी गई थी। गंभीर रूप से घायल देवेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में वादी की तहरीर पर थाना कैराना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित इनामी आरोपी सतीश खत्री को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# आत्महत्या के लिए महिला पहुंची यमुना ब्रिज, पुलिस ने बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गृह क्लेश के चलते दो बच्चों की मां आत्महत्या करने के लिए यमुना ब्रिज पहुंच गई, जैसे ही छलांग लगाने के लिए बाउंड्री पर चढ़ी तो पुलिसकर्मी ने तुरंत उसे पकड़ लिया,जिससे उसकी जन बच गई। महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

मंगलवार दोपहर नगमा पत्नी इस्तकार निवासी मुजफ्फरनगर अचानक यमुना ब्रिज पर पहुंच गई।इस दौरान महिला यमुना नदी में छलांग लगाने के लिए क्षतिग्रस्त पुल की बाउंड्री पर चढ़ गई। यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पर तैनात कोस्टेबिल रामकुमार की नजर महिला पर पड़ गई।

तुरन्त पुलिसकर्मी महिला को बचाने के लिए दौड़ पड़ा और उसने आत्महत्या करने की कोशिश कर रही महिला की जान बचा ली। पूछताछइन महिला ने बताया कि वह काफी दिनों से अपने मायके मोहल्ला आर्यपुरी में रह रही है। महिला ने बताया कि लगभग 9 साल पहले इसकी शादी इस्तकार के साथ हुई थी, जिसके बाद उसने दो बच्चों को जन्म दिया। पति 3 आल पहले सऊदी अरब में यह कहकर नौकरी करने के लिए गया था कि डेढ़ साल बाद वापस आ जाऊंगा, जब तीन साल बीत गए तो पत्नी ने पति को वापस आने के लिए कहा तो वह आना कानी करता रहा। इसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि विवाहिता यमुना ब्रिज पर आत्महत्या के लिए पहुंच गई। गनीमत यह रही कि समय रहते पुलिसकर्मी की नजर उस पर पड़ गई,जिसके बाद उनकी जान बच गई। पुलिस ने उसके परिजनों की बुलाकर विवाहिता को उसके सुपुर्द कर दिया है।

# कोहरे से घिरी सड़कों पर दो अलग-अलग हादसों में दो घायल, वाहन क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** घने कोहरे के कारण चौसाना क्षेत्र की सड़कों पर पिछले 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग सड़क हादसे हो गए। इन हादसों में एक ट्रक और एक ओमनी वैन क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। गनीमत यह रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन कोहरे और सड़क पर लाप. रवाही से खड़े भारी वाहनों ने यातायात माह मे यातायात सुरक्षा की पोल खोल दी है। बता दें कि बल्लामाजरा से ऊन की ओर जा रहे एक ट्रक को विपरीत दिशा से आ रहे पुराल के बंडलों से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

इस हादसे में ट्रक चालक इरफान को मामूली चोटें आईं। वही दूसरी ओर भोगीमाजरा से टोडा मार्ग पर एक अन्य हादसा हुआ। यहां सड़क के बीचो-बीच खड़े भूसे के बंडलों से भरे ट्राले से एक ओमनी वैन टकरा गई। ओमनी वैन शामली से देहात क्षेत्र में अखबार बांटने जा रही थी। घने कोहरे के कारण चालक को सड़क पर खड़ा ट्राला दिखाई नहीं दिया, जिससे यह दुर्घटना हो गई। हादसे में ओमनी चालक अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। कोहरे के मौसम में बिना





चेतावनी संकेतों के सड़क पर खड़े भारी वाहन लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। फिलहाल इन दोनों घटनाओं के संबंध में किसी भी पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव वेदखेड़ी निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, उत्पीड़न और तीन तलाक देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी लगभग 16 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से गांव रामड़ा थाना कैराना निवासी साजिद पुत्र रियासत के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके चार बच्चे भी हैं। महिला का आरोप है कि उसके पति साजिद, जेठ साबिर, देवर वाजिद तथा अन्य परिजन आए दिन उससे झगड़ा करते थे और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पीड़िता का कहना है कि 13 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 12 बजे पति व उसके परिजन उसके मायके गांव वेदखेड़ी पहुंचे और नशीले पदार्थों के कारोबार के लिए पांच लाख रूपए की मांग की। जब उसने असमर्थता जताई तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। महिला का आरोप है कि इसी दौरान उसके पति ने गांव के लोगों के सामने तीन बार तलाक कहकर उसे तलाक दे दिया। घटना के बाद गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। पीड़िता का कहना है कि अब वह न्याय के लिए पुलिस की शरण में आई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई चाहती हूं । कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया मामले की तहरीर प्राप्त हुई है, मुकदमा दर्ज किया गया है।जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किया है। मंगलवार को एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए गए चौकिंग अभियान में एक अभियुक्त रोहित पुत्र स्व योगेन्द्र निवासी ग्राम निरपुडा थाना दोघट जनपद बागपत को बरला जट वाले रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसकी तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।






## ऑनलाइन होटल बुकिंग के नाम पर 39,300 रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के ग्राम मुंडेट खादर निवासी विनय पुत्र जगपाल ने थाने में तहरीर देकर ऑनलाइन ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 13 दिसंबर 2025 को वह किसी वेबसाइट के माध्यम से मध्यप्रदेश में एक होटल की बुकिंग कर रहा था।

इसी दौरान वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर 7355896469 पर उसने संपर्क किया। आरोप है कि उक्त नंबर पर बात करने वाले व्यक्ति ने होटल बुकिंग के नाम पर 39,300 रूपए फोनपे के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए। रुपये ट्रांसफर होने के बाद संबंधित मोबाइल नंबर बंद हो गया और कोई संपर्क नहीं हो सका। पीड़ित विनय ने बताया कि उसने इस संबंध में ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करा दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल की मदद से ठग तक पहुं. चने का प्रयास किया जा रहा है।

# कड़ाके की ठंड व बर्फीली हवाओं से हड्डियों में दर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं ने लोगों को पूरी तरह जकड़ लिया है। मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे हाईवे और शहर के प्रमुख मार्गों पर .श्यता बेहद कम हो गई। कोहरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कई स्थानों पर यातायात की रफ्तार थमी रही।

मंगलवार को मौसम का अधि. कतम तापमान 17 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय आसमान में घरा कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सवेरे 11 बजे तक भी मौसम का तापमान 8 डिग्री सैल्सियस बना रहा। कोहरा इतना घना था कि कुछ दूरी पर खड़े वाहन भी नजर नहीं आ रहे थे। हाईवे पर वाहन रेंगते हुए चलते दिखे, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। काम पर जाने वाले लोग भी ठिठुरते हुए नजर आए। दिनभर बर्फीली हवाएं चलती रहीं, जिससे तापमान में और गिरावट महसूस की गई। लोग गर्म कपड़े, टोपी, मफलर और दस्ताने पहनकर घरों से बाहर निकले। सर्द हवाओं के चलते बाजारों में भी रौनक कम रही और ग्राहक नदारद दिखाई दिए। दुक. ानदारों का कहना है कि ठंड की वजह से खरीदारी पर भी असर पड़ा है। ठंड का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाकर रखना चाहिए।



## मिशन शक्ति फेस-5.0 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस-5.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना थानाभवन की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बा थानाभवन के विभिन्न बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया गया। उपनिरीक्षक लोकेश कुमार एवं महिला हेड कांस्टेबल विनीता ने बाजारों में भ्रमण कर बालिकाओं व महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम व ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी तथा बाल अपराध जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। टीम ने महिलाओं को सतर्क रहने के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं।

# मिर्जापुर पुलिस से मुठभेड़ में नशा तस्कर को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस की चेकिंग के दौरान शेरपुर पेलो पुलिया पर बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी है। जवाबी फायरिंग मे पुलिस की गोली पैर मे लगने से एक नशा तस्कर घायल हो गया है। जिसके कब्जे से अवैध हथियार व नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ है।

मिर्जापुर थाना प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि सोमवार की रात पुलिस टीम शेरपुर पेलो पुलिया पर चेकिंग कर रही थी स तभी सामने से बाइक सवार आते दिखाई दिए स जिन्हे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और पुलिस की जवाबी फायरिंग मे पैर मे गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया।



घायल व्यक्ति की पहचान नशा तस्कर नदीम पुत्र नाजिम निवासी रायपुर के तौर पर हुई है। जिसके कब्जे से पुलिस ने 550 ग्राम नशीला पदार्थ चरस व अवैध हथियार व बाइक बरामद की है।

थाना प्रभारी सूबे सिंह ने बताया की नशा तस्कर नदीम के खिलाफ करीब एक दर्जन मुकदमे विभिन्न धाराओं मे दर्ज है।

## कबड्डी फाइनल जीतने पर खिलाड़ी अर्जुन का स्वागत

**तीतरों।** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग का फाइनल जीतने पर गांव में पहुंचे अर्जुन टरड़क का ग्रामीणों ने ढोल धमाकों के साथ स्वागत किया। अर्जुन को काशी किंग टीम ने हायर किया था। फाइनल मुकाबला लखनऊ लायन के साथ खेला गया जिसमें काशी किंग ने लखनऊ लायन को 6 अंकों से हरा दिया।

नोएडा में आयोजित इस मुक. ाबले में काशी किंग की टीम ने 13 मैच खेले। अर्जुन की भूमिका टीम में डिफेंडर तथा रेडर की थी। जैसे ही फाइनल मुकाबले में ग्रामीणों को जीत का पता चला तो गांव में खुशी का माहौल बन गया।

गांव में पहुंचे अर्जुन का किसान सहकारी समिति के अध्यक्ष चौधरी ठाठ सिंह, मांगेराम, योगेश चौधरी, अमर चौधरी, योगेश रादौर, चौधरी दिनेश प्रमुख, रामकुमार शर्मा, सुरेश चौधरी, सहसपाल आदि ने ढोल धमाकों के साथ स्वागत किया।

# अवैध शारीरिक सम्बन्ध का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने तथा मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि लगभग बीस दिन पूर्व एक पीड़िता द्वारा आरोपी बृजपाल पुत्र बिरमपाल निवासी मोहल्ला कोठीवाला कस्बा व थाना चिलकाना के खिलाफ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने व कपड़े आदि फाडने के आरोप में दी गई तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा वादिया की तहरीर पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गयी थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान आरोपी द्वारा वादिया के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाये जाने का मामला सामने आने पर पुलिस द्वारा मुकदमे में धारा 69



बीएनएस की वृद्धि की गयी थी। एसएसपी आशीष तिवारी द्वारा मामले पर संज्ञान लेते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए थाना पुलिस को आदेशित किया गया।

तत्पश्चात थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी बृजपाल पुत्र बिरमपाल निवासी मोहल्ला कोठीवाला कस्बा व थाना चिलकाना को पटनी तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, महिला उप निरीक्षक सुमन, हैड कॉस्टेबल धर्म सिंह, कॉस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहे।

# भांगड़ा की थाप पर बांटी रेवडी व मूंगफली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लायंस क्लब सेंट्रल ने उमंग और उल्लास के साथ लोहड़ी पर्व मनाया। जहां भांगड़ा और गिद्दा नृत्य के साथ उत्साह देखते ही बनता था वहीं मिष्ठान और रेवड़ी मूंगफली वितरित की गई।

संगम गार्डन में लोहडी पर्व बडी धूम-धाम के साथ मनाया गया। पर्व का आरम्भ मुख्य अतिथि लायन क्लब के डिस्ट्रिक गर्वनर विनय सिसौदिया, जॉन अतुल मित्तल, लायन अरविंद कपूर, कार्यक्रम संयोजक अरविंद टेबक, रविशंकर गर्ग आदि ने दीप जला कर किया। अरदास बाबा निर्मल सिंह ने कराई। धार्मिक सौहार्द में पर पूर्व चेयरमेन नोमान मसूद और अन्य अतिथियों ने लोहड़ी अग्नि प्रज्वलित की। लोहडी आपसी प्रेम, सौहार्द, खुशी और उमंग का त्योहार है। साथ ही यह जीवन में चेतना सृजित भी करते है। प्रसाद के रूप में मकी, मुगफली, रेवडी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ढोल की थाप पर लोहडी के लोक गीत गाने के बाद पंजाबी भांगडा, गिद्दा प्रस्तुत किया। एक दूसरे को बधाई देने के बाद कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष दीपक बंसल, सुशील ऐरन, प्रदीप तायल, दीपांशु गोयल, पल्लवी अरोडा, पंकज कुमार, वासु गोयल, अशोक ठकराल, अंकित अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार, सुभाष सैनी, साजिया मसूद अजय खन्ना आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक पल्लवी अरोड़ा, अरविंद टेबक ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगो का आभार व्यक्त किया और संचालन भी किया।

# रोजगार की गारंटी छीनना चाहती है भाजपा: श्वेता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कॉग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि भाजपा मनरेगा को रद्द करके देश के करोड़ों मजदूरों से रोजगार की गारंटी छीनना चाहती है। कांग्रेस मनरेगा को बचाने के लिए संघर्ष करेगी।

क्षेत्र के ग्राम नन्दपुर में श्रीमती पंकज सैनी के निवास पर मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महिला कॉग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि कॉग्रेस सरकार ने देश के मजदूरों के कल्याण के उनके रोजगार की गारंटी देते हुए महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना लागू की थी जिसका लाभ लगातार मजदूरों को मिल रहा था। लेकिन अब भाजपा सरकार मनरेगा को रद्द करके देश के करोड़ों मजदूरों से रोजगार गारंटी छीनना चाहती है।श्वेता सैनी ने कहा कि नया विधेयक मजदूरों के हित में नहीं है इसलिए इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस हमेशा मजदूरों किसानों और आम जनता के साथ खड़ी रही है और अब भी उनके हित के लिए संघर्ष करेगी। इस दौरान सीता भारद्वाज, अंदलीब इरम, रीता बब्बर, उपमा सिंह, रेखा धीमान, शर्मिष्ठा, रुखसार, पूजा, राखी, प्रीती आदि मौजूद रही।

## सिलेंडर के पाइप में लगी आग से अफरा तफरी

**गंगोह।** गंगोह के लखनौती रोड स्थित एक मकान में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रसोई में खाना बनाते वक्त गैस सिलेंडर के पाइप में अचानक आग लग गयी। रसोई में मौजूद महिला ने शोर मचा दिया।

शोर सुनकर अडोसी पडोसी अपने घरों से बाहर निकल आयें। परिवार और मोहल्ले वासियों ने तत्परता दिखाते हुए रेत और बोरी डालकर आग पर काबू पाने की को. शिश की। इसी बीच पडौस की एक महिला सरला गुप्ता ने साहस दिखाते हुए जलते सिलेंडर को उठाकर घर के बाहर फेंक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बाद में सिलेंडर पर रेत डालकर आग पूरी तरह बुझा दी गई। बाद में फायर ब्रिगेड की गाडी भी पहुंचीए मगर तबतक आग पर काबू पाया जा चुका था।

# 19 से शुरू होगा शत चंडी महायज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गुप्त नवरात्रि के अवसर पर श्री माता वैष्णों देवी धाम परिसर में 19 जनवरी से द्वि शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ मंगल कलश यात्रा से किया जाएगा।

यज्ञ संचालक पं. अवनीश वशिष्ठ ने बताया कि गुप्त नवरात्र के अवसर पर यह आयोजन गंगोह में पहली बार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि द्वि शत चंडी महायज्ञ आरंभ होने से पहले 18 जनवरी को प्रायश्चित कर्म एवं दश विधि स्नान होगा। 19 जनवरी को गणेशाम्बिका सहित पचांग पूजन कराने के बाद मंदिर से मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलेगी जिसमें सभी यजमान शामिल रहेंगे। यात्रा का समापन मंदिर पर ही होगा। 20 जनवरी को सविधि नित्य मण्डप पूजन कराया जाएगा जबकि 21 जनवरी को अरणी मंथन, वैदिक मंत्रों द्वारा अग्नि नारायण का प्राकट्य होगा। यज्ञाचार्य ने बताया कि 22 जनवरी को मंडप पूजन एवं फल सब्जियो द्वारा भगवती का सहस्त्रार्चन कराया जाएगा। 23 जनवरी को भी मण्डप पूजन एवं सहस्त्रार्चन होगा जबकि 24 जनवरी को भी मंडप पूजन होगा। 25 को मंडप पूजन के बाद विशेष भगवत्यार्चन कराया जाएगा। 26 जनवरी को महा यज्ञ की पूर्णाहुति मां भगवती को विशेष भोग अर्पण कराने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# बीकेयू टिकैत जिला इकाई का विस्तार, 26 नए पदाधिकारी बनाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष नरेश स्वामी ने जिला कार्यकारिणी में बड़े पैमाने पर विस्तार किया है संगठन को मजबूत करने और ग्रामीण स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने कुल 26 नए पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी हैं इनमें 5 संगठन मंत्री 7 सचिव 1 मंत्री और 13 कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।

मंगलवार को जारी इस नई सूची के अनुसार, संगठन मंत्री के पद पर चौधरी सुभाष चंद बुढेड़ा रामगोपाल सुहागनी, मोहम्मद आकिल बृजेश सैनी (बोहडपुर) और मोहम्मद असलम को नियुक्त किया गया है सचिवों में मुकर्रम रणधौल सिंह (नानू वाला), धनंजय शर्मा (लडवा) मोहम्मद नासिर (मुजाहि. दपुर), प्रेम सिंह (गंगनौली) पदम सिंह (अल्लीवाला) और चौधरी प्रवीण सिंह (डालनवाला) शामिल किए गए हैं। वहीं, प्रमोद कुमार सैनी (ग्राम पटना) को मंत्री का पद सौंपा गया है।कार्यकारिणी सदस्यों की सूची में अनिरुद्ध राणा (भलस्वा), मनोज राणा (नगला), नरेंद्र कुमार (मांडेवास), रवि कुमार सैनी (मूर्तजापुर), विपिन कुमार (भोजपुर), प्रदीप कुमार, सुरेंद्र सिंह, भगत सिंह, बृजभूषण त्यागी (बास्तम), रजनीश कुमार (लाखनौर), सतपाल सिंह (रनमल. पुर), जोधा सिंह (नंदनपुर) और मोहम्मद अहमद हसन (नागल राजपूत) को स्थान दिया गया है।नरेश स्वामी ने बताया कि यह विस्तार किसानों के हितों की रक्षा, संगठन की जमीनी पकड़ मजबूत करने और आगामी आंदोलनों के लिए तैयारियों को देखते हुए किया गया है।

उन्होने नए पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे क्षेत्र में सक्रिय होकर किसान समस्याओं को संगठन तक पहुंचाएंगे और यूनियन की सदस्यता बढ़ाने में योगदान देंगे।यह कदम जिला स्तर पर बीकेयू टिकैत को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला माना जा रहा है।

किसान नेता इस विस्तार से संगठन की एकजुटता और प्रभाव में वृद्धि की उम्मीद जता रहे हैं।

# दौलतपुर घाट पर एसडीएम की छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** यमुना नदी के दौलतपुर घाट से लगातार हो रहे अवैध रेत खनन की शिकायत पर बीती रात सर्द लहर के बावजूद उप जिलाधिकारी नकुड और कोतवाली प्रभारी द्वारा राजस्व व पुलिस टीम के साथ औचक छापामारी की।

ग्राम दौलतपुर यमुना नदी एरिया से मौके पर ही चार ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रेत खनन करते पाया। उप जिलाधिकारी नकुड राजेन्द्र कुमार और कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार द्वारा राजस्व व पुलिस पार्टी को देखते ही अवैध खनन करने वालों में हडकम्प मच गया। और रेत खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को उसका मालिक छोड़कर भाग खडा हुआ। जबकि तीन अन्य अपनी रेत से भरी ट्रोलियों को मौके पर ही छोडकर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गये।

एसडीएम ने एक ट्रैक्टर को मय ट्राली और तीन ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर पुलिस की सुपुदर्गी में दे दिया। अवैध रेत खनन करने के आरोप में चारों के खिलाफ मुकदमा कायम करके जांच शुरु करदी गई है।

# असहाय व जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कडाके की ठंड के चलते सर्दी से बचाव के लिए असहाय व जरूरतमंद लोगो को इस्लामिया एजुकेशनल एवं चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा कंबल बाटें गए।




इस्लामिया डिग्री कालेज प्रागण में इस्लामिया एजुकेशनल एवं चैरिटेबल सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में सोसाइटी के चेयरमैन डा. अजीम उल हक ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई और पुण्य कार्य नहीं है। उन्होने कहा कि समाज में आज भी ऐसे अनेक लोग हैं, जो कड़ाके की ठंड में गर्म कपडों के अभाव में परेशानी झेल रहे हैं। ऐसे जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना ही सोसाइटी का उद्देश्य है। उन्होंनें समाज के संपन्न लोगों से आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि संस्था का प्रयास है कि असहाय व जरूरतमंद लोगो तक सहायता पहुंचाकर इस कड़ाके की ठंड में उन्हें कुछ राहत प्रदान की जा सके। उन्होने कहा कि संस्था आगे भी लोगो की मदद के लिए हर संभाव प्रयास करती रहेगी।

## ठाकुर जी को लगाया भोग, भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में चल रहे खिचड़ी उत्सव में दिनों दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। मंगलवार को ठाकुरजी को रसगुल्ले, गाजर का हलवा, समोसे व कचरी पापड़ का भोग लगाया गया। भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। प्रातः काल श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी की विधि विधान के साथ मंगला आरती की। श्रद्धालुओं ने नई पोशाक में ठाकुर जी व राधा रानी के दर्शन किए। इस दौरान गायकों ने मंगल स्यामा स्याम किशोर, मंगल कुंज महल अभिराम और अरस परस, मुसिकात जात बतरात बात बोलत बिच बिचरी आदि पदावलियों का गायन किया।

मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया कि खिचड़ी उत्सव में गाई जाने वाली पदावली सुनने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उत्सव 20 जनवरी तक चलेगा। इस मौके पर प्रियांशु गोस्वामी, नीरज गोस्वामी, नितेश महाराज, राजकुमार जाटव, संतोष वर्मा, अरुण वर्मा व नवीन वर्मा आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

## लोहडी में दिखी परम्परा व संस्कृति

**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में लोहड़ी का पर्व पारंपरिक रूप से मनाया गया। अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने पर्व को मनाया तथा जमकर धमाल मचाया। लोहड़ी पर्व क्षेत्र में अनेक स्थानों पर मनाया गया। इस पर्व को सिक्खों व पंजाबी समुदाय ने पारंपरिक रूप से मनाया। इस अवसर पर पंजाबी गानों की धूम रही। पर्व के दौरान आग जला कर उसकी पूजा कर उसमें रेवड़ी मूंगफली आदि की आहुति दी गई। जगह-जगह ढ़ोल की थाप पर युवा वर्ग ने जमकर भंगड़ा किया। महिलाएं भी इस अवसर पर पीछे नही रही। इस कार्यक्रम में मूंगफली रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया। गुरूद्वारों मे भी इस अवसर पर मत्था टेका। मंगलवार को रेवड़ी व मूंगफली बेचने वालों के यहां खरीदने वालों की भीड़ लगी रही।

# पर्वों को धूमधाम से मनाया

**गंगोह।** श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में लोहड़ी पर्व व मकरसंक्रांति धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने प्रेम व्यवहार तथा भाईचारे से त्यौहरों को मिलजुल कर मनाने का संदेश देते हुए सभी को लोहड़ी व मकर संक्रान्ति की शुभकामनाएं।

कालेज के प्रधानचार्य शुभम गुप्ता ने सभी को प्रेमपूर्ण व्यवहार तथा भाईचारे से सभी त्यौहरों को मिलजुल कर मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पौष के अंतिम दिन सूर्यास्त के बाद मकर संक्रांति से पहली रात मनाया जाता है। लोहड़ी से जुड़ी परंपराओ और रीति रिवाजों से ज्ञात होता है। दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि-दहन की याद में ही यह अग्नि जलाई जाती है। इस अवसर पर विवाहिता पुत्रियों को माँ के घर से त्योहार वस्त्र, मिठाई, रेवड़ी, फलादि भेजा जाता है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहित कुमार व पुत्रवधू किरण उर्फ काकुल को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री बरफूल सिंह निवासी कृष्णा धाम कालोनी, मल्हीपुर रोड, सहारनपुर।**

# कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो घायल किए हायर सैंटर रेफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे में कार सवार भी चोटिल हुए हैं। बाइक सवारों को गंभीराव्यवस्था के चलते सरकारी अस्पताल से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे में एक युवक बाल-बाल बच गया।



बचीटी गांव निवासी 18 वर्षीय शौकीन गांव के अपने साथी 19 वर्षीय अरमान व एक अन्य को बाइक पर साथ लेकर देवबंद आ रहे थे। दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित राणा गैस एजेंसी के समीप सामने से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें शौकीन और अरमान गंभीर रुप से घायल हो गए, जबकि तीसरा युवक हादसे में बाल बाल बच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत के चलते मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार तीन लोग भी मामूली रुप से चोटिल हुए, जिन्हें प्राईवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। बताया गया है कि युवक बाइक पर सवार होकर देवबंद बर्गर खाने के लिए आ रहे थे। पुलिस का कहना है कि घायल बाइक सवार युवकों के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। कार को पुलिस ने कब्जे में लिया हुआ है।

## शुगर मिल ने किसानों के गन्ने का किया भुगान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शुगर मिल ने किसानो से खरीदे गए गन्ने का भुगतान करने के साथ ही किसानो से अपील करते हुए कहा कि वह कोल्हू में गन्ना न देने के बजाये मिल में ही गन्ने की आपूर्ति करें ताकि मिल सुचारू रूप से चलता रहे।

त्रिवेणी शुगर मिल ने 9 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का 21.52 करोड़ रुपये भुगतान कर दिया है। मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने उक्त जानकारी देते हुए किसानों से अपील की है कि वे अपने गन्ना की आपूर्ति कोल्हू आदि में न कर केवल चीनी मिल को ही करें। चीनी मिल व क्रय केंद्रों पर स्वच्छ, सुथरा, अगोला जड़ एवं पत्ती रहित गन्ने की ही आपूर्ति कर त्वरित भुगतान प्राप्त करें।

# पालिका ने निराश्रितों के लिए बनाए रैन बसेरे

## अलाव की उचित व्यवस्था न होने से लोगों को ठंड में हो रही असुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिका परिषद द्वारा निराश्रितों को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरे तो बनाए गए है, लेकिन वहां अलाव की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ठंड से बचने के लिए कूड़ा इकट्ठा कर आग जलानी पड़ रही है।



मंगलौर बस स्टैंड पर बनाए गए अस्थायी रैन बसेरे में रुकने वाले लोगों को ठंड से अधिक राहत पहुंच. ाने के लिए पालिका परिषद की ओर से अलाव की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिस कारण यहां रुकने वाले लोगों को कूड़ा आदि इकट्ठा कर आग जलाकर ठंड से बचने का जुगाड़ करना पड़ रहा है। आसपास के दुकान अरविंद, राहुल, अरकम, सलीम आदि लोगो का कहना है कि पालिका अलाव तो जलावारही हैं, लेकिन लकड़ी पतली और इतनी कम डाली जा रही है कि वह कुछ ही घंटे में जलकर खत्म हो जाती है।

## शाज़िया नाज़ ने संगठन में उपाध्यक्ष किया मनोनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व उपभोक्ता संगठन भारत का विस्तार करते हुए सुशील कुमार को संगठन में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर आशा जताई है कि इनके मनो. नियन से उपभोक्ताओं को जागरूक कर अपनी भूमिका निभाएंगे। विश्व उपभोक्ता संगठन भारत की महासचिव एड. शाजिया नाज ने गांव रणसुरा निवासी सुशील कुमार पुत्र रामचंद्र को संगठन की मंडल सहारनपुर कमेटी में उपाध्यक्ष मनोनीत किया है तथा आशा व्यक्त की है कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का प्रचार प्रसार करते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# विवाहिता को बहला फुसलाकर बनाए अवैध संबंध, दो पर मुकदमा

## झासें में लेकर लाखों रुपये के जेवरात बेचने का भी आरोप पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने गांव निवासी एक युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने और चार दिन तक अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके जेवरात भी बेच दिए हैं। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कैराना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती की शादी क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक युवक के साथ हुई थी।

विवाहिता का आरोप है कि उसके गांव के ही तोहिद पुत्र कासिम का पीड़िता की ससुराल में आना जाना था। आरोप है कि 26 दिसंबर की रात्रि को तोहिद ने पीड़िता को फोन कर बताया कि वह गांव में आया हुआ है और तुझसे मिलना चाहता है। आरोप है कि आरोपी रात्रि में ही पीड़िता के घर पहुंच गया और पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि चार दिन तक आरोपी ने पीड़िता को एक कमरे में रखकर अवैध संबंध बनाए, ओर पीड़िता की सोने की बाली और अंगुठी सुनार को बेच दी। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता को बहला फुसलाकर ले जाने में इमरान निवासी सुन्हैटी कैराना का भी हाथ है। पीड़िता ने किसी तरह से मामले की सूचना अपने पिता को दी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर तोहिद व इमरान के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर महिला सहित तीन पर लूट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना** क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण, घर से जेवरात व नकदी लूट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने अदालत के आदेश पर महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम हसनपुर निवासी संजय द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर माननीय न्यायालय के आदेश पर थाना झिंझाना पुलिस ने अनुज, स्वाति और मैनपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित के अनुसार आरोपितों ने 9 अक्तूबर 2025 को दोपहर के समय घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात और मकान निर्माण के लिए रखी गई 1 लाख 20 हजार रूपए की नकदी जबरन उठा ली। आरोप है कि इस दौरान पीड़ित की पुत्री को जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपहरण कर लिया गया। घटना के बाद शिकायत करने पर आरोपितों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पहले पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी। कोर्ट के आदेश पर अब मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# एएसपी ने थाना पुलिस के साथ किया फ्लेग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन थाने पहुंचे एडिशनल एसपी सुमित शुक्ला ने सोमवार की देर शाम थाना भवन नगर में पुलिस टीम के साथ फ्लैग मार्च किया। थानाभवन नगर में एडिशनल एसपी सुमित शुक्ला ने थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावत व पुलिस टीम के साथ बाजार व मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त की। व्यापारियों से संवाद कर कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा दिलाया और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने की अपील की। साथ ही प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में चल रहे दस दिवसीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने कस्बे के मुख्य मार्ग पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों से आने-जाने वाले लोगों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।छात्राओं ने लोगों से गलत दिशा में वाहन न चलाने, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क संकेतों का पालन करने की अपील की। जागरूकता अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ। श्याम बाबू एवं सह-संयोजक अंकिता त्यागी के निर्देशन में किया गया।

# डॉ. आयशा दहेज हत्या मामले में पति समेत चार दोषियों को सजा

## नौ साल बाद आया अदालत का फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र में चर्चित डॉ। आयशा दहेज हत्या मामले में करीब नौ वर्ष बाद न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या-8 की पीठासीन अधिकारी नेहा गर्ग ने दोषी पति डॉ. शहजान आसिफ को 15 वर्ष तथा ससुर सगीरुद्दीन, जेठ अमजद और देवर आरिफ को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

मूल रूप से सहारनपुर के राजूपुर निवासी एवं वर्तमान में अंबा विहार में रहने वाले जब्बार हुसैन ने अपनी बेटी डॉ। आयशा का विवाह 16 नवंबर 2015 को थानाभवन निवासी डॉ। शहजान आसिफ के साथ किया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज में रूपए और कार की मांग की जाने लगी। प्रताड़ना से परेशान आयशा ने इसकी जानकारी अपने मायके पक्ष को दी थी।

16 नवंबर 2016 को डॉ। आयशा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे से लटका मिला। अगले दिन 17 नवंबर 2016 को मृतका के परिजनों ने पति शहजान आसिफ, ससुर सगीरुद्दीन, जेठ अमजद और देवर आरिफ के खिलाफ थाना थानाभवन में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि आयशा की हत्या कर इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया।

पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या.8 में चली। सोमवार को न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए पति शहजान आसिफ को धारा 304बी भादवि के तहत 15 वर्ष का कारावास, जबकि सगीरुद्दीन, अमजद एवं आरिफ को इसी धारा में 10-10 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को धारा 498ए भादवि में 3-3 वर्ष का कारावास एवं 25-25 हजार रूपए अर्थदंड, धारा 323 भादवि में 1-1 वर्ष का कारावास तथा धारा 3व4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 2-2 वर्ष का कारावास एवं 10-10 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतने का भी प्रावधान किया गया है।

उधर, दोषियों के पड़ोसियों का कहना है कि पिछले दो दिनों से उनका घर बंद था और वे अपनी तारीख पर गए हुए थे। सोमवार को उन्हें जानकारी मिली कि न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को सजा सुना दी गई है। यह फैसला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ऑल इंडिया स्तर की खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय सेना द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से शामली जनपद में ऑल इंडिया स्तर की खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अजय, तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके आर्य मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में वीवी इंटर कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में



मेजर नवनीत गिल, सूबेदार इशाक, सूबेदार रविंदर, अमरपाल सिंह तथा योगेंद्र मलिक की अहम भूमिका रही, जिनके कुशल निर्देशन में आयोजन अनुशासित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। उन्होने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम हैं। खेलों से शारीरिक व मानसिक सु.ढ़ता के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना समाज से जुड़कर युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए ऐसे आयोजन लगातार करती रही है। समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह, रामपाल सिंह, विनय कुमार, अनिल मलिक, विदेश मलिक, सुरेंद्र सिंह, राजबल, ओमबीर, सलेक चंद और चरण सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# साइबर क्राइम पुलिस ने कराए पीड़ित के लाखों रुपये वापस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के नई बस्ती निवासी युवक के खाते से लाखों रूपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित के रूपए वापस कराए हैं। पीड़ित ने साइबर पुलिस का धन्यवाद किया है।कस्बे के नई निवासी अमिश उर रहमान पुत्र अतिकुर रहमान 26 दिसंबर 2025 को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पीड़ित के खाते से अज्ञात ठग के द्वारा आठ लाख रूपए की धनराशि ऑनलाइन ठगी कर ली है। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी थी। मंगलवार को साइबर क्राइम थाना प्रभारी सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित के खाते से आठ लाख रूपए की ठगी हुई थी। साइबर क्राइम की टीम के द्वारा पीड़ित के सात लाख साठ हजार रूपए वापस कराए गए हैं। रूपए वापस होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना शामली टीम का आभार व्यक्त किया है।

## किशोरी को ले जाने पर दो पर अभियोग दर्ज

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के दो युवकों पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि किशोरी घर में रखी लाखों रूपए की नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि घर से बाहर गया हुआ था, जबकि घर पर उसकी पत्नी और 14 वर्षीय पुत्री मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोस के एक युवक और उसके ताऊ के लड़के ने उसकी नाबालिग पुत्री को अपने झांसे में ले लिया और बाइक पर बैठाकर भगा ले गए। घटना के बाद से किशोरी का कोई सुराग नहीं लग पाया ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ला खेल निवासी अ"यर और मौल्बी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की बरामदगी तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# नॉ हेल्मेट नॉ फ्यूल के तहत किया जागरूक

**शामली।** No Helmet No Fuel अभियान के तहत जनपद शामली में सड़क सुरक्षा को प्रभावी रूप से सु.ढ़ करने, यातायात अनुशासन स्थापित करने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस शामली द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं सख्त प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आज दिनांक 13.1.2026 को जनपद शामली में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के अमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से No Helmet No Fuel अभियान के अंतर्गत व्यापक, सघन, सुनियोजित एवं सख्त सड़क



सुरक्षा जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक अभियान को निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया गया।

इसी क्रम में जनपद के प्रमुख एवं अत्यधिक व्यस्त स्थानों बनत चौराहा, विजय चौक, गुरुद्वारा तिराहा, शिव चौक, टिकैत तिराहा सहित अन्य मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस शामली द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के कड़ाई से पालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि हेलमेट न पहनने की स्थिति में ईंधन नहीं दिया जाएगा, क्योंकि हेलमेट का प्रयोग न करना सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोट का प्रमुख कारण है।

यातायात पुलिस द्वारा यह संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है, जिसका प्रयोग प्रत्एक स्थिति में अनिवार्य है। अभियान के दौरान यातायात पुलिस शामली द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । इसी क्रम में अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त प्रवर्तनात्मक कार्रवाई करते हुए कुल 290 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें से 226 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने के पाए गए। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे सड़क सुरक्षा को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझें, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें।

# सड़क सुरक्षा को चलाया विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और लोगों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस शामली द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों, व्यस्त मार्गों और दुर्घटना संभावित स्थलों पर यातायात पुलिस टीमों ने वाहनों की सघन जांच की।

विशेष रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक, बोगी तथा अन्य भारी एवं धीमी गति से चलने वाले वाहनों के चालकों को यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज ने चालकों को बताया कि बिना रिफ्लेक्टर, बिना संकेतक और



लापरवाही से वाहन चलाना न केवल उनके लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा हो सकता है। घने कोहरे और सर्द मौसम को देखते हुए गन्ने से लदे ट्रकों पर रिफ्लेक्टिव कपड़ा लगाया गया तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर लगाए गए। साथ ही हेडलाइट, टेललाइट, ब्रेक लाइट और इंडिकेटर सही हालत में रखने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को गति सीमा का पालन करने, लेन अनुशासन बनाए रखने, ओवरटेकिंग से बचने और सुरक्षित दूरी रखने की सख्त हिदायत दी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## एक नजर

### पतंग के पीछे भाग रहा 6 वर्षीय बालक छत से गिरा, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** शादी समारोह में आए परिवार का 6 वर्षीय बालक अन्य बच्चों के साथ छत पर खेल रहा था कि पतंग के पीछे दौड़ पड़ा जिससे अचानक वह छत से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना भवन के मोहल्ला रोगनगरान निवासी मंजूर पुत्र यासीन का दामाद कैराना निवासी अनवर परिवार सहित थाना भवन ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था। मंगलवार दोपहर अनवर का 6 वर्षीय पुत्र साद अन्य बच्चों के साथ घर की छत पर खेल रहा था कि अचानक साद ने पतंग टूट कर आते हुए देखा तो वह उसके और दौड़ पड़ा। जिसमें वह छत को नहीं देख सका और अचानक छत से नीचे गिर गया। छत से नीचे गिरते ही बालक के सिर में गंभीर चोट आई। परिजनों ने साद को स्थानीय चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। साद को पहले शामली फिर करनाल ले जाया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### युवक के साथ मारपीट में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर घर से बाहर बुलाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी इजहार बादशाह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की शाम को वह अपने घर पर बैठा हुआ था। आरोप है इसी बीच पीडित के घर के बाहर जाबिर पुत्र राशिद, शहजाद पुत्र अली हसन व रशीद उर्फ लारा पुत्र ना मालूम पहुंचे, और पीड़ित को आवाज लगाकर घर के बाहर बुलाया। आरोप है कि तीनों लोगों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो तीनों लोगों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों लोगों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### एलम में आवारा कुत्तों का आतंक, तीन लोगों पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अलग-अलग स्थानों पर आवारा कुत्तों ने तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कस्बे में दहशत का माहौल बन गया। मंगलवार को कस्बा एलम निवासी चंद्रहास किसी आवश्यक कार्य से बाजार जा रहा था। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। दूसरी और महिला ईश्वरी देवी अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी एक कुत्ते ने उस पर झपट्टा मार दिया और उसे घायल कर दिया। इसके अलावा युवक शौर्य पर भी आवारा कुत्ते ने हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। चिकित्सकों के अनुसार समय रहते उपचार मिलने से किसी प्रकार का गंभीर खतरा नहीं है।कस्बे के लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### एक अभियुक्त को सुनाया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए शस्त्र अधिनियम के 1 मामले में एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय के माध्यम से सजा तथा 500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। वर्ष 2007 में अभियुक्त नफे सिंह पुत्र ताराचन्द निवासी ग्राम नैथला थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत के विरुद्ध थाना जीआरपी पर मु0अ0सं0 24/2007 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप आज दिनांक 13.1.2026 को माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा एवं 500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### फब्तियां कसने पर एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत गठित शक्ति मोबा. इल पुलिस टीम द्वारा चेकिंग/गश्त करते समय मोहल्ला शांतिनगर गली 4 के पास आने जाने वाली लड़कियों पर अश्लील फब्तिया कसने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

गिरफ्तारी के सम्बन्ध में महिला थाना शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त उज्जवल उर्फ कबीर पुत्र राजू निवासी मौहल्ला शांतिनगर गली नं0 -04 थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है। जनपद शामली की समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील की जाती है कि यदि किसी भी प्रकार की अभद्रता, छेड़छाड़ या अपराध की जानकारी हो तो तत्काल 1090, 112 या निकटतम थाना/महिला हेल्प डेस्क पर सूचना दें । आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# भारत की नजरें कीवियों से सीरीज जीतने पर



● न्यूजीलैंड के खिलाफ आज होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगी भारतीय टीम

**राजकोट, वार्ता।** भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। बस ऐसे ही, न्यूजीलैंड की नौ मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया है। हालात का असर ऐसा था कि यह पसंदीदा नतीजा था, भले ही उनके विरोधी, भारत, अपने पिछले छह मैचों में 3-3 पर थे। हालांकि, न्यूजीलैंड इस बात से हौसला ले सकता है कि टॉस हारने के बावजूद उन्होंने भारत को मैच के 99वें ओवर तक खींच लिया। उन्हें लगेगा कि अगर वे ऐसा ही कर सकते हैं और कहीं से 20 और रन बना लेते हैं तो वे अपनी अनुभवहीन टीम के साथ भी पूरी ताकत वाली भारतीय टीम को चौंका सकते हैं। दूसरी ओर, भारत को पता होगा कि वे बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न करने के बावजूद जीत गए। उन्होंने न्यूजीलैंड को 300 रन पर रोकने के लिए काफी हद तक अच्छी गें. दबाजी की, लेकिन विराट कोहली के आउट होने के बाद की मुश्किल से खुश नहीं होंगे।

उन्हें चुपचाप विश्वास होगा कि अगर वे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब पहुंच सकते हैं तो वे सीरीज जीत सकते हैं, भले ही वे टॉस हार जाएं और फिर आखिरी वनडे में प्रयोग करने की उम्मीद करें। टॉस की बात करें तो इस नए राजकोट स्टेडियम में चार वनडे का छोटा सा सैंपल साइज है, लेकिन अभी तक किसी भी टीम ने वहां सफलतापूर्वक पीछा नहीं किया है। हालांकि, फॉर्मूला वही रहा है। अगर आप पहले बल्लेबाजी कर रहे हैं तो विरोधी टीम को 350 रन के अंदर ढेर कर दें। कोहली और डेरिल मिशेल इस समय अपनी-अपनी टीमों के सर्वश्रेष्ठ और फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। वे दोनों पहले वनडे में शतक के करीब पहुंच गए थे। हालांकि, कोहली पर टीम का बोझ कम है, जिसकी वजह से वह अपने करियर के आखिरी दौर में खुलकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड को मुकाबले में बने रहने के लिए मिशेल को और ज्यादा मेहनत करनी होगी।

घायल वाशिगटन सुंदर की जगह टीम में आयुष बडोनी को शामिल किया गया है, जिसका मुख्य कारण हाल के दिनों में उनकी पार्ट-टाइम गेंदबाजी में मिली सफलता है।

हालांकि, नीतीश कुमार रेड्डी पहले से ही टीम में हैं। हालात तय करेंगे कि बडोनी को डेब्यू का मौका मिलेगा या नहीं। साथ ही अर्शदीप सिंह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह ले सकते हैं।

**भारत (संभावित):** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी/आयुष बडोनी, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

न्यूजीलैंड (संभावित): डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, विल यंग, डेरिल मिशेल, मिशेल हे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिश्चियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जैक फाउल्क्स, आदित्य अशोक/जेडेन लेनोक्स

वडोदरा की तरह राजकोट में भी मौसम सुहावना है। वडोदरा में इतनी ओस नहीं थी कि गेंद पकड़ने में मुश्किल हो, लेकिन ठंडे तापमान में पिच थोड़ी तेज हो गई थी। अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी को अधिकतम करते हैं, तो राजकोट में टॉस इतना बड़ा फैक्टर नहीं होना चाहिए क्योंकि टीमें अब मध्यम मात्रा में ओस से निपटने की आदी हो गई हैं।

# बांग्लादेश से अपने रुख पर फिर से विचार करे: आईसीसी



यह घटनाक्रम कल दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उनसे आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी भागीदारी पर अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है।

यह घटनाक्रम दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ। बांग्लादेश की भागीदारी पर सवाल बना हुआ है क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने वेन्यू को भारत से सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहा था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में बीसीबी का प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, उपाध्यक्ष शकावत हुसैन और फारूक अहमद के साथ-साथ निदेशक और क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल आबेदीन और सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी ने किया। बीसीबी ने एक बयान में कहा कि चर्चाओं के दौरान, बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत न जाने के फैसले के संबंध में अपनी स्थिति की पुष्टि की। बोर्ड ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैचों को भारत के बाहर स्थानांतरित करने पर विचार करने का भी अनुरोध दोहराया। इसमें कहा गया है कि जबकि आईसीसी ने इस बात पर जोर दिया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पहले ही घोषित किया जा चुका है और बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है, बोर्ड की स्थिति अपरिवर्तित है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि संभावित समाधान खोजने के लिए चर्चा जारी रहेगी।

खेल विशेष

## बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का फैसला काम नहीं आया: नायर

**नवी मुंबई।** यूपी वॉरियर्ज (यूपीडब्ल्यू) के कोच अभिषेक नायर ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को विपक्षी टीम के आधार पर बनाई गई रणनीति बताया और माना कि हरलीन देओल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ ओपनिग कराने का फैसला ग़लत था। उन्होंने इस फैसले की पूरी जिम्मेदारी खुद पर ली। इस मैच में किरण नवगिरे को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, जबकि उन्होंने पहले मैच में ओप. निग की थी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में नायर ने सोमवार को कहा कि हमें लगा कि उस वक्त स्विग करती हुई गेंद के साथ हरलीन पावरप्ले में कुछ वैल्यू जोड़ सकती हैं। इस मैच में यूपीडब्ल्यू, डब्ल्यूपीएल 2026 में अपना लगातार दूसरा मैच हार गई। नायर ने कहा कि हरलीन तकनीकी तौर पर बहुत मजबूत है, लेकिन आज यह रणनीति काम नहीं की और यह एक ग़लत फैसला साबित हुआ। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। लेकिन इसके पीछे सोच यह थी कि टीम को ऊपर कुछ मजबूती मिले और जैसे-जैसे पिच बेहतर हो, तो बाद में हमें नवगिरे का पावर भी मिले। हमने शुरुआत में थोड़ी स्विग की उम्मीद की थी। मुझे लगा कि मध्य क्रम में किरण नवगिरे के लिए ए मैच-अप काम करेगा। आज काम नहीं किया। इसलिए मैं थोड़ा सा नासमझ भी लग सकता हूं। जीटी के खिलाफ यूपीडब्ल्यू के पहले मैच में नवगिरे चार गेंद पर एक रन बनाकर आउट हुई थीं, जबकि देओल दो गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन में थीं। हालांकि फीबी की 78 और निचले क्रम की उपयोगी पारियों ने यूपीडब्ल्यू को 200 के ऊपर के लक्ष्य से काफी क़रीब पहुंचा दिया था और टीम सिर्फ दस रन से हारी थी। इन्हीं उपयोगी पारियों में से एक पारी श्वेता की भी थी, जिन्होंने 17 गेंद पर 25 रन बनाए।

## प्रभसिमरन, गेंदबाजों ने पंजाब को सेमीफाइनल में पहुंचाया



**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान प्रभसिमरन सिंह की 88 रन की शानदार पारी और गेंदबाजों के सधे प्रदर्शन से पंजाब ने मध्य प्रदेश को मंगलवार को 183 रन के बड़े अंतर से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पंजाब ने 50 ओवर में छह विकेट पर 345 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 31-2 ओवर में 162 रन पर निपटा दिया। प्रभसिमरन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। प्रभसिमरन ने 86 गेंदों पर 88 रन की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। हरनूर सिंह ने 51 और अनमोलप्रीत सिंह ने 70 रन का योगदान दिया। नेहाल वढेरा ने 38 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से तूफानी 56 रन बनाए। मध्य प्रदेश की तरफ से त्रिपुरेश सिंह और वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। मध्य प्रदेश की तरफ से रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 38 और त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब की तरफ से सनवीर सिंह ने तीन और गुरनूर बरार, कृष भगत तथा रमनदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

## नॉर्वे शतरंज 2026 से ओस्लो में शिफ्ट होगा



● टूर्नामेंट, नॉर्वे शतरंज महिला के साथ 25 मई से 5 जून तक आयोजित किया जाएगा

**ओस्लो, वार्ता।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में से एक, नॉर्वे शतरंज, 2026 से एक नए दौर में प्रवेश करेगा, क्योंकि यह इवेंट 13 साल बाद स्टावेंजर से ओस्लो में शिफ्ट हो रहा है, जैसा कि नॉर्वे शतरंज द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है।

यह टूर्नामेंट, नॉर्वे शतरंज महिला के साथ, 25 मई से 5 जून तक नॉर्वे की राजधानी में डाइकमैन ब्योर्विका में आयोजित किया जाएगा। 2013 में अपनी शुरुआत के बाद से, स्टावेंजर नॉर्वे शतरंज का स्थाई घर रहा है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज कैलेंडर पर एक प्रमुख स्थान बनाने में मदद की है। आयोजकों ने टूर्नामेंट की पहचान को आकार देने में शहर की भूमिका को स्वीकार किया, विशेष रूप से नॉर्वे शतरंज महिला के लॉन्च का समर्थन करने में, जो समान पुरस्कार राशि और खेलने की स्थिति प्रदान करता है। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और सीईओ केजेल मैडलैंड ने कहा कि नॉर्वे शतरंज आज जो इवेंट है, वह स्टावेंजर में हमें मिले क्रॉस-पार्टी राजनीतिक समर्थन और उदार स्वागत के बिना संभव नहीं होता। हम स्टावेंजर शहर को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं, जो हर कदम पर हमारे साथ खड़ा रहा, खासकर नॉर्वे शतरंज महिला के विकास में, जो समान पुरस्कार शर्तों वाला एक अग्रणी महिला टूर्नामेंट है। हम अपने स्थानीय प्रायोजकों और अविश्वसनीय स्वयंसेवकों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। आप सभी ने मिलकर नॉर्वेजियन खेल इतिहास का एक अध्याय लिखा है। नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे वेस्ट्रे स्कोगा कि हम देश की राजधानी में नॉर्वे शतरंज स्थापित करने में बड़े अवसर देखते हैं। ओस्लो एक अंतर्राष्ट्रीय मिलन स्थल है और यह हमें दर्शकों, भागीदारों और शतरंज के प्रति उत्साही नई पीढ़ियों के बीच और भी व्यापक दर्शकों तक पहुंचने का एक अनूठा अवसर देता है। ओस्लो के ऐतिहासिक सार्वजनिक स्थानों में से एक, डाइकमैन ब्योर्विका, पुरुषों और महिलाओं दोनों के आयोजनों के लिए मुख्य स्थल के रूप में काम करेगा। पुस्तकालय के प्रबंधन ने इस फैसले का स्वागत किया, और एक सांस्कृतिक स्थल के रूप में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला जो विविध गतिविधियों और दर्शकों को एक साथ लाता है।

विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने 2026 संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, और उस टूर्नामेंट के साथ अपना जुड़ाव जारी रखा है।

## जोकोविच ने राओनिक के रिटायरमेंट पर दी भावुक प्रतिक्रिया



● नोवाक जोकोविच ने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी

**मेलबर्न, वार्ता।** मिलोस राओ. निक ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रोफेशनल टेनिस से रिटायरमेंट की घोषणा की।

इस खबर के बाद, नोवाक जो. कोविच ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक दिल को छू लेने वाला मैसेज शेयर किया, जिसमें उन्होंने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी। जोको. विच ने लिखा कि एक शानदार करियर के लिए बधाई। फेलिक्स ऑगर-एलियासिम, जिन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में डबल्स में राओनिकके साथ पार्टनरशिप की थी, उन्होंने भी इंस्टाग्राम पर एक मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अब तक के सबसे महान कनाडाई। आपने कनाडाई टेनिस में जो कुछ भी योगदान दिया, उसके लिए धन्यवाद और व्यक्तिगत तौर पर इतने सालों तक एक शानदार उदाहरण और मेंटर बनने के लिए धन्यवाद। बियांका एंड्रीस्कू, स्टीव नैश, जोस बॉतिस्ता, वेरा वैंग, जॉन इस्नर और जजू बर्ग्स उन सितारों में से थे जिन्होंने इंस्टाग्राम पर राओनिक की रिटायरमेंट पोस्ट पर कमेंट्स में अपने मैसेज शेयर किए। एंड्रीस्कू ने कमेंट किया कि कनाडाई लेजेंड।

# विंडीज ने अफगानिस्तार सीरीज के लिए घोषित की टी-20 टीम



● वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज, 19 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 16 सदस्ईय टीम की घोषणा की है, जो 19 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप की गैरमौजूदगी में ब्रैंडन किग टीम की कप्तानी करेंगे, जो अपने एस ए 20 कमिटमेंट्स के कारण उपलब्ध नहीं हैं। होप उन चार खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस कारण से सीरीज से बाहर हैं, उनके साथ रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151-57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है। अल्जारी जोसेफ, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण भारत में टेस्ट सीरीज से बाहर थे, उन्हें रिहैबिलिटेशन में प्रगति के बावजूद टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि यह फैसला मेडिकल जांच के बाद एहतियात के तौर पर लिया गया है, तेज गेंदबाज को टी-20 विश्व कप के लिए संभावित चयन से पहले निगरानी में रखा जाएगा। वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत रोवमैन पॉवेल को जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड के साथ सीरीज से आराम दिया गया है। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि अफगानिस्तान सीरीज भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास लेंगे हीली



ऐलिसा हीली को 2023 के अंत तक में मेग लेनिग की जगह टीम की कमान दी थी

अब वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलगी, डे नाइट टेस्ट के साथ करियर का अंत करेंगी

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और आठ विश्व कप खिताब जीतने वाली दुनिया की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली, फरवरी-मार्च 2026 में भारत के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगी।

हीली को 2023 के अंत में मेग लेनिग की जगह ऑस्ट्रेलिया का पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया था। वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगी, लेकिन वनडे और फिर 6-9 मार्च को वाका में होने वाले डे-नाइट टेस्ट के साथ अपने करियर का अंत करेंगी। हीली ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा कि यह निर्णय काफी समय से मेरे जेहन में था। पिछले कुछ साल मानसिक रूप से बहुत ज्यादा मुश्किल रहे। कुछ चोटें भी रहीं। मुझे हर बार अपने भीतर जाकर ऊर्जा ढूंढनी पड़ती थी और वापस लौटना मुश्किल हो रहा था। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा जीतना चाहती हूं, मैदान पर खुद को चुनौती देना चाहती हूं। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी है, वह धार कुछ कम हुई है। पूरी नहीं गई है, लेकिन थोड़ी कम हुई है। पिछला डब्ल्यूपीएल मेरे लिए एक तरह से अलर्ट था। तब मैं सुबह उठकर सोचती थी, 'आज एक और मैच' खेलना है। यह बात मुझे हैरान कर गई, क्योंकि मैं हमेशा सोचा करती थी कि मुझे यह खेल बहुत पसंद है। हालांकि संन्यास का विचार उनके मन में आने लगा था, लेकिन घोषणा कुछ देर से हुई। यह भी तय हो गया कि वह 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप तक नहीं खेलेंगी। हीली ने कहा कि उस टूर्नामेंट तक खिचते रहना ष्टीम-साथियों के साथ ठीक नहीं होता। हीली ने कहा कि भारत के खिलाफ यह सीरीज हमारे कैलेंडर की सबसे बड़ी सीरीज में से एक है। घर पर टीम की कप्तानी करते हुए टीम-साथियों और परिवार के बीच करियर समाप्त करना मेरे लिए बहुत खास होगा। भारत में विश्व कप में समाप्त करना भी अच्छा होता, लेकिन घर पर खत्म करना बहुत खास होता है। उन्होंने कहा कि जदिगी सिर्फ क्रिकेट नहीं है, इससे बहुत आगे भी है। मैं इसी नजरिए की वजह से खुद को भाग्यशाली मानती हूं। संन्यास लेना डरावना हो सकता है, लेकिन मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं। मार्च के बाद की जदिगी भी उतनी ही रोमांचक होगी। हीली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में डेब्यू किया था और उन्होंने वनडे में 3500 से अधिक रन बनाए हैं। टी-20 में वह 3054 रन के साथ करियर समाप्त करेंगी, जिसमें नाबाद 148 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। यह पूर्णकालिक देशों में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी सबसे ज्यादा टी-20 खेलने वाली खिलाड़ी हैं और विकेट के पीछे से सबसे ज्यादा टी-20 शिकार का विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला टी-20, जबकि 2013 और 2022 में वनडे विश्व कप जीता। वह 2018 और 2019 में आईसीसी की टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी रहीं। हीली भारत सीरीज की तैयारी के लिए आने वाले हफ्तों में न्यू साउथ वेल्स के लिए डब्ल्यूएनसीएल खेलेंगी, लेकिन डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी सिक्सर्स के लिए उनका आखिरी मैच भी हो चुका है।

## टोबी रैडफोर्ड अफगानिस्तान के बैटिंग कोच नियुक्त



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने टोबी रैडफोर्ड को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए बैटिंग कोच नियुक्त किया है। रैडफोर्ड बैटिंग कोच के तौर पर एंड्रयू पुटिक की जगह लेंगे और उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी 20 सीरीज से पहले टीम में शामिल होंगे। एसीबी ने रॉबर्ट को नया स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिग ट्रेनर भी नियुक्त किया है और वह भी भारत व श्रीलंका में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप से पहले टीम की आखिरी टी-20 सीरीज से पूर्व टीम में शामिल होंगे। दोनों को एक साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। अफगानिस्तान वेस्टइंडीज के साथ तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा, जिसके मैच 19, 21 और 22 जनवरी को दुबई में होने हैं। रैडफोर्ड एक जाने-माने वेल्श क्रिकेट कोच और पूर्व फर्स्ट-क्लास क्रिकेटर हैं, जिन्होंने मिडलसेक्स और ससेक्स के लिए खेला है और उन्हें ईसीबी लेवल 4 सर्टिफाइड कोच के तौर पर अपनी विशेषज्ञता के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता है और वह इस भूमिका में एक व्यापक कोचिग पोर्टफोलियो लेकर आए हैं। रैडफोर्ड, जो वर्तमान में ढाका कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे हैं, ने पीसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर (2022-2024) के लिए बैटिग कोच के रूप में काम किया और इससे पहले बीसीबी (2020-2022) के लिए हाई परफॉर्मेंस के प्रमुख के रूप में काम किया।

# सफलता, धैर्य और वर्षो के अनदेखे प्रयास पर बनती है: अमन



● अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एकदिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में परंपरा और आधुनिक खेल महत्वाकांक्षा का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जब ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एक दिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया।

इवेंट के बाद अब सारा ध्यान प्रो रेसलिंग लीग पर है, जो 16 जनवरी से शुरू होने वाली है, जिसमें एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की स्पोर्ट्स शाखा एस्पेक्ट स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली और एपीसीओ इंफ्राटेक के साथ साझेदारी में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल (टीओएमडी) अपना बहुप्रतीक्षित डेब्यू करेगी। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के पदक विजेता, सहरावत ने मुंबई भर के कॉलेज छात्रों और जमीनी स्तर के पहलवानों के साथ बातचीत की, और पारंपरिक अखाड़ा प्रशिक्षण से लेकर दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच तक की अपनी यात्रा साझा की। मुंबई में सुबह-सुबह ट्रेनिग सेशन के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हुए, सहरावत ने बाद में बांद्रा में एक कॉलेज मीट-एंड-ग्रीट के दौरान छात्रों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने युवा एथलीटों और खेल प्रेमियों को संबोधित किया, और इस विचार को मजबूत किया कि कुलीन सफलता अनुशासन, धैर्य और वर्षों के अनदेखे प्रयास पर बनती है। एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की कार्यकारी अध्यक्ष और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल की मालिक, अक्ष कंबोज ने कहा कि एक नई फ्रेंचाइजी के तौर पर, हमारे लिए सही संदेश के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। अमन उस चीज का प्रतीक हैं जिसके लिए हम टीओएमडी को खड़ा करना चाहते हैं, जो कि जमीनी स्तर की ताकत, अनुशासन और प्रक्रिया में विश्वास है। यह दौरा सिर्फ प्रो रेसलिंग लीग में हमारे आगमन की घोषणा करने के बारे में नहीं था, यह यह दिखाने के बारे में था कि हम किस तरह की टीम बना रहे हैं। इस दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक सहरावत का माटुंगा अखाड़े का दौरा था, जहां उन्होंने प्रशिक्षण मुकाबलों को देखा, युवा पहलवानों के साथ करीब से बात. चीत की, और उस प्रशिक्षण माहौल में कदम रखा जो भारतीय कुश्ती की जमीनी संस्कृति को परिभाषित करता है। एक ओलंपिक पदक विजेता की उसी मिट्टी पर खड़े होने की तस्वीर, जहां भविष्य के पहलवान प्रशिक्षण लेते हैं, ने खेल की भावना और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल जिस लोकाचार का निर्माण कर रहे हैं, उसे दर्शाया। टाइगर्स इस सीजन में एक नई फेंचाइजी के रूप में स्पष्ट इरादे के साथ प्रो रेसलिग लीग में प्रवेश कर रहे हैं, उन्होंने 2026 की नीलामी में सहरावत को 51 लाख रुपये में हासिल किया है, जिससे वह लीग में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले भारतीय पहलवानों में से एक बन गए हैं और टीम के डेब्यू अभियान की आधारशिला हैं। सहरावत कहा कि प्रो रेसलिंग लीग के पहले सीजन में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल को रिप्रेजेंट करना रोमांचक है, और मैं चाहता हूं कि युवा पहलवान यह विश्वास करें कि उनका रोजाना का संघर्ष मायने रखता है। प्रो रेसलिंग लीग 16 जनवरी को शुरू होने वाली है, और सहरावत के मुंबई टूर ने टीओएमडी के पहले सीजन के लिए मंच तैयार करने में मदद की है, जिससे शुरुआती चर्चा हुई है और फेंचाइजी को एक ऐसी फ्रेंचाइजी के रूप में रेखांकित किया गया है जो परंपरा में निहित है, फिर भी प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता पर दृढ़ता से केंद्रित है।

## बोनस-पॉइंट जीत से प्रिटोरिया कैपिटल्स टॉप पर

**सेंचुरियन, वार्ता।** प्रिटोरिया कैपिटल्स एमआई केप टाउन पर 53 रन की बोनस-पॉइंट जीत के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई, यह उनकी लगातार तीसरी जीत थी। इस हार से एमआई सीटी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे आ गई और प्लेऑफ में पहुंचने की सभी उम्मीदें खत्म हो गईं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कैपिटल्स ने अच्छी शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में सिर्फ 41 रन बनाए।

कॉनर एस्टरहुइजन ने ट्रेंट बोल्ट के दूसरे ओवर में तीन चौके लगाकर शुरुआत की, जबकि शाई होप ने तीसरे ओवर में लिडे की गेंद पर छक्का लगाया। हालांकि, बाएं हाथ के स्पिनर ने तुरंत वापसी करते हुए अगली ही गेंद पर होप को आउट कर दिया। एस्टरहुइजन अपनी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए और पांचवें ओवर में कगिसो रबाडा की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# 11 पदों के लिए उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल

## सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में दल बल के साथ पहुंचे दोनो गुटों के प्रत्याशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए आज 11 पदों के लिए 23 उम्मीदवारों ने नामांकन ने अपने-अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किये।

आज दीवानी न्यायालय के बार संघ के कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी सत्यपाल सैनी के सम्मुख सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किया इस दौरान उम्मीदवारों में भारी उत्साह देखने को मिला। प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच एवं जागरूक अधिवक्ता मंच गठबंधन के उम्मीदवार अध्यक्ष पद पर रवीश कुमार महेश्वरी, वरिष्ठ उपाध्याय पद रेखा रानी पुंडीर कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बाबूराम महासचिव पद पर पालम राणा सहसचिव पद पर श्रीमती प्रवेश फैसल कोषाध्यक्ष पद पर गौरव दीक्षित सीनियर गवर्निंग कौंसिल पद पर समय सिंह दिलीप



सेठ जूनियर गवर्निंग काउंसिल पद पर अंकित चौधरी नैन कुमार अपना भाग्य आजमा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया इनके अलावा सहसं. चव पद पर निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद साकिब ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया।

बीएसपी गुट के उम्मीदवार अध्यक्ष पद पर राहुल त्यागी, वरिष्ठ उपाध्याय पद भोपाल सिंह पुंडीर कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सौरभ जैन महासचिव पद पर सत्येंद्र वर्मा सहसं. चव पद पर सचिन सैनी अनीता रानी कोषाध्यक्ष पद पर यशपाल सिंह सीनियर गवर्निंग कौंसिल पद पर मंजर काजमी रवि दत्त शर्मा जूनियर गवर्निंग काउंसिल पद पर फोजिया फरहत बिट्टू सहगल ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान बीएसपी गुट की ओर से



बिशम्बर सिंह पुण्डीर, अमरीश पुण्डीर, अभय सैनी आदि मौजूद रहे।

प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच एवं जागरूक अधिवक्ता मंच गठबंधन की ओर से चौ. रणधीर सिंह, अशोक कुमार पुण्डीर, प्रदीप मित्तल, चौ. जानिसार, महेश गुप्ता, सिद्धार्थ शंकर त्यागी, आदित्य सिंह पुण्डीर, आदित्य अंगीरस, मुनव्वर अली खान, अशोक पोसवाल, जमाल साबरी, अजय शर्मा, विक्रम सैनी, बाबूराम, सुरेश गौतम, जयवीर सिंह, आमिर खान, धमेन्द्र सिंह, सतीश चौधरी, संजय वर्मा, अंकुर सहगल, विनोद सिद्धार्थ, प्रदीप शर्मा, देवेन्द्र चौधरी, अरविन्द आर्य, स. राजेन्द्र पाल सिंह, माया शर्मा, अनीता शर्मा, रूमन लाम्बा, संदीप पंवार, अरूण चौधरी, सूरज प्रकाश आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सिविल कोर्ट में मनाया लोहडी पर्व



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला व सत्र न्यायालय परिसर में आज सिक्ख पंजाबी समुदाय द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी लोहड़ी का कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू बिशंबर सिंह पुंडीर द्वारा किया गया। बाबू बिशंबर सिंह पुंडीर द्वारा सभी अधिवक्ताओं को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए उनसे आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई।

बार संघ के अध्यक्ष अभय सैनी व सचिव अजय कौशिक ने कहा कि लोहड़ी पर हम सब प्रेम और भाईचारे का पैगाम देते है अमरीश पुंडीर और राजीव गुप्ता ने भी सभी को लोहड़ी की बधाई दी।

इस अवसर पर चंद्र जीत सिंह निक्कू अनिल जुनेजा अनुराग गुप्ता वीरेंद्र सिंह राजेंद्र चौहान राहुल त्यागी सतेंद्र वर्मा किरन चोपड़ा मनजीत गोल्डी अमनप्रीत सिंह सुरजीत सिंह जपजीत छाबड़ा मुन्नवर आफताब नितिन शर्मा सवराज सिंह शैंडी पुंडीर निशांत त्यागी हरमिंदर ग्रोवर आदि ने मिलकर सभी अधिवक्ताओं को मूंगफली रेवड़ी का प्रशाद वितरण किया।

# बदसलूकी का आरोपी नेता राहुल पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस से बदसल. ूकी करना किसान नेता को भारी पड़ा। पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बदसलूकी करने वाले आरोपी को कानून का सबक सिखाया।

मामला थाना जनकपुरी क्षेत्र का है, जहां का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में किसान नेता राहुल शर्मा लंगड़ाते हुए चलता नजर आ रहा है। अपने कृत्य को लेकर गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि राहुल शर्मा किसान यूनियन बेदी के अध्यक्ष राहुल बेदी का करीबी है। राहुल शर्मा को राहुल बेदी का खास आदमी बताया जा रहा है। कुछ दिन पहले जनता रोड पर 112 पर तैनात पुलिसकर्मी राहुल के साथ राहुल शर्मा ने खुलेआम बदसलूकी की थी। अपने साथियों के फोन आने के बाद



राहुल शर्मा मौके पर पहुंचा था। मौके पर मौजूद 112 पुलिसकर्मी से अभद्र व्यवहार किया गया था। इस पूरी घटना का वीडियो राहुल शर्मा ने खुद ही वायरल किया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया।

पीड़ित पुलिसकर्मी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# मेयर व नगर आयुक्त ने देखा मशीन का डेमो

## महानगर के पर्यावरण संरक्षण में जुडा नया अध्याय, सड़क और पार्कों में ऊंचे पेड़ों की मशीन से होगी सफाई-धुलाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आने वाले दिनों में नगर निगम द्वारा सड़क किनारे और पार्कों में ऊंचे पेड़ों की सफाई और धुलाई एक फैंटम सुपर कोलॉजी यूरा. ेपीय मशीन के जरिये की जायेगी, ताकि पत्तियों और तनों पर मौजूद स्टोमेटा (सूक्ष्म छिद्रों) से मंदगी और प्रदूषकों को हटाकर पेड़ों को और अधिक ऑक्सीजन वातावरण में छोड़ने लायक बनाया जाए। इस मशीन से सड़कों और फुटपाथों तथा निर्माण स्थलों पर उच्च मात्रा वाले जल के छिड़काव से धूल के कणों को भी कम किया जा सकता है।

दिल्ली की एक कंपनी द्वारा फैंटम सुपर कोलॉजी यूरोपीय मशीन का आज यहां गैराज परिसर में डेमो



दिखाया गया। कंपनी के डायरेक्टर पंकज अरोड़ा ने डेमो के दौरान महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि व मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार को बताया कि यह मशीन पर्यावरण संरक्षण के लिए वरदान साबित हुई है। यह पौध संरक्षण उत्पादों के उपयोग की नवीन विधियों में विश्व स्तर पर प्रचारित और प्रसा. रित है।

अरोड़ा ने बताया कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण के कारण शुष्क और गर्म हो चुके क्षेत्रों, विशेषकर लाल बत्ती वाले स्थानों और धीमी गति वाले यातायात क्षेत्रों में नमी बनाये रखने में भी यह मशीन बहुत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मक्खी-मच्छरों, ततैयों, टिड्डियों आदि के नियंत्रण के लिए किये जाने वाले छिड़काव तथा कम्पोस्टिंग केंद्रों, कूड़ा डम्पिंग स्थलों, कूडेध्दानों आदि में भी दुर्गन्ध का उपचार करने में भी इसका उपयोग किया जा सकता है।

महापौर व नगरायुक्त के पूछे जाने पर उन्होंने मशीन की अन्य उपयोगिताओं की जानकारी देते हुए मशीन के तकनीकी उपयोग आदि के सम्बंध में भी जानकारी दी। नगरायुक्त ने गैराज विभाग को स्वास्थय विभाग से परामर्श कर मशीन के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं। डेमो के दौरान गैराज प्रभारी राजीव चौधरी, एई स्वप्निल जैन व मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल तथा सफाई निरीक्षक अमित तोमर आदि भी मौजूद रहे।

# व्यवसायिक निर्माण सील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसडीए ने जोन-2 के अंतर्गत रायवाला क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया गया।

रायवाला निसार रोड पर फैशन गैलरी के समीप भोलू नामक व्यक्ति द्वारा लगभग 126 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में बिना अनुमति के निर्माण कार्य कराया जा रहा था। टीम ने पाया कि भूतल पर लिंटल लेवल तक व्यावसायिक निर्माण पूर्ण कर लिया गया था और प्रथम तल पर निर्माण कार्य प्रगति पर था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर निर्माणाधीन स्थल को सील कर दिया। कार्रवाई में सहायक अभियंता अम्बरीश कुमार, अवर अभियंता धर्मवीर सिंह बंसल, मेट सुभाष व कर्मवीर शामिल रहे।

# पुलिस ने ग्राम नानका में लगाई चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के महिला शिकायत प्रकोष्ठ परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी इंस्पेक्टर बबीता तोमर महिला उपनिरीक्षक रुचि, तथा मिशन शक्ति टीम फतेहपुर की सदस्य महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर, महिला कांस्टेबल प्रीति चौधरी, महिला कांस्टेबल शिवानी और होमगार्ड जवान सुमित ने ग्राम ननका में एक चौपाल का आयोजन किया।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चल रहे 100 दिवसीय बाल विवाह जागरूकता अभियान और मिशन शक्ति योजना के बारे में ग्रामीण बालिकाओं तथा महिलाओं को जागरूक करना था। केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित इस राष्ट्रीय अभियान के तहत बाल विवाह को सामाजिक कुरीति मानते हुए इसे जड़ से समाप्त करने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के माध्यम से समाज में बाल विवाह के खिलाफ शून्य सहनशीलता की भावना विकसित करने, लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं को शपथ दिलाई गई कि वे बाल विवाह की किसी भी घटना को रोकने और रिपोर्ट करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

# नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोबाइल से किसी से बात करने के शक में पति ने गला दबाकर नवविवाहिता पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों की शादी डेढ माह पूर्व ही हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।



थाना बेहट क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी नाथीराम की बेटी राधा की शादी करीब डेढ़ महीने पहले कोतवाली देहात के गांव सलेमपुर भूकड़ी निवासी सुजीत के साथ हुई थी। नाथीराम ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से ही उसे परेशान कर रहे थे। वह दहेज में कार व ढाई लाख रुपये की मांग कर रहे थे। बृहस्पतिवार को राधा संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली थी। तब सुजीत ने फोन कर बताया था कि राधा को हार्टअटैक आया है। पिता नाथीराम और अन्य परिजन सलेमपुर भूकड़ी पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई थी। उसके गले पर चोट के निशान थे। परिजनों ने तभी गला दबाकर हत्या की आशंका जताई और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस आरोपी पति को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कोतवाली देहात प्रभारी सुनील नागर के अनुसार पूछताछ में सुजीत ने बताया कि पत्नी मोबाइल पर किसी से बात करती थी, जिससे उसने मोबाइल छीन लिया था। इसके बाद दोनों का झगड़ा हुआ और सुजीत ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि भी हुई है।

# जीएसटी चोरी का बड़ा खुलासा, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार पुलिस व यूपी एसटीएफ की संयुक्त टीम ने ने जीएसटी चोरी करने के मामले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात मोबाइल, एक चेकबुक, एक पेनकार्ड व एक लैपटॉप बरामद कर लिया।

पुलिस लाईन सभागार में सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर बाजार पुलिस ने कोतवाली प्रभारी कपिली देव, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक जयवीर सिंह व उपमन. रीक्षक अमरीश कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर जीएसटी चोरी के मामले में शामिल दो आरोपियों



मोहम्मद शादाब पुत्र भूरेखान निवासी शालीमार गार्डन साहिबाबाद थाना शालीमार गार्डर जनपद गाजियाबाद व मोहम्मद आलम पुत्र मो. रफीक निवासी विलेज खेड़ा नियर स्वामी दयानंद हॉस्पिटल शाहदरा दिल्ली वर्तमान पता फारूखनगर असालतपुर लोनी गाजियाबाद को शालीमार गार्डन से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 मोबाइल फोन, एक पेन कार्ड, एक चेकबुक व एक लैपटॉप बरामद कर लिया।

एएसपी श्री यादव ने बताया कि दबोचे गए आरोपी मोहम्मद आलम ने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में बताया कि मैंने 2023 में मोहसिन की तीन फर्मों की अपने साथी शादाब के साथ मिलकर बिलिंग की थी। बाद में हम दोनों ने मोहसिन की बोगस फर्मों की बिलिंग कर उनका डेटा शादाब के व्हाट्सएप नम्बर से भेज देते थे। आरोपी ने बताया कि शादाब द्वारा पांच माह पहले एक ऑफिस गाजियाबाद में खोला गया था। दोनों आरोपियों ने बताया कि हम दोनों ने जाली दस्तावेजों का प्रयोग कर बोगस फर्मे रजिस्टर्ड की थी जिनके करोड़ों रूपए के फर्जी बिल बनाकर जीएसटी चोरी की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# मिलजुलकर मनाएं त्यौहार:धीरज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब इकाई ने लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

मंगलवार शाम को कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रूप से अग्नि प्रज्ज्वलित कर लोहड़ी पूजन कर लोगों में तिल, गुड़, रेहवड़ी एवं मूंगफली वित. रित की गई। इस दौरान नगरीय इकाई के संरक्षक चौधरी धीरज सिंह ने कहा कि सभी त्यौहार हमे आपस मे मिल जुलकर खुशियां बांटने का संदेश देते है।



हम सभी को एक दूसरे के त्यौहारों को आपस में मिल जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों को मिल जुलकर मनाने से जहां आपसी भाई चारा बढ़ता है वहीं सर्वधर्म एकता को भी बल मिलता है। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब की नगरीय इकाई के अध्यक्ष शिवनन्दन शर्मा, कोषाध्यक्ष जगपाल उपाध्याय, सदस्य एम एस सोनू कुरैश, तहरीर अब्बास नकवी, प्रगतिशील सैनी सभा से आशू सैनी सहित गौरव गुप्ता, आकाश काशी, आफताब गौरी, गुलशन, सरफराज अली, हाजी हफीजुर्रहमान तथा अजय सैनी, मुस्तकीम अंसारी, सैफ मलिक, साजिद गौर आदि लोग मौजूद रहे।

## भिड़ंत में युवक गंभीर

**चिलकाना।** सुल्तानपुर गंदेवड मार्ग पर गांव धौलाहेड़ी के निकट एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मोटरसाइकिल में दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव शेरपुर पेलो निवासी नदीम पुत्र दिलशाद गांव के ही अपने साथी अकबर के साथ चिलकाना क्षेत्र के गांव दुमझेडा में स्थित अपने मामा के घर आया हुआ था। मंगलवार को जब वह गांव दुमझेडा से अपने गांव वापस लौट रहा था, तो गांव धौलाहेड़ी के निकट उनकी मोटरसाइकिल में पीछे से आ रहा दूसरी मोटरसाइकिल सवार टक्कर मार कर फरार हो गया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि नदीम गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जनसुनवाई में आए केवल दो फरियादी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शीत लहर और कड़कड़ती ठंड का प्रकोप आज जनसुनवाई पर भी दिखायी दिया। जनसुनवाई में केवल दो समस्याएं पहुंची। नगरायुक्त ने दोनों समस्याओं के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियो को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

कडाके की ठंड और शीत लहर के चलते लोग आज जनसुनवाई में भी नहीं पहुंचे। जनसुनवाई में आज केवल दो समस्याएं पहुंची। वार्ड 55 कृपा विहार कॉलोनी निवासी सचिन अरोड़ा ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके अलावा वार्ड 06 वर्धमान



कॉलोनी निवासी दानिश ने कॉलोनी के खाली प्लाट में जलभराव की स्थिति से अवगत कराते हुए निकासी के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने गैराज प्रभारी को निरीक्षण कर जलभराव निकासी समस्या का निवारण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय तथा महाप्र. बंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## चार आरोपी दबोचे

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने युवक के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सचिन बिलाल पुत्र मामू निवासी पंजाबी बाग थाना सदर बाजार ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। उपनिरीक्षक शिवराज तोमर के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए चार वांछित आरोपियों सागर पुत्र मेसोराम निवासी मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती थाना मंडी, अमन उर्फ काक्का पुत्र बिट्टू व राज. कुमार पुत्र सोमप्रकाश निवासीगण नुमाईश कैप वाल्मीकि बस्ती थाना कोतवाली नगर, शक्ति उर्फ शानू पुत्र रामसिंह निवासी शांति नगर थाना जनकपुरी को पकड लिया।

# भूजल रिचार्ज की दी तकनीकी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जल संचय जन भागीदारी जेएसजेबी 2.0 में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में श्री जगदम्बा प्रसाद साइंटिस्ट- डी केन्द्रीय भूजल बोर्ड लखनऊ द्वारा जनपद में भूजल रिचार्ज के तकनीकी सहयोग हेतु नामित नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागो के साथ बैठक की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे भूगर्भ रिचार्ज के सम्बन्ध में प्रगति की समीक्षा की गई। जनपद में भूजल रिचार्ज के सम्बन्ध में शिवा. लिक द्वारा बनाये गये कच्चा हॉल, स्पूर, एनिकट, वूड चौकडेम, गली प्लग, लघु सिंचाई द्वारा रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं तालाब जीर्णोद्धार, भूमि संरक्षण द्वारा बन्धी निर्माण व लेवलिंग एवं खेत तालाब



का निर्माण कराया जा रहा है तथा लघु सिचाई विभाग द्वारा बनाये जा रहे रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की डिजाइन एवं ड्राईग की स्वीकृति भूगर्भ जल विभाग से कराने का सुझाव दिया गया। जनपद सहारनपुर में भूजल रिचार्ज से सम्बन्धित विभागो द्वारा किये गये कार्यो (लगभग 10000) को पोर्टल पर अपडेट करने हेतु तकनीकी अधिकारी द्वारा निर्देष दिये गये है जिसमें अन्तर्गत पूर्व में बनाये गये स्ट्रकचर का मरम्मत एवं रखरखाव को भी पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग श्री प्रणय कृष्ण, सहायक अभियन्ता विकास प्राधिकारण, अधिशासी अभियन्ता आवास विकास, क्षेत्रीय वन अधिकारी शिवालिक, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण शहरी) एवं अन्य जनपद के अधिकारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सेना प्रमुख की सफाई

भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। कई मामलों पर उन्होंने चेताया भी साथ ही देश को पूरी तरह आश्वस्त भी किया कि देश सुरक्षित हाथों में है और सुरक्षा को लेकर कोई बड़ी चिंता करने की बात नहीं है। उन्होंने जहां ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह सफल बताया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह भारत की योजन के अनुसार चला और जो भारत के लक्ष्य थे, उनको केवल 22 मिनट के भीतर ही पूरा कर लिया गया, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभी पाक की तरफ से नापाक हरकतें कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं। उनका कहना था कि नियंत्रण रेखा के पास अभी भी आठ से दस आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। उनके अनुसार संतोष की बात यह है कि आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है। हालांकि उन्होंने माना कि जम्मू कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। चीन के संबंध में भी उन्होंने बेबाकी से सवालों के जवाब दिए। सेना प्रमुख के अनुसार उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति नियत बनी हुई है, लेकिन सतर्कता की निरंतर जरूरत है। शक्सगाम पाक के कब्जे वाले कश्मीर में है। चीन वहां निर्माण कर रहा है। द्विवेदी ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि चीन व पाक के बीच 1963 के समझौतों को भारत कभी नहीं मानेगा और यह गैर कानूनी है। अच्छी बात यह है कि भारत और चीन के बीच बातचीत का दौर जारी है। मतलब साफ है कि भारत की सीमाओं पर मिली जुली प्रतिक्रिया देखने में आ रही है और उसका लब्बोलुबाब यही है कि भारत को अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है और वह भारत बरतता भी दिखाई दे रहा है। द्विवेदी ने जिस तरह भारतीय सेना की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया, उससे भी बात समझ में आती है कि भारतीय सेनाएं भलीभांति जानती हैं कि क्षेत्र के स्तर पर उनके सामने किस तरह की चुनौतियां हैं और उसी चुनौतियों के अनुसार वह अपनी ओर से तैयारी भी कर रही है। जैसीकि द्विवेदी ने कहा भी कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के समय दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाक को समझ में आ गया कि अब युद्ध रोकने का समय आ गया है। उनके अनुसार भारतीय सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए तैयार थी पर पाक को इसकी भनक भी लग गई थी। जैसाकि हम जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर चार दिन चला था। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर समय-समय पर कुछ विवादित बातें भी सामने आती रही हैं लेकिन भारतीय सेना प्रमुख की टिप्पणी से अब यह साफ हो गया है कि उन विरोधाभासी बातों में कोई दम नहीं है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम को व्यापक समर्थन



सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए, ऐतिहासिक मनरेगा के स्थान पर वीबी-जी राम जी कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की, देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है। **-केसी वेणुगोपाल, महासचिव, कांग्रेस**

# गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं

रागी एक सर्वश्रेष्ठ अनाज है जो सुनहरे या काले रंग में आता है। यह सरसों के बीज जैसा होता है। एक समय था जब रागी का सेवन मुख्य रूप से ग्रामीणों और गरीब समुदायों द्वारा किया जाता था, लेकिन जैसे-जैसे इसके स्वास्थ्य लाभों को बारे में लोगों को पता चला है तो इसे अमीर लोगों के आहार में भी अपनी जगह बना ली। हालांकि, अब केंद्र सरकार द्वारा बाजरा को बढ़ावा देने के साथ, रागी लगातार महंगी हो गई है, कभी-कभी इसकी कीमत सौ रूपए की हो जाती है।

**रागी में मौजूद हैं कई पोषक तत्व**

रागी कैल्शियम, विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर है और हृदय रोग, डायबिटीज और मांसपेशियों के स्वास्थ्य जैसी स्थितियों के लिए फायदेमंद है। अमेरिकन नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (एनसीबीआई) का शोध कैंसर के खतरों को कम करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला है। आइए आपको रागी के फायदे बताते है।

**रागी के फायदे**

**हड्डियों को मजबूत बनाता है**

रागी में कैल्शियम, जिंक और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और इसके अलावा जीवन में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम हो सकता है।

**डायबिटीज को मैनेज करता**

रागी ग्लूटन-फ्री होता है और इस आहार में फाइबर अधिक मात्रा में होती है। जिससे यह कम ग्लाइसेमिक भोजन बनाता है। एक शोध के मुताबिक रागी के सेवन से ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करता है। रागी में 0.38 प्रतिशत कैल्शियम, 18 प्रतिशत फाइबर और 3 प्रतिशत फेनोलिक यौगिक होते हैं, जो इसे डायबिटीज विरोधी और ट्यूमर विरोधी बनाते हैं।

**कैंसर का खतरा कम होता है**

एनसीबीआई के शोध के अनुसार, रागी में कैंसर से लड़ने गुण होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करता है। अध्ययन में पता चला है कि रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक पेट के कैंसर से लड़ने में मदद करता है। इतना ही नहीं, रागी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व कोशिकाओं से मुक्त कणों को भी कम करता है, इससे ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है, इससे कैंसर कोशिकाओं का बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

**हार्ट को हेल्दी रखता**

हेल्थलाइन के मुताबिक, रागी में मौजूद फाइबर पेट में एक चिपचिपे पदार्थ में बदल जाता है, जो फैट्स के जमाव से जुड़ जाता है। इसके सेवन से बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल का खतरा कम होता जाता है। अध्ययन के मुताबिक रागी के सेवन से ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में मदद करता है।



**एजिंग को दूर करता है**

शोध के मुताबिक, रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक त्वचा को चमकदार बनाता है। इसके अलावा शारीरिक कार्यों को भी तेज करता है। रागी के खाने से उम्र बढ़ने के प्रभावों को भी कम करता है।

डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



## पाचन की समस्याओं को दूर करने के लिए घर पर बनाएं आंवले की गोली

आंवला एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर होता है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने में कारगर साबित हो सकता है। आंवले के सेवन से हेल्थ ठीक रहती है। आंवले का जूस पीने से शरीर हेल्दी है। आंवले को डाइट में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याओं में लाभदायक होता है। आप भी अपने घर पर बेहद आसान तरीके से डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां बनाएं। इसे बच्चे से लेकर बड़े भी खूब खाना पसंद करेंगे।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने के लिए सामग्री**

500 ग्राम आंवला, एक कप गुड़, सेंधा नमक स्वादानुसार, काला नमक एक चम्मच, काली मिर्च पाउडर एक चम्मच, भुना जीरा 1 चम्मच, आधा कप पिसी चीनी, एक चौथाई चम्मच हींग, नींबू का रस।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने की विधि**

इसके लिए आप आंवले को अच्छे से धो लें। इसके बाद कूकर में उबाल लें। उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएं तो आवले की गुठली को निकाल दें। अब आप आंवलों को मिक्सी में डालकर पीस लें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बारीक पीसा हुआ। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल करें। इसके बाद पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। इसके साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी जरुर डालें। धीरे-धीरे मिक्स करते हुए आप इसे भूनें। गैस को धीमा ही रखें फिर अब इसमें सारे मसाले डाल दें। भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डाल दें, फिर इसे अच्छे से भूनें। आप इसे जब तक चलाएं कि ए गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा हो जाए तो इकट्ठा तो गैस को बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें। प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें। तैयार है आंवले की गोली।

# बजट है कम और चाहते हैं घूमना तो यहां जरूर जाएं

**सोलन हिमाचल प्रदेश में स्थित एक छोटा और सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन है। पर्यटकों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है। चौल में एक जगह है साधुपुल। इस जगह की खास बात है कि यहां आप छोटी सी नदी के बीच में टेबल लगाकर नाश्ता कर सकता हूं। जरा सोचिए, बीच नदी में चाय नाश्ता का आनंद ले सकते हैं। परवाणु- हिमाचल प्रदेश का परवाणु गर्मियों में घूमने के लिए अच्छी जगह है। यहां पर काफी शांति मिल जाएगी आपको। देखा जाए तो 760 मीटर की ऊंचाई पर बसा परवाणु हिमालय का प्रवेश द्वार है। यहां आकर आप टिम्बर ट्रेल, फलों के बाग, गुरुद्वारा नाडा साहिब, पिंजोर गार्डन, मंसा देवी मंदिर और कैक्टस गार्डन को देखना बिल्कुल भी मत भूलना। परवाणु जाने के लिए नजदीकी एयरपोर्ट चंडीगढ़ एयरपोर्ट है। वहीं अगर आप ट्रेन से जाना चाहते हैं तो कालका से यहां के लिए आपको ट्रेन मिल सकती है।**

अगर आप भी कम बजट में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो काठमांडू आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह नेपाल के खूबसूरत शहरों की लिस्ट में शामिल है। काठमांडू घूमना अन्य विदेशी लोकेशन के मुकाबले काफी सस्ता है। नेपाल में काठमांडू एक ऐसी जगह है, जहां पर पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है। यहां की फेमस जगहों पर घूमने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। बता दें कि यह जगह इतनी ज्यादा सुंदर है कि आपका यहां पर घंटों रुकने का मन करेगा।

**गार्डन ऑफ ड्रीम्स**

गार्डन ऑफ ड्रीम्स को एक्सप्लोर कर आपको लगेगा कि आप सपनों के बगीचे में पहुंच गए हैं। क्योंकि यहां की खूबसूरती आपका मन मोह लोगी। यह काठमांडू का फेमस पर्यटन स्थल है। अगर आप घूमने के बाद थक गए हैं, तो आपको गार्डन ऑफ ड्रीम्स जरूर जाना चाहिए। यहां की ताजगी आपको तनाव से राहत देने का काम करेगी। बता दें कि इस गार्डन को 1920 के दशक में बनाया गया था।

आप जैसे ही इस उद्यान में प्रवेश करेंगे, तो आपको हरी घास, फव्वारे और रंग-बिरंगे फूलों का नजारा देखने को मिलेगा। जो आपके मन को खुश कर देगा। बता दें कि काठमांडू एक व्यस्त शहर है। ऐसे में आप शांति और सुकून की तलाश में यहां आ सकते हैं।

**तौदाहा झील**

आपको बता दें कि काठमांडू से लगभग 6 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में तौदाहा झील है। यह शांत और मीठे पानी की झील है। यहां की दलदली भूमि और हरी-भरी पहाड़ियां पर्यटकों



को खासी पसंद आती हैं। वहीं अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और फोटोग्राफी आदि का शौक रखते हैं, तो आपको यह जगह जरूर पसंद आएगी।

**पशुपतिनाथ मंदिर**

बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पूरी दुनिया में फेमस है। यह मंदिर काठमांडू शहर के केंद्र से लगभग 5 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। पशुपतिनाथ मंदिर तक आने के लिए आपको टैक्सी, बस या निजी वाहन लेना पड़ेगा। इसके अलावा आप यहां पर स्वयंभू मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह काठमांडू शहर से करीब 2 किमी दूर वेस्ट में स्थित है। इस मंदिर को लोग बंदर मंदिर के नाम से भी जानते हैं। स्वयंभू मंदिर काठमांडू घाटी के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित है। आप बौद्धनाथ मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह नेपाल के सबसे बड़े स्तूपों में से एक है।

## हरियाणा के पिंजौर से एकदम नजदीक हैं ये पांच हिल स्टेशन

इस समय देश के ज्यादातर हिस्सें में गर्मी का कहर बरपा रही है। ऐसे में लोग हिल स्टेशन पर छुट्टियां बिताते हैं। यहां गर्मी से राहत तो मिलती है, साथ ही सुकूं भी बहुत मिलता है। वैसे तो भारत में कई हिल स्टेशन हैं, जहां हर साल लोग घूमने जाते हैं। लेकिन आज हम आपको हरियाणा के पिंजोर के आसपास स्थित हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हिल स्टेशन ऑफबीट हिल स्टेशन की कैटेगरी में आते हैं। बता दें कि पिंजोर हिमाचल प्रदेश के काफी करीब है, यह जगह एक्सप्लोर करना किसी जन्नत से कम नहीं है। पिंजोर से 29 किमी दूर कसौली एक बहुत ही सुंदर जगह है और हिमाचल प्रदेश के सोलन में पड़ती है। ऊंचे पहाड़, घास के मैदान लोगों को भीड़ से दूर सुकून के कुछ पल देते हैं। यहां आप एडवेंचर राइडिंग और रोप वे ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा क्राइस्ट चर्च, सनसेट और मंकी पॉइंट देखने लायक जगह यहां एक हनुमान मंदिर भी है, जिसके बारे में कहा जाता है कि संजीवनी बूटी लाने के लिए हनुमान ने यहां अपना पैर रखा था।

**सोलन**-अगर आप भी पहाड़ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप एक बार सोलन नहीं घूमा, तो इस बार यहां का टूर प्लान जरुर करें। प्राकृतिक नजारों से भरपूर है सोलन। यहां पर एक प्राचीन मंदिर है और कई पर्यटक स्थल है। पिंजोर से 48 किमी दूरी पर बसा सोलन मार्च से नवंबर तक घूमने लायक होता है। यहां पर बॉन मठ, क्राइस्ट चर्च, डगशाई जेल म्यूजियम, कुथार का किला और गिलबर्ट ट्रेल पॉपुलर ट्रेवल डेस्टिनेशन हैं।

# भविष्य की चिंता: क्या यादों को मिटने से टाला जा सकेगा

हमारी याद्दाश्त एकदम पक्की हो, यह तो हम सभी की इच्छा होती है। लेकिन फिर भी हमारे दिमाग से कई बातें बिसर जाती हैं। बिसरना, स्मृति का दूसरा पहलू है जो जीवों को बदलते पर्यावरण के अनुरूप ढलने में मदद करता है। इसलिए स्मृति को पूरी तरह से समझने के लिए उनके बनने के साथ-साथ उनके बिसरने को भी समझने की जरूरत है, जिसके प्रयास वैज्ञानिक करते आए हैं। ऐसे ही एक प्रयास में, तेल अवीव यूनिवर्सिटी के अनुवांशिकीविद ओदेद रेचावी और उनकी एक छात्रा डैना लैंडशाफ्ट बर्लिनर ने गोलकृमि (Caenorhabditis elegans) की अल्पकालिक याद्दाश्त बढ़ाने का प्रयास किया। दरअसल, CA elegans कोई भी नई जानकारी सीखने के दो-तीन घंटे बाद ही उसे भूल जाते हैं। तो, पहले तो शोधकर्ताओं ने कृमियों को उनकी एक पसंदीदा गंध को नापसंद करने के लिए प्रशिक्षित किया।

इसके लिए उन्होंने इस गंध को कृमियों को तब सुंघाया जब वे बहुत देर के भूखे थे। गंध नापसंद करना सीखने के दो घंटे बाद कृमि गंध के साथ बने इस नकारात्मक सम्बंध को भूल जाते थे और गंध की ओर फिर खिंचे चले जाते थे। यानी यदि वे गंध की ओर जाने लगें तो माना गया कि वे नापसंदगी को भूल गए हैं। फिर शोधकर्ताओं ने कृमियों को बर्फ में रखा। पाया कि कम से कम 16 घंटे तक ठंडे में रखने पर कृमियों की गंध सम्बंधी स्मृति बनी रहीं। लेकिन, जैसे ही उन्हें बर्फ से हटाया गया तो उनके स्मृति लोप की घड़ी चालू हो गई और तीन घंटे बाद वे गंध के प्रति अपनी घृणा को भूल गए। एक अन्य



प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कृमियों को पहले रात भर बर्फ में रखा ताकि वे ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित हो जाएं और फिर उन्हें गंध प्रशिक्षण दिया। और इसके बाद उनकी स्मृति बने रहने का समय मापा। वे हमेशा की तरह जल्दी ही गंध को भूल गए थे। एक और प्रयोग में उन्होंने कृमियों के एक समूह को लीथियम औषधि (दरअसल लीथियम का लवण) दी और एक को कंट्रोल के तौर पर रखा। फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है।

उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है, जो ठंड के कारण बढ़ जाती है। जिन कृमियों की कोशिका झिल्ली सामान्य कृमियों की कोशिका झिल्ली से अधिक सख्त थी, उनकी भूलने की दर सामान्य कृमियों की तुलना में धीमी थी, यहां तक कि सामान्य तापमान पर भी। इससे लगता है कि झिल्ली का सख्त होना भूलने को टालता है। ये नतीजे बायोआर्काइव प्रीप्रिंट में प्रकाशित हुए हैं और समकक्ष समीक्षा के मुंतजिर है। स्मृति बनने-बिगड़ने के महत्व के मद्देनजर शोधकर्ता अन्य जीवों पर भी प्रयोग कर रहे हैं।

**-साभार**

**फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है। उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है।**



अनंतनाग। गडोल कोकरनाग इलाके में चल रहे तलाशी अभियान के दौरान पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

### अमेरिकी आपातकालीन सेवाओ को फर्जी कॉल करने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के एक किशोर को अमेरिका में आपातकालीन सेवाओं को कई फर्जी (स्वैटिंग) कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस (एएफपी) ने कहा कि उसने अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) से एक ऑनलाइन आपराधिक नेटवर्क के ऑस्ट्रेलियाई सदस्य के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू की, जिस पर प्रमुख संस्थानों की स्वैटिंग से जुड़े होने का संदेह था। जांच के परिणामस्वरूप 18 दिसम्बर, 2025 को एनएसडब्लयू के एक घर में तलाशी वारंट जारी किया गया और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक प्रतिबंधित हथियार जब्त किया गया।

# अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

## अमेरिका को 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, 300 सालों से यह डेनमार्क का हिस्सा



- यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है: एक्सपर्ट्स
- यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी, अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ग्रीनलैंड पर पिछले 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने बिल पेश करने के बाद सोशल मीडिया पर यह पोस्टर शेयर किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रम्प के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया। वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगभग एक साल पहले पदभार संभालने के बाद से अब तक एक लाख से अधिक वीजा रद्द किए जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। विभाग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रद्द किए गए वीजा में लगभग 8000 छात्रों के वीजा और 2500 स्पेशल वीजा उन लोगों के शामिल हैं जिनका आपराधिक गतिविधि लिप्त होने पर अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सामना हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए इन गुंडों को निर्वासित करते रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर वीजा उन व्यापार और पर्यटक यात्रियों के रद्द किए गए जिन्होंने अपने वीजा की अवधि से ज्यादा समय तक देश में बिताया था। रद्द किए गए वीजा में से लगभग 8000 छात्रों के वीजा है, क्योंकि प्रशासन ने हाल के महीनों में छात्र वीजा की जांच बढ़ा दी है। मंत्रालय ने कहा कि इससे पहले 2025 में अमेरिकी सरकार ने कुछ सोशल मीडिया स्क्रीनिंग की शर्तें लागू की थीं, जिनका मुख्य उद्देश्य उन छात्रों को वापस भेजना था जिन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है। विभाग ने मई के आखिर में दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावास विभाग को छात्र वीजा आवेदकों के लिए नए साक्षात्कार रोकने का आदेश दिया। जून में, विभाग ने अपने राजनयिक मिशनों को छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी विदेशियों के सोशल मीडिया और ऑनलाइन मौजूदगी की जांच करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि विस्तारित आव्रजन प्रवर्तन केवल छात्र वीजा तक सीमित नहीं है। अगस्त में, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि वह 5.5 करोड़ से अधिक अमेरिकी वीजा धारकों के रिकॉर्ड की समीक्षा कर रहा है, ताकि निर्वासन योग्य किसी भी उल्लंघनकर्ता की पहचान की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### रोड्रिगेज ने ईयू, स्विस ब्रिटेन के राजयनिकों से मुलाकात की

**काराकास।** वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन के राजनयिकों से मुलाकात की है। विदेश मंत्री इवान गिल ने यह जानकारी दी है। गिल ने बातचीत को 'स्पष्ट' बताते हुए कहा कि हिस्सा लेने वालों ने आपसी रिश्तों की स्थिति की समीक्षा की और एक अच्छे रिश्ते को आगे बढ़ाने और गहरी बातचीत की अहमियत पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि रोड्रिगेज का संदेश साफ था, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों के सम्मान और बराबरी के फ्रेमवर्क के अंदर हम लोगों की भलाई के लिए एक नया एजेंडा आगे बढ़ाने को तैयार हैं।

### जॉर्जिया के पूर्व पीएम को धनशोधन मामले में पांच साल की सजा

**त्बिलिसी।** जॉर्जिया के पूर्व प्रधानमंत्री इराकली गैरीबाशविली को धनशोधन के आरोप में पांच साल जेल और दस लाख जॉर्जियन लारी (लगभग 370000 अमेरिकी डॉलर) जुर्माने की सजा दी गई है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। जॉर्जिया के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि गैरीबाशविली ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और समझौते की शर्तों पर सहमत हो गए, जिन्हें बाद में अदालत ने बरकरार रखा। उनकी आपराधिक गतिविधियों और उनके घर की तलाशी के दौरान जब्त किए गए धन को सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा।

### सोमालिया ने अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता खत्म किया

**मोगादिशु।** सोमालिया ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता समाप्त कर दिया है। सोमालिया समाचार पोर्टल 'द अखबार' ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। पिछले सप्ताह यमन में सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' के पूर्व नेता ऐदारस अल-जुबैदी को सोमालिया के रास्ते यमन से भागने में मदद की थी। इस घटना की जानकारी सोमालिया को नहीं दी गई थी।

### मध्य फिलीपींस में लैंडफिल ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में एक विशाल मलबा ढेर (लैंडफिल) ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, जबकि बचावकर्मी मंगलवार को लापता अन्य 25 श्रमिकों की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सेबू शहर के मेयर नेस्टर आर्चीवल ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि सभी 18 जीवित बचे लोग घायल हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है।

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने लगाया 40% शुल्क

## ट्रम्प ने दोहराया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, कहा: यह आदेश अंतिम और निर्णायक



- कहा: जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं
- रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ईरान के साथ कारोबार जारी रखने वाले देशों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह घोषणा ऐसे समय में की जब ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट में दोहराया कि यह फैसला 'तत्काल प्रभाव से' लागू होगा और इस बात पर जोर दिया कि यह 'आदेश अंतिम और निर्णायक है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ व्यापार कर रहा है उस देश पर यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अमेरिका के साथ किए जाने वाले किसी भी और सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। ट्रम्प लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि यदि देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहे तो अमेरिका को ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस बीच उन्होंने यह भी खुलासा किया कि तेहरान ने बातचीत के लिए अमेरिका से संपर्क किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान बातचीत चाहता है, तो ट्रम्प ने कहा कि हां, वे चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने कल बातचीत के लिए फोन किया। ईरान के नेताओं ने फोन किया। वे बातचीत करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वे अमेरिका से थक चुके हैं। ईरान बातचीत चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हालांकि एक बैठक की व्यवस्था की जा रही है लेकिन जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। इस बीच, रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की और इसे ईरान के नेतृत्व को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की दिशा में 'बेहद प्रभावशाली' कदम बताया। ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ट्रम्प, आज आपके कदमों के जरिए इस शासन को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने में आपका निर्णायक नेतृत्व बेहद प्रभावशाली है। प्रदर्शनकारियों के समर्थन और इस शासन को यह स्पष्ट संदेश देने का आपका वादा कि आप हत्याओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे, ने इस कट्टर शासन की स्थापना के बाद से सबसे बड़े जन-आंदोलन को जन्म दिया है। मेरा मानना है कि ईरानी शासन सभी सीमाएं पार करते हुए बड़ी संख्या में अपने ही लोगों को मार रहे हैं और आपके नेतृत्व का धत्ता दिया जा रहा है। अब निर्णायक सैन्य कार्रवाई का समय है। राष्ट्रपति ट्रम्प के इस फैसले का भारत पर भी बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत ईरान के साथ निर्यात और आयात दोनों के माध्यम से महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बनाए हुए है। भारत पहले से ही अमेरिका को अपने निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क का सामना कर रहा है, जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क को अमेरिका भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से जोड़ता है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तीय मदद मिलती है। गौरतलब है कि भारत और ईरान प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं और हाल के वर्षों में भारत, ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल रहा है। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका की ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 646 हो गई है।

### अमेरिका ने अपने नागरिकों से तत्काल ईरान छोड़ने का किया आह्वान

**वॉशिंगटन।** ईरान में अमेरिका के ऑनलाइन दूतावास ने अपने नागरिकों से ईरान से तुरंत बाहर निकलने का आग्रह किया है। पूरे ईरान में इस समय विरोध प्रदर्शन बढ़ने और उनके हिसक रूप लेने पर यह चेतावनी जारी की गई हैं। ऑनलाइन दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि दूतावास ने प्रदर्शनों के कारण गिरफ्तारियां, सड़क अवरोध, परिवहन में बाधा और इंटरनेट सेवा बंद होने की आशंका जताई है। दूतावास ने अमरीकी नागरिकों को आर्मेनिया और तुर्की के रास्ते सड़क मार्ग से ईरान छोड़ने को कहा है। साथ ही बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी-ईरानी दोहरी राष्ट्रीयता वाले नागरिकों को ईरानी पासपोर्ट का उपयोग करके ईरान छोड़ना होगा, क्योंकि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देती। बयान में चेतावनी दी गई कि कि अमेरिकी नागरिक ईरान में पूछताछ, गिरफ्तार और हिरासत में लिए जाने के गंभीर जोखिम में हैं। एयरलाइनों ने ईरान के लिए या वहां से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, और कई सेवाओं को शुक्रवार तक निलंबित कर दिया गया है।

### ब्रिटेन सुरक्षा नहीं दे सका, तो लंदन से वापस बुला लेंगे अपने राजनयिक: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर ब्रिटेन ईरान के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहता है तो ईरान को लंदन में अपने दूतावास के कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अराघची ने सोमवार को एक्स पर कहा कि आज शाम ब्रिटेन के विदेश सचिव के साथ फोन पर बातचीत में मैंने यह साफ कर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दायित्वों के तहत, ब्रिटेन ईरान के लंदन दूतावास और वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है। अगर ब्रिटेन राजनयिक मिशनों की रक्षा करने का अपना कर्तव्य नहीं निभा सकता है, तो ईरान के पास अपने कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ब्रिटेन से ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का भी आग्रह किया, जिसमें न्यूज संगठनों के रूप में काम कर रहे इजरायली समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करना शामिल है।

# दावा: ईरान में अब तक 12 हजार लोगों की हत्या

- ज्यादातर की उम्र 30 साल से कम, जर्मनी बोला: ईरान में सरकार का खेल खत्म

**वाशिंगटन।** ईरान में 12 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या का दावा किया जा रहा है। ईरान से जुड़े मामलों को कवर करने वाली ब्रिटिश वेबसाइट ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया है कि ये हत्याएं पिछले 17 दिनों में हुई हैं। वेबसाइट ने इसे ईरान के आधुनिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा हत्याकांड बताया है।

वहीं रायटर्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से मरने वालों की संख्या 2000 बताई है। वेबसाइट का कहना है कि यह जानकारी कई सोर्सज पर आधारित है। इस डेटा की कई लेवल पर जांच की गई और सख्त प्रोफेशनल स्टैंडर्ड के मुताबिक पुष्टि के बाद ही इसे जारी किया गया। ज्यादातर मारे गए लोग 30 साल से कम उम्र के थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ज्यादातर हत्याएं 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' और 'बसीज फोर्स' ने गोली मारकर की है और ये सब सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के आदेश पर हुआ। दावा किया गया है कि अधिकतर हत्याएं 8 और 9 जनवरी की रात को हुईं। सरकार इंटरनेट और कम्युनिकेशन को ठप कर अपने अपराध दुनिया से छुपा रही है। वहीं भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने मंगलवार को कहा कि ईरान में सरकार का खेल खत्म हो चुका है।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

## 28 साल के आटो ड्राइवर को धर लौटते वक्त मारा चाकू, 23 दिन में 7 हिंदुओं का मर्डर



- रात करीब दो बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणी हिस्से चटगांव डिवीजन के फेनी जिला स्थित दागनभुइयां में रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने 28 साल के हिंदू युवक समीर कुमार दास की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी।

उसका आटोरिक्शा भी लूट लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, समीर रविवार शाम करीब 7 बजे आटोरिक्शा लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 2 बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला। दागनभुइयां थाने के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, समीर की हत्या में देसी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या पहले से प्लानिंग के तहत की गई थी। जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बांग्लादेश में 23 दिनों के दौरान हिंदू की हत्या की ये 7वीं घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। मृतक 40 साल का शरत चक्रवर्ती मणि था। बांग्लादेश के मादारीपुर में मंगलवार को एक हिंदू टीचर पर स्कूल में घुसते समय हमला किया गया। शिक्षक का नाम अनादी बिस्वास है। उन पर हथौड़े से वार किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 35 साल के अनादी बिस्वास को तुरंत गंभीर हालत में मादारीपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। हमले के विरोध में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे स्कूल के शिक्षक और छात्रों ने ह्यूमन चेन बनाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि हमले में शामिल दोनों युवकों को जल्द गिरफ्तार कर सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अस्पताल के डाक्टर अखिल सरकार ने बताया कि अनादी बिस्वास के सिर में गंभीर चोट आई है और उन्हें 6 टांके लगे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वे खतरे से बाहर नहीं हैं। सिर के अलावा शरीर में कोई और बड़ी चोट नहीं मिली है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के दस मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसैनिकों ने मंगलवार सुबह समुद्र में मछली पकड़ते समय तमिलनाडु के 10 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मत्स्य पालन विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विभाग के सूत्रों के अनुसार, जब रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम द्वीप के मछुआरे नेदुनतीवू के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने उनकी नाव जब्त कर ली और आगे की कार्रवाई के लिए सभी मछुआरों को श्रीलंका के जाफना ले गई। मछुआरों की गिरफ्तारियों से तटीय जिलों के मछुआरा समुदाय में काफी नाराजगी है। इसका सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ता है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने मछुआरों की रिहाई के लिए राजनयिक स्तर पर कदम उठाने के लिए कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने इस जटिल समस्या का स्थाई समाधान खोजने के लिए दोनों देशों के मछुआरों के 'संयुक्त कार्य समूह' की बैठक बुलाने की भी मांग की है। इसके बावजूद गिरफ्तारियां जारी रहने से राज्य के मछुआरा समाज में गहरी चिंता पैदा कर दी है। विभिन्न मछुआरा संघों ने मछुआरों की गिरफ्तारी की बार-बार होने वाली घटनाओं की निंदा की है।

# सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 32 की मौत

## चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है



- सिन्नार राज्य सरकार ने आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई

**खार्तूम।** मध्य और दक्षिण सूडान में सोमवार को रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के ड्रोन हमलों में 32 लोग मारे गए एवं 86 अन्य घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सिन्नार के एक सरकारी सूत्र ने बताया कि मध्य सूडान के सिन्नार राज्य के सिन्जा शहर में एक सैन्य शिविर पर आरएसएफ के ड्रोन हमले में कम से कम 27 लोग मारे गए और 73 अन्य घायल हो गए एवं चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एक चश्मदीद ने कहा कि हमले में सूडानी सेना के 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय और पास की बिजली और पानी की सुविधाओं को निशाना बनाया गया था। उन्होंने कहा कि शहर में एक साथ और जोरदार धमाके हुए, साथ ही सूडानी सेना के एंटी-एयरक्राफ्ट फायर की आवाज भी आई और बताया कि घायलों को राज्य के कई अस्पतालों में ले जाया गया। जानकार सूत्रों ने लक्षित की गई जगह की पुष्टि की और कहा कि हमला एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक के दौरान हुआ, जिसमें सिन्नार, व्हाइट नाइल और ब्लू नाइल राज्यों के गवर्नर के साथ ही सैन्य और सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए थे। हमला सीधा बैठक हॉल पर हुआ। सिन्नार राज्य सरकार ने भी एक बयान जारी कर कहा कि सिजा को सोमवार दोपहर आरएसएफ के एक रणनीतिक ड्रोन ने निशाना साधा था और सूडानी सेना के वायु रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को घेर लिया। बयान में आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई। इस बीच, आरएसएफ कमांडर के सलाहकार एल बाशा ताबिग ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय पर हमले कोई अलग घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि जो हुआ वह सैन्य नेतृत्व और युद्ध जारी रखने का समर्थन करने वालों को एक सीधा संदेश देता है और आने वाले समय में और बढ़ने की धमकी दी। इस बीच, स्वयंसेवी डॉक्टरों और चश्मदीदों ने कहा कि सोमवार को सूडान के दक्षिणी कोर्डोफन राज्य के एक बाजार में ड्रोन हमले में पांच नागरिक लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए। एक स्वयंसेवी समूह, सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि सुबह का हमला अल-जिबल अल-सिट्टा (सिक्स माउंटेंस) इलाके में करतला बाजार को लक्ष्य करके किया गया था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर